VPL

वर्ष 17 अंक 316
पृष्ठ 12
नई दिल्ली, रविवार
24 अगस्त 2025
मूल्य: 4 रुपये

# नेशनल एक्सप्रेस

हर खबर समय पर



nationalexpressindia | nationalexpressindia | www.nationalexpress.co.in

DELHIN/ 2015 / 65411
डाक पंजीयन सं. -DL(S)-17/3531/2018-20

03 दिल्ली पुलिस ने गैंगवार की साजिश नाकाम करते हुए बवाना में... | 06 कुत्ते : जाएँ तो जाएँ कहाँ!* ऋषभदेव शर्मा | 11 रोहित शर्मा लैम्बॉर्गिनी चलाते हुए मुंबई के ट्रैफिक में फंसे










# अगला कदम अंतरिक्ष का गहन अन्वेषण है, इसके लिए तैयार रहें: प्रधानमंत्री मोदी


नयी दिल्ली, (भाषा) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को अंतरिक्ष वैज्ञानिकों से मानवता के उज्ज्वल भविष्य से जुड़े रहस्यों से पर्दा उठाने के लिए एक गहन अंतरिक्ष अन्वेषण मिशन की तैयारी करने का आह्वान किया।

राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर एक वीडियो संबोधन में मोदी ने घोषणा की कि भारत भविष्य के मिशनों के लिए अंतरिक्ष यात्रियों का एक समूह बनाने की तैयारी कर रहा है और उन्होंने युवाओं से इस समूह का हिस्सा बनने का आग्रह किया।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, '' हम चंद्रमा और मंगल तक पहुंच चुके हैं। अब हमें गहरे अंतरिक्ष में झांकना है, जहां मानवता के भविष्य के लिए लाभकारी कई रहस्य छिपे हुए हैं।''

मोदी ने कहा कि अंतरिक्ष क्षेत्र में एक के बाद दूसरी उपलब्धि हासिल करना अब भारत और उसके वैज्ञानिकों की स्वाभाविक विशेषता बन गई है।

प्रधानमंत्री ने देश भर के अंतरिक्ष वैज्ञानिकों, छात्रों और नीति निर्माताओं को संबोधित करते हुए कहा, '' हमारा क्षितिज आकाशगंगाओं से भी परे है। अनंत ब्रह्मांड हमें बताता है कि कोई भी सीमा अंतिम सीमा नहीं है और अंतरिक्ष के क्षेत्र में भी, नीतिगत स्तर पर कोई अंतिम सीमा नहीं होनी चाहिए।''




## 'नए भारत' को अंतरिक्ष के शिखर पर स्थापित करने के लिए महान वैज्ञानिकों का अभिनंदन: आदित्यनाथ

लखनऊ, (भाषा) उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के मौके पर बधाई देते हुए कहा कि 'नए भारत' को अंतरिक्ष के शिखर पर स्थापित करने के लिए महान वैज्ञानिकों का अभिनंदन है। योगी आदित्यनाथ ने 'एक्स' पर कहा, ''आज ही के दिन वर्ष २०२३ में हमारे महान वैज्ञानिकों ने भारत के गौरव 'चंद्रयान-३' की चंद्रमा पर 'सॉफ्ट लैंडिंग' कराकर वैश्विक अंतरिक्ष इतिहास में एक अमिट छाप छोड़ी थी। यह मिशन 'नए भारत' के असीम सामर्थ्य का प्रतीक है।''

उन्होंने कहा कि भारत विद्युत प्रणोदन और अर्ध-क्रायोजेनिक इंजन जैसी महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में प्रगति कर रहा है। उन्होंने कहा, '' आप वैज्ञानिकों की कड़ी मेहनत की बदौलत, भारत जल्द ही गगनयान मिशन लॉन्च करेगा और अपना अंतरिक्ष स्टेशन भी बनाएगा।''

प्रधानमंत्री ने निजी क्षेत्र से यह प्रश्न किया कि क्या अगले पांच वर्षों में पांच स्टार्टअप यूनिकॉर्न बन सकते हैं। उन्होंने अंतरिक्ष वैज्ञानिकों और इंजीनियरों से कहा, ''मैं चाहूंगा कि निजी क्षेत्र आगे आएं... क्या हम उस मुकाम तक पहुंच सकते हैं जहां हम हर साल 50 रॉकेट प्रक्षेपित कर सकें?''

मोदी ने कहा कि उनकी सरकार के पास इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आवश्यक अगली पीढ़ी के सुधारों को लागू करने की मंशा और इच्छाशक्ति दोनों हैं। उन्होंने कहा कि भारत अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी को न केवल वैज्ञानिक अन्वेषण के एक साधन के रूप में बल्कि इसे जीवन सुगमता के साधन के रूप में भी देखता है। उन्होंने कहा, '' अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी भारत में शासन का एक अभिन्न अंग बनती जा रही है।'' उन्होंने फसल बीमा योजनाओं में उपग्रह आधारित मूल्यांकन, मछुआरों के लिए उपग्रह आधारित सूचना और सुरक्षा, आपदा प्रबंधन अनुप्रयोगों और पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान में भू-स्थानिक डेटा के उपयोग का हवाला दिया। मोदी ने कहा कि तीन दिन पहले उन्होंने ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला से मुलाकात की, जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया और हर भारतीय को गर्व से भर दिया। उन्होंने कहा कि जब शुक्ला ने उन्हें तिरंगा दिखाया तो वह निःशब्द हो गए। मोदी ने कहा कि अंतरिक्ष यात्री के साथ बातचीत में उन्होंने नए भारत के युवाओं के असीम साहस और अनंत सपनों को देखा।

## ट्रंप ने अपने करीबी सर्जियो गोर को भारत में अमेरिकी राजदूत नामित किया

**वाशिंगटन**, (भाषा) अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने करीबी सहयोगी सर्जियो गोर को भारत में अमेरिका का अगला राजदूत नामित किया है। सर्जियो गोर वर्तमान में 'व्हाइट हाउस प्रेसिडेंशियल पर्सनल ऑफिस' के निदेशक हैं।

यह कदम व्यापार संबंधी मुद्दों को लेकर दोनों देशों के बीच संबंधों में आई दरार के बीच उठाया गया है।राष्ट्रपति ट्रंप ने 38 वर्षीय गोर को महत्वपूर्ण राजदूत पद के लिए नामित करने की घोषणा करते हुए कहा कि वह दक्षिण और मध्य एशियाई मामलों के लिए विशेष दूत के रूप में भी काम करेंगे। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, ''विश्व के सबसे अधिक जनसंख्या वाले क्षेत्र के लिए, यह महत्वपूर्ण है कि मेरे पास कोई ऐसा व्यक्ति हो जिस पर मैं पूरी तरह भरोसा कर सकूं कि वह मेरे एजेंडे को पूरा करेगा और 'अमेरिका को फिर से महान बनाने' में हमारी मदद करेगा। ' गोर ने 2024 के राष्ट्रपति चुनाव के लिए ट्रंप के अभियान की राजनीतिक कार्रवाई समिति में एक प्रमुख भूमिका निभाई थी और नए प्रशासन में राजनीतिक नियुक्तियों की जांच करने का काम सौंपे जाने के बाद उनका प्रभाव कई गुना बढ़ गया।

## आज भारत दोराहे पर, असमानता चरम पर और लोकतांत्रिक संस्थाओं पर कब्जे हो रहे हैं: खरगे



नयी दिल्ली, (भाषा) कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार को दावा किया कि भारत ऐसे दोराहे पर खड़ा है, जहां एक तरफ तेज़ी से सामाजिक, आर्थिक और तकनीकी बदलाव हो रहे हैं, तो दूसरी तरफ बेरोज़गारी, असमानता चरम पर है तथा लोकतांत्रिक संस्थाओं पर कब्जे और हमले हो रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि मौजूदा राजनीति पर काम कम और दिखावा तथा प्रचार हावी है।

खरगे डॉक्टर मनमोहन सिंह फेलो कार्यक्रम के तहत चयनित पेशेवरों को संबोधित कर रहे थे। कांग्रेस ने इस साल अप्रैल में पूर्व प्रधानमंत्री दिवंगत मनमोहन सिंह के नाम पर एक फेलो प्रोग्राम की शुरुआत की थी, जिसके तहत देश भर से 50 पेशेवरों का चयन किया गया और उन्हें पार्टी के भीतर प्रमुख नेता के तौर पर प्रशिक्षित किया जाना है। उन्हें पार्टी से जुड़े कार्यों में लगाया जाएगा। पार्टी के विभाग 'ऑल इंडिया प्रोफेशनल कांग्रेस' ने इस कार्यक्रम की शुरुआत की थी। कुल 1300 आवेदकों में से 50 लोगों का चयन किया गया है। खरगे ने कहा, ''कांग्रेस ही अकेली पार्टी है, जिसने हमेशा पेशेवर लोगों को जगह दी और उनकी काबिलियत का सम्मान किया। डॉ. मनमोहन सिंह इसके सबसे बड़े उदाहरण हैं।'' खरगे ने कहा, ''भारतीय इतिहास में 1990 के बाद संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन का शासनकाल सबसे अलग, बदलाव का दौर था। सोनिया गांधी जी के नेतृत्व में पेशेवरों की मदद से सूचना अधिकार कानून, मनरेगा, शिक्षा अधिकार, खाद्य सुरक्षा, वनाधिकार जैसे ऐतिहासिक फैसले किये गए।'' खरगे के मुताबिक, मनमोहन सिंह ने 2008 की वैश्विक मंदी की छाया भारत पर नहीं पड़ने दी और भारत की औसत जीडीपी वृद्धि दर आठ फीसदी रही। कांग्रेस अध्यक्ष ने दावा किया, 'आज भारत ऐसे दोराहे पर खड़ा है, एक तरफ तेज़ी से सामाजिक, आर्थिक और तकनीकी बदलाव हो रहे हैं, तो दूसरी तरफ बेरोज़गारी, असमानता चरम पर पहुंच चुकी है। लोकतांत्रिक संस्थाओं पर कब्जे भी हो रहे हैं और हमले भी हो रहे हैं।''



# अमेरिकी सीमा शुल्क नियमों में स्पष्टता के अभाव में अमेरिका के लिए डाक सेवाएं प्रभावित



**नयी दिल्ली, (भाषा)** संचार मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि अमेरिकी सीमा शुल्क विभाग द्वारा जारी नए मानदंडों में स्पष्टता के अभाव के कारण हवाई वाहक कंपनियों ने अमेरिका जाने वाली डाक ले जाने से इनकार कर दिया है और इस वजह से अमेरिका के लिए डाक सेवाएं अस्थायी रूप से निलंबित कर दी गई हैं। हालांकि, 100 अमेरिकी डॉलर तक के पत्रों, दस्तावेजों और उपहार वस्तुओं के लिए सेवाएं जारी रहेंगी।

अमेरिकी प्रशासन ने 30 जुलाई, 2025 को जारी एक कार्यकारी आदेश में कहा था कि 100 अमेरिकी डॉलर से अधिक मूल्य के सामान पर 29 अगस्त से अमेरिका में सीमा शुल्क लागू होगा। कार्यकारी आदेश के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय डाक नेटवर्क के जरिये खेप पहुंचाने वाले परिवहन वाहकों को डाक पर शुल्क लेना और उसका भुगतान करना आवश्यक है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, ''हालांकि अमेरिकी सीमा शुल्क एवं सीमा सुरक्षा (सीबीपी) ने 15 अगस्त, 2025 को कुछ दिशानिर्देश जारी किए थे, लेकिन ''योग्य पक्षों'' के पदनाम और शुल्क संग्रह व प्रेषण की व्यवस्था से संबंधित कई महत्वपूर्ण प्रक्रियाएं अभी भी अनिर्धारित हैं।''

मंत्रालय ने कहा कि ऐसे में अमेरिका जाने वाली एयरलाइनों ने परिचालन और तकनीकी तैयारी की कमी का हवाला देते हुए 25 अगस्त, 2025 के बाद डाक खेप स्वीकार करने में असमर्थता जताई है।

इस घटनाक्रम के बाद, ''डाक विभाग ने 25 अगस्त, 2025 से अमेरिका जाने वाली सभी प्रकार की डाक वस्तुओं की बुकिंग अस्थायी रूप से निलंबित करने का निर्णय लिया है,'' हालांकि इनमें 100 अमेरिकी डॉलर तक मूल्य के पत्र, दस्तावेज और उपहार वस्तुएं शामिल नहीं हैं। बयान में कहा गया कि सीबीपी और संयुक्त राष्ट्र डाक सेवा (यूएसपीएस) से आगे स्पष्टीकरण के आधार पर इन छूट प्राप्त श्रेणियों को स्वीकार किया जाएगा और अमेरिका भेजा जाएगा।

डाक विभाग उन ग्राहकों को डाक शुल्क वापस कर रहा है, जिनकी वस्तुएं नहीं भेजी जा सकीं। बयान में कहा गया, ''जिन ग्राहकों ने पहले ही ऐसी सामग्री बुक कर ली है, और जो इन परिस्थितियों के कारण अमेरिका नहीं भेजी जा सकती, वे डाक शुल्क वापसी की मांग कर सकते हैं। डाक विभाग ग्राहकों को हुई असुविधा के लिए गहरा खेद व्यक्त करता है और आश्वासन देता है कि अमेरिका के लिए पूर्ण सेवाएं जल्द से जल्द बहाल करने के लिए हर संभव उपाय किए जा रहे हैं।''

आर्थिक थिंक टैंक जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा कि अमेरिका द्वारा लागू की गई नई व्यवस्था के तहत सभी आने वाले पार्सल पर शुल्क लगेगा, लेकिन अंतरराष्ट्रीय डाक खेप तब तक शुल्क मुक्त रहेगी, जब तक कि अमेरिकी सीबीपी एक नई प्रवेश प्रक्रिया स्थापित करके उसे प्रकाशित नहीं कर देता।

# विदेशी बाजारों में तेजी से अधिकांश तेल-तिलहन कीमतें मजबूत

## कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तेल कीमतें मजबूत बंद हुई



**नयी दिल्ली, (भाषा)** विदेशों में कल रात मजबूती के रुख तथा त्योहारी मांग के कारण घरेलू तेल-तिलहन बाजार में शनिवार को अधिकांश तेल-तिलहनों के दाम सुधार दर्शाते बंद हुए।

इस सुधार के कारण सरसों एवं सोयाबीन तेल-तिलहन, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तेल कीमतें मजबूत बंद हुई। साधारण और सुस्त कारोबार के बीच मूंगफली तेल-तिलहन और बिनौला तेल के दाम पूर्वस्तर पर बने रहे।

शिकॉगो एक्सचेंज में कल रात 3-3.5 प्रतिशत से भी अधिक की मजबूती रही थी जिसका मलेशिया एक्सचेंज पर असर सोमवार को दिखेगा। सूत्रों ने कहा कि विदेशों में मजबूती और त्योहारी मांग बढ़ने से सरसों तेल-तिलहन में सुधार देखा जा रहा है। वैसे देखा जाये तो सरसों के भाव ऊंचा बोले जा रहे हैं लेकिन इस मंहगे दाम पर उठाव कम ही है।

उन्होंने कहा कि इसी प्रकार शिकागो एक्सचेंज में कल रात की तेजी, सोयाबीन के डी-आयल्ड केक (डीओसी) की स्थानीय मांग सुधरने और त्योहारी मांग से सोयाबीन तेल-तिलहन में भी मजबूती है। एक बात ध्यान योग्य है कि आयातकों के द्वारा बैंकों का ऋण चुकाने की जल्दबाजी के कारण बंदरगाहों पर आयातित तेल लागत से 3-3.5 प्रतिशत नीचे दाम पर बेचे जा रहे हैं। आयातित तेलों के दाम में मजबूती बने रहने के कारण पाम-पामोलीन तेल कीमतों में भी सुधार दिख रहा है। लेकिन इनके भाव सोयाबीन के आसपास होने के कारण मांग और उठाव प्रभावित है।

सुस्त कामकाज के बीच मूंगफली तेल-तिलहन और बिनौला तेल के दाम अपरिवर्तित रहे।

# कैंसर पीड़िता ने एक लाख रूपये शिव महापुराण कथा में समर्पित किए



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**भीलवाड़ा,** विश्व विख्यात पंडित प्रदीप जी मिश्रा की मेवाड़ भूमि पर पहली बार आयोजित श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर के महंत बाबूगिरी जी महाराज के सान्निध्य में 9 सितम्बर से 15 सितंबर तक मेडिसिटी ग्राउंड आज़ाद नगर भीलवाड़ा में होगा, इस कथा को लेकर भीलवाड़ा की जनता में उत्साह बना हुआ हे !

एक रोचक सबके लिए प्रेरणादायी, भावपूर्ण प्रसंग आज़ाद नगर क्षेत्र में कैंसर पीड़िता द्वारा हुआ !

श्री शिव महापुराण कथा समिति के कार्याध्यक्ष राधेश्याम सोमानी ने इस प्रसंग की जानकारी देते हुए बताया की कथा आयोजन के लिए आज़ाद नगर क्षेत्र में आयोजन समिति के मंत्री बद्रीलाल सोमानी, रामेश्वर ईनाणी, दिनेश सेन, रोहित गगरानी जन सहयोग के लिए विभिन्न परिवारों से संपर्क कर रहे थे, एक परिवार लांपिया बनेड़ा के नारायण सिंह जी बल्ला ने कॉल करके कहा की हमारी पत्नी कैंसर पीड़िता हे वह कथा के लिए समर्पण करना चाहती हे, आप घर पधारे, समिति के सभी लोग घर पधारे, परिजनों के संग कैंसर पीड़िता श्रीमति भंवर कंवर नारायण सिंह बल्ला ने एक लाख रुपए अपने कर कमलों से समर्पित किए !

नियमित उनकी कथा टीवी पर सुनती हु, भीलवाड़ा की कथा में मेरा शरीर यहां रहेगा पर मेरा मन पांडाल में रहेगा ! इस अवसर पर उनके पुत्र पुत्रियां भी उपस्थित थी ! समिति के पदाधिकारियों ने उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की और कथा पांडाल में पधारने का भी आग्रह किया !

# राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस: भारत के वैज्ञानिकों के सामर्थ्य और गौरव का अद्भुत पर्व

## आज के दिन ही चंद्रयान-3 ने चंद्रमा के दक्षिणी धुरव पर सफल सॉफ्ट लैंडिंग किया था



**ऋषिकेश,** कल का दिन भारत के लिए एक ऐतिहासिक संकल्प की पुनः स्मृति है। 23 अगस्त वर्ष 2023 को भारतीय वैज्ञानिकों ने वह करिश्मा कर दिखाया, जिसने सम्पूर्ण विश्व को भारत के अदम्य साहस, शोध क्षमता और वैज्ञानिक प्रतिभा का लोहा मानने के लिए बाध्य कर दिया। आज के दिन ही चंद्रयान-3 ने चंद्रमा के दक्षिणी धुरव पर सफल सॉफ्ट लैंडिंग कर भारत का नाम वैश्विक अंतरिक्ष इतिहास के स्वर्णाक्षरों में अंकित कर दिया। यह सफलता मात्र एक वैज्ञानिक उपलब्धि ही नहीं थी, बल्कि यह नए भारत के आत्मविश्वास, सामर्थ्य और वैश्विक नेतृत्व की उद्घोषणा भी थी। भारत विश्व का पहला राष्ट्र बना जिसने चंद्रमा के दक्षिणी धुप पर सॉफ्ट लैंडिंग की। यह मिशन भारत के वैज्ञानिकों की निष्ठा, तपस्या और राष्ट्रप्रेम का जीता-जागता उदाहरण है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के सम्मान में आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने 23 अगस्त को "राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस" के रूप में मनाने का निर्णय लिया। आज दिन हर भारतीय के लिए प्रेरणा का पर्व है जो हमें यह स्मरण कराता है कि सीमित संसाधनों के बावजूद अनंत परिश्रम और असीम संकल्प से असंभव भी संभव बन सकता है।

परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने कहा कि राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस हमारे वैज्ञानिकों के अभिनंदन का अवसर है, यह 75 वर्षों की स्वतंत्रता के उपरांत आत्मनिर्भर भारत के संकल्प का भी प्रतीक है। इसरो के वैज्ञानिकों ने जिस समर्पण के साथ कार्य किया, वह भारतीय संस्कृति के "कर्मयोग" की अद्भुत मिसाल है। दिन-रात की साधना, कठिन परिस्थितियों में धैर्य और निरंतर प्रयास ने चंद्रयान-3 को ऐतिहासिक सफलता दिलाई। भारत के वैज्ञानिकों ने यह दिखाया कि भारत केवल विज्ञान का उपभोक्ता नहीं, बल्कि वैश्विक विज्ञान का निर्माता और मार्गदर्शक भी है।

चंद्रयान-3 की सफलता के साथ भारत उन चुनिंदा देशों में शामिल हुआ, जिन्होंने चंद्रमा की सतह पर सफल सॉफ्ट लैंडिंग की है। परंतु दक्षिणी ध्रुव पर उतरने का गौरव केवल भारत को प्राप्त हुआ। यह उपलब्धि भारत को अंतरिक्ष अनुसंधान में वैश्विक नेतृत्व प्रदान करती है। आज भारत न केवल अपने अंतरिक्ष कार्यक्रमों के लिए विख्यात है, बल्कि विश्वभर के राष्ट्रों के लिए एक विश्वसनीय साझेदार और प्रेरणास्रोत बन चुका है। यह दिन हर भारतीय को स्मरण कराता है कि हमारे वैज्ञानिक ही नहीं, बल्कि सम्पूर्ण भारत विश्व पटल पर नई ऊँचाइयाँ छू रहा है। युवा पीढ़ी को यह दिवस प्रेरित करता है कि वे विज्ञान, प्रौद्योगिकी और शोध में अपनी प्रतिभा लगाएँ और भारत को विश्वगुरु बनाने में योगदान दें। भारत की वैज्ञानिक प्रगति केवल आधुनिक प्रयोगशालाओं का परिणाम नहीं है, बल्कि यह हमारे सनातन संस्कारों और ऋषि-परंपरा की विरासत से जुड़ा है। हमारे वेदों और उपनिषदों में भी ब्रह्मांड, ग्रहों और खगोल विज्ञान का गहन विवेचन मिलता है। चंद्रयान-3 की सफलता इसी ज्ञान और आधुनिक विज्ञान का अद्भुत संगम है।

आइए, इस पावन अवसर पर हम सभी उन महान वैज्ञानिकों का अभिनंदन करें, जिन्होंने राष्ट्र को "अंतरिक्ष की ऊँचाइयों तक पहुँचाने" का मार्ग दिखाया। यह दिवस हर भारतीय के लिए गौरव, कृतज्ञता और प्रेरणा का पर्व है।

## संक्षिप्त खबरें

### एनएचएआई ने सेना के जवान के साथ दुर्व्यवहार मामले में टोल वसूली एजेंसी का अनुबंध खत्म किया

**नयी दिल्ली, (भाषा)** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए एक टोल प्लाजा एजेंसी का अनुबंध समाप्त कर दिया है और उसे एक साल के लिए किसी भी निविदा में हिस्सा लेने से प्रतिबंधित कर दिया है। यह कार्रवाई इस महीने की शुरुआत में भूनी टोल प्लाजा पर उसके कर्मचारियों द्वारा सेना के जवान के साथ दुर्व्यवहार करने के बाद की गई है। एनएचएआई ने यह भी कहा कि उसने टोल संग्रह एजेंसी पर 20 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। साथ ही, मेरठ-करनाल खंड के एनएच-709ए पर स्थित भूनी टोल प्लाजा पर क्षतिग्रस्त हुए उपकरणों और बुनियादी ढांचे की मरम्मत या बदलने के लिए टोल प्लाजा एजेंसी की 3.66 करोड़ रुपये की 'परफॉर्मेंस सिक्योरिटी' को जब्त कर लिया जाएगा। एनएचएआई के अनुसार, इस घटना के संबंध में टोल संग्रह एजेंसी 'मेसर्स धर्म सिंह' को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। ''एजेंसी का जवाब संतोषजनक नहीं पाया गया। एजेंसी को अनुबंध दायित्वों का सीधा उल्लंघन करते हुए पाया गया, जिसमें टोल कर्मचारियों द्वारा दुर्व्यवहार, हाथापाई, सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान और शुल्क संग्रह संचालन में बाधा शामिल है।''भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए, एनएचएआई ने सभी टोल संग्रह एजेंसियों को निर्देश दिया है कि वे अपने ऐसे कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें जो सड़क उपयोगकर्ताओं और जन प्रतिनिधियों के साथ इस तरह का व्यवहार करते हैं। एनएचएआई ने सभी टोल संग्रह एजेंसियों को राष्ट्रीय राजमार्ग उपयोगकर्ताओं के साथ अच्छे व्यवहार के लिए टोल प्लाजा कर्मचारियों को प्रशिक्षण देने का भी निर्देश दिया है।

### जापान की एसएमबीसी को यस बैंक में 24.99 प्रतिशत तक हिस्सेदारी लेने के लिए आरबीआई की मंजूरी

**नयी दिल्ली, (भाषा)** निजी क्षेत्र के यस बैंक ने शनिवार को कहा कि आरबीआई ने जापान स्थित सुमितोमो मित्सुई बैंकिंग कॉरपोरेशन (एसएमबीसी) को बैंक में 24.99 प्रतिशत तक हिस्सेदारी हासिल करने की मंजूरी दे दी है। इससे पहले यस बैंक ने नौ मई, 2025 को एसएमबीसी द्वारा भारतीय स्टेट बैंक से 13.19 प्रतिशत हिस्सेदारी और सात अन्य शेयरधारकों से 6.81 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने के साथ बैंक में 20 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने के प्रस्ताव के बारे में बताया था। अन्य शेयरधारकों में एक्सिस बैंक, बंधन बैंक, फेडरल बैंक, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक शामिल हैं। यस बैंक ने शेयर बाजार को बताया, ''इस संबंध में, हमें यह बताते हुए खुशी हो रही है कि एसएमबीसी को 22 अगस्त, 2025 के पत्र के माध्यम से बैंक की चुकता शेयर पूंजी/ मतदान अधिकारों के 24.99 प्रतिशत तक अधिग्रहण के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) से मंजूरी मिल गई है।''इसमें आगे कहा गया कि यह मंजूरी इस पत्र की तारीख से एक वर्ष के लिए वैध है। आरबीआई ने आगे स्पष्ट किया कि उक्त अधिग्रहण के बाद एसएमबीसी को बैंक का प्रवर्तक नहीं माना जाएगा। आरबीआई की मंजूरी अन्य शर्तों के अधीन है, जिनमें बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 के प्रासंगिक प्रावधानों, बैंकिंग कंपनियों में शेयरों या मताधिकार के अधिग्रहण पर आरबीआई के मास्टर दिशानिर्देश (समय-समय पर संशोधित), और विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम, 1999 के प्रावधानों का अनुपालन शामिल है। इसके अलावा, प्रस्तावित लेनदेन के लिए भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) से मंजूरी लेनी होगी।

## कंपनियों ने अपने उपयोगकर्ताओं को इसकी जानकारी दी

# माई11सर्कल, विंजो, नजारा ने 'पैसे वाली' ऑनलाइन गेमिंग पेशकश बंद की




**नयी दिल्ली, (भाषा)** संसद में ऑनलाइन गेमिंग विधेयक, 2025 पारित होने के बाद ड्रीम11, माई11सर्किल, विंजो, जूपी, नजारा समर्थित पोकरबाजी जैसी बड़ी गेमिंग कंपनियों ने अपने मंच पर पैसे वाले ऑनलाइन गेमिंग परिचालन को बंद कर दिया है।

ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन एवं विनियमन विधेयक, 2025 सभी प्रकार के 'रियल मनी' वाले ऑनलाइन खेलों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाता है।

साथ ही ई-स्पोर्ट्स और निःशुल्क सामाजिक खेलों के विकास को प्रोत्साहित करता है। यह बृहस्पतिवार को उच्च सदन में पारित हुआ है। कानून लागू होते ही, कंपनियों ने अपने उपयोगकर्ताओं को इसकी जानकारी दी। ड्रीम11 की वेबसाइट पर बताया गया है कि नए विधेयक के कारण पैसे वाले सभी गेम और प्रतियोगिताएं रोक दी गई हैं।

इसी तरह, माई11सर्किल और मोबाइल प्रीमियर लीग (एमपीएल) ने भी घोषणा की कि वे अब पैसे वाले गेम्स नहीं चला रहे हैं। उपयोगकर्ताओं की सबसे बड़ी चिंता उनके जमा पैसों को लेकर थी। कंपनियों ने साफ किया है कि उपयोगकर्ताओं का पैसा पूरी तरह से सुरक्षित है और वे जब चाहें उसे निकाल सकते हैं। हालांकि, अब वे इन मंच पर पैसे लगाकर गेम नहीं खेल पाएंगे। जूपी ने भी अपने सभी पैसे वाले गेम बंद कर दिए हैं, लेकिन उसके बिना पैसे वाले गेम उपलब्ध रहेंगे। नजारा टेक्नोलॉजीज ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि उसकी अनुषंगी कंपनी मूनशाइन टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड जो पोकरबाजी का स्वामित्व एवं संचालन करती है उसने नए कानून के अनुरूप अपनी 'रियल मनी' की पेशकश को निलंबित कर दिया है।

### युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए विश्वकर्मा युवा उद्यमी प्रोत्साहन योजना मंजूर

जयपुर, (भाषा) राजस्थान सरकार ने युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने और राज्य के विकास को गति देने के लिए विश्वकर्मा युवा उद्यमी प्रोत्साहन योजना को मंजूरी दी है, जिसके तहत युवाओं को कम ब्याज दरों पर ऋण दिया जाएगा। साथ ही राज्य सरकार ने 'विकसित राजस्थान:2047' के 'विजन डॉक्यूमेंट' को भी मंजूरी दी, जिसका उद्देश्य राज्य को आर्थिक रूप से समृद्ध, टिकाऊ और समावेशी बनाना है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में शनिवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में ये फैसले किए गए।

बैठक में राज्य के आर्थिक विकास को गति देने के लिए दो नयी भूमि आवंटन नीतियों को मंजूरी दी गई। बैठक के बाद उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने एवं उन्हें रोजगार के नए अवसर उपलब्ध करने के उद्देश्य से विश्वकर्मा युवा उद्यमी प्रोत्साहन योजना को मंत्रिमंडल ने मंजूरी दी है। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत 18 से 45 वर्ष की आयु के युवाओं को बैंकों और वित्तीय संस्थानों के माध्यम से कम ब्याज पर ऋण मिलेगा। इससे युवा अपना नया व्यवसाय शुरू कर सकेंगे या पहले से चल रहे कारोबार का विस्तार, उसमें विविधता या आधुनिकीकरण कर सकेंगे। साथ ही, उन्हें 'मार्जिन मनी' यानी शुरुआती पूंजी के लिए भी आर्थिक सहायता दी जाएगी। इस योजना के तहत अधिकतम दो करोड़ रुपये तक के ऋण पर सरकार की ओर से आठ प्रतिशत तक ब्याज अनुदान दिया जाएगा। वहीं, अगर ऋण की राशि एक करोड़ से अधिक और दो करोड़ रुपये तक है, तो महिला उद्यमियों, अनुसूचित जाति व जनजाति के लोगों, दिव्यांगजन, ग्रामीण क्षेत्र में व्यवसाय करने वालों, और मान्यता प्राप्त बुनकर व शिल्पकारों को एक प्रतिशत अतिरिक्त ब्याज सब्सिडी मिलेगी।

# रामराज्य यानी सत्ता गांव तक पहुंचनी चाहिए: बाबा विनोबा



बाबा के घर में एक कटहल का पेड़ था। बाबा के दादा उसके फल बांटने के लिए बाबा को गांव में भेजते थे। जब फल सबको मिल जाता था तब बाबा को खाने को मिलता था। बाबा की मां कहती थी कि_ देनेवाला देव और रखनेवाला राक्षस। भूदान यज्ञ की यह प्रेरणा तो मां की ही देन है। मानसशास्त्र का बदलना यानी समाज जिस स्तर पर है, उस स्तर से ऊंचा उठाना। हमें नया मानव, नया समाज बनाना है। इसीलिए यह भूदान, संपत्तिदान, श्रमदान आदि आंदोलन बाबा ने शुरू किए हैं। इस काम के लिए भावना पैदा करनी होगी। इसी से जीवन में आनंद मिलेगा।

बाबा का कहना था कि लोभ मोह मनुष्य के सहज गुण नहीं हैं, वे सब कृत्रिमता के कारण पैदा होते हैं। आपको अगर रोज का खाना मिलने की व्यवस्था हो जाए, तो आप काहे को संग्रह करेंगे? इस तरह की समाज में योजनाएं हों, तो संग्रह की जरूरत नहीं रहेगी। खाने की प्रेरणा भूख स्वाभाविक प्रवृत्ति है। संग्रह, लोभ यह स्वाभाविक प्रवृत्ति नहीं है। आज की समाज की गलत रचना के कारण मनुष्य संग्रह करता है। मनुष्य की वृत्ति तो प्रेम करने की है। जो सुखभोग मनुष्य चाहता है, वह दूसरे को दिए बिना नहीं चाहता। आपने आसमान में अच्छा चित्र देखा तो आप दूसरे को भी दिखाते हैं। यह मनुष्य की स्वाभाविक वृत्ति है। मनुष्य में भोग और ऐश्वर्य की वासना होती है यानी सत्ता की भी वृत्ति होती है, इसमें कोई शक नहीं। लेकिन मनुष्य उसके नियंत्रण का उपाय भी खोजता रहा है। एक जमाना था जब विवाह संस्था मौजूद ही नहीं थी। उसका भी उपाय मनुष्य ने खोजा क्योंकि अनियंत्रित वासना से न वासनापूर्ति होती है और न समाज में शांति ही रहती है। धीरे धीरे विवाह संस्था में भी सुधार हुए। बाबा ने यह इसलिए मिसाल दी क्योंकि मानव_ स्वभाव कोई नियमित और स्थिर वस्तु है, ऐसा नहीं। वह सतत विकसित होता चला आया है।

बाबा कहते थे कि मनुष्य में जैसे भोग_ ऐश्वर्य की वृत्ति है, वैसे ही दूसरी वृत्तियां धर्म वासना और धर्म प्रेरणा भी मौजूद है। आज मनुष्य को धर्म_बुद्धि का यह रास्ता सूझा है कि सत्ता बांट दे और भोग सबको समान रूप से मिले। ये दोनों बातें आज सरकार मानती है। इसीलिए उसने हर एक को वोट का अधिकार दिया है। इसका अर्थ ही यह है कि सत्ता सभी में विभाजित करने का आरंभ कर दिया है। केवल वोट मिल जाने से सत्ता विभाजित नहीं होती। बाबा चाहता है कि हर गांव में सत्ता बंटनी चाहिए। वोट का हक तो सत्ता विभाजन का आरम्भ मात्र है। पर इसकी पूर्णता गांव में ग्रामराज्य की स्थापना से होगी। सत्ता की वासना को नियंत्रित करने का रास्ता सत्ता का विभाजन है। वैसे ही स्वार्थ बुद्धि को नियंत्रित करने का रास्ता मनुष्य के सुख के सामान्य साधन सबको समान रूप से मुहैया करने का प्रयत्न करना। इसलिए बाबा ने जमीन से शुरुआत की।

यह बिल्कुल बुनियादी विचार है। इससे मनुष्य की भोग वासना कुंठित होगी। बाबा गणित की समानता नहीं चाहते बल्कि बुद्धि विवेक की समानता चाहते हैं। इसमें कुछ कमबेशी होगा परिवार की तरह चलेगा। शास्त्रकारों ने कहा है _ धर्मार्थकामा: सममेव सेव्या:। धर्म अर्थ और काम का सेवन सबको एक साथ मिलकर और समान भाव से करना चाहिए। यह संभव नहीं कि कुछ लोगों को धर्म की तालीम मिले और कुछ को न मिले। धर्मरत्न की प्राप्ति हरएक को होनी ही चाहिए। अर्थ का समान भाव से सेवन का अर्थ सबको जीवन के आवश्यक चीजें समान भाव से मिलनी चाहिए। उंगलियों जितनी विषमता सहन होगी उससे ज्यादा नहीं। इसी तरह काम वासना के समान भाव से सेवन का अर्थ होगा कि काम का उचित मर्यादा में भोग करने का अवसर मिलना चाहिए। यह अर्थ और काम तुच्छ वस्तुएं हैं। मुख्य वस्तु नहीं हैं। मुख्य वस्तु तो यह है कि हरएक को आत्मा का दर्शन हो। जिसे हम मोक्ष कहते हैं। एक बार बाबा से किसी ने पूंछा कि भूदान ग्रामदान में धर्म अर्थ काम मोक्ष में से किस वर्ग की प्रेरणा है। बाबा ने कहा कि इसमें चारो की पूर्ति है। इसमें विश्वास की जरूरत है। मानव हृदय में चारो चीजें हैं। अंतर में मोक्ष की प्रेरणा है। उसका जी छटपटाता है। यह जो चोला पहन लिया है, उसमें हम कैद न हो जाएं, बल्कि मुक्त संचार हो। ऐसी एक वासना पड़ी है। वह गहरी है। धर्म हो, सबका भला हो, सबके साथ प्रेम से रहें, यह भी वासना मनुष्य में है। अपना व्यक्तिगत स्वार्थ सधे, यह भी वासना है। फिर अपने कुटुंब का, बाल बच्चों का भी अच्छा चले, यह भी वासना है। धर्म और मोक्ष की भावना प्रधान बने तथा काम और अर्थ की भावना गौण बने तो मनुष्य की उन्नति होगी, सामाजिक क्रांति होगी, मानव ऊंचा चढ़ेगा। अर्थ और काम जोरदार, धर्म और मोक्ष कमजोर होगी तो मनुष्य की गिरावट होगी। पानी का नीचे जाना उसका स्वभाव है, उसकी प्रकृति है।

पानी नीचे दौड़ेगा इसकी खबर नहीं लेकिन पानी ऊपर चढ़ाना एक खबर है। मां का प्रेम खबर नहीं और किसी का खून खबर है। स्वभाव से भिन्न कुछ भी हुआ तो खबर बन जाती है। चोरी की चोर को सजा मिलती है। अगर चोरी हमारा स्वभाव होता तो अ_चोर को किसी स्कूल में भेजकर चोरी की तालीम देने का प्रबंध किया जाता। आज सारी दुनिया में एक चाह है। कोई शक्ति उसे खींच रही है। यह शक्ति है मानवता, जो मानव से कह रही है कि हे मानव, तू अ_मानव बन गया है, अपनी यह अ_मानवता फेंक दे, अपना निज का स्वरूप देख, और फिर से मानव बन। *। बाबा कहते थे कि यहां का समाजशास्त्र काफी विकसित है। यहां का पहला बुनियादी सिद्धांत यह है कि मनुष्य को समाज के लिए खुद की शक्ति का एक हिस्सा सतत देते रहना चाहिए। अपने पास संपत्ति, जमीन, श्रम शक्ति बुद्धि शक्ति जो भी है उसका एक हिस्सा समाज को देना ही चाहिए। समाज में जो दान चलता है उसे चैरिटी कहते हैं वह धर्म_ कार्य में दिया जाता है_ जैसे चर्च, दूसरा बीमार, दुखी लोगों के सेवार्थ यह दान दिया जाता है। इस दान के परिणाम स्वरूप स्वर्गफल की इच्छा या ईश्वर की कृपा की आशा की जाती है। लेकिन भारत में एक तीसरा दान भी है, वह समाजशास्त्र का अंग है। मंदिर, मठ, मस्जिद, आदि के लिए जो दान दिया जाता है, उसमें परलोक में फल पाने का पारलौकिक प्रेरणा होती है, और जो दया के कारण दिया जाता है, उसमें चित्तशुद्धि की आशा रहती है। बाबा का भूदान ग्रामदान सब समाज पतिवर्तन के लिए हैं। समाज रचना बदलने और समाज का संतुलन रखने के लिए हैं। इसमें पारलौकिक कल्याण और चित्तशुद्धि भी निहित है लेकिन मुख्य उद्देश्य समाज का संतुलन रखना, समाज में समत्व लाना, और साम्ययोग की स्थापना करना है। बाबा ने अनेक बार कहा कि बाबा का यह भक्ति मार्ग चल रहा है। लेकिन मुख्यत: यह समाजशास्त्र का काम चल रहा है और भक्ति_मार्ग उसके साथ जुड़ गया है। भक्तिशास्त्र कोई स्वतंत्र वस्तु है। ऐसा बाबा नहीं मानते। तुम्हारा आनंद और बढ़ेगा। मानव में दूसरे के साथ सुख दु:ख भोगने की वृत्ति इसलिए नहीं कि वह केवल सामाजिक प्राणी है, बल्कि इसलिए है कि वह आत्मा की एकरूपता की वृत्ति है। सब समूह में प्रार्थना करते हैं तो उससे बड़ी ताकत बनती है। आत्मा की एकरूपता की बात केवल आत्मज्ञान की ही बात नहीं, व्यवहार की भी बात है।

# चुनौतियों से घिरा संविधान, देश में लोकतंत्र का अभाव है: सुदर्शन रेड्डी

**नयी दिल्ली,** (भाषा) उपराष्ट्रपति पद के लिए विपक्ष के साझा उम्मीदवार बी. सुदर्शन रेड्डी ने शनिवार को कहा कि देश में ''लोकतंत्र का अभाव'' है और संविधान चुनौतियों से घिरा हुआ है।

उन्होंने यह भी कहा कि अगर वह इस महत्वपूर्ण संवैधानिक पद पर चुने जाते हैं तो संविधान की रक्षा और संरक्षण के लिए संकल्पित रहेंगे।

रेड्डी ने 'पीटीआई-भाषा' को दिए एक विस्तृत साक्षात्कार में अपनी उम्मीदवारी, संविधान की प्रस्तावना में 'समाजवादी' और 'धर्मनिरपेक्ष' शब्दों पर बहस और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा उन पर नक्सलवाद का समर्थन करने का आरोप लगाए जाने सहित कई मुद्दों पर सवालों के जवाब दिए।

उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में संसद में व्यवधान भी आवश्यक है, लेकिन इसे लोकतांत्रिक प्रक्रिया का अभिन्न अंग नहीं बनने देना चाहिए। उच्चतम न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश ने कहा कि पहले घाटे वाली अर्थव्यवस्था की बात होती थी, लेकिन अब ''डेफिसिट इन डेमोक्रेसी'' (लोकतंत्र का अभाव) है।

रेड्डी ने कहा कि भारत एक संवैधानिक लोकतंत्र बना हुआ है, फिर भी यह ''मुश्किल में'' है।

उन्होंने इस विषय पर चर्चा का स्वागत किया कि क्या वर्तमान समय में संविधान पर हमला हो रहा है।

रेड्डी ने कहा कि लोकतंत्र का मतलब व्यक्तियों के बीच टकराव से कम और विचारों के बीच टकराव से ज़्यादा है तथा सरकार और विपक्ष के बीच संबंध बेहतर होने चाहिए। गुवाहाटी उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश रेड्डी ने कहा कि ''संविधान को अक्षुण्ण रखने की उनकी यात्रा जारी है, और अंततः अवसर मिलने पर यह संविधान की रक्षा और बचाव में परिणत होगी।''

उन्होंने कहा, ''मैं इस यात्रा को भी ऐसा ही मानता हूं, और अंततः अवसर मिलने पर यह संविधान की रक्षा एवं संरक्षण में परिणत होगी... अब तक, मैं संविधान की रक्षा कर रहा था और यही एक न्यायाधीश को दिलाई जाने वाली शपथ है... इसलिए यह यात्रा मेरे लिए कोई नयी बात नहीं है।''

रेड्डी ने कहा कि विपक्ष द्वारा उन्हें सर्वसम्मति से उम्मीदवार बनाया जाना उनके लिए सम्मान की बात है।

उन्होंने कहा, ''पहला, यह विविधता का प्रतिनिधित्व करता है। दूसरा, सर्वसम्मति से चुना जाना। तीसरा, मतदान क्षमता के संदर्भ में यदि आप विश्लेषण करें, तो वे (विपक्ष) 63-64 प्रतिशत से अधिक आबादी का प्रतिनिधित्व करते हैं। इससे बड़ा सम्मान और क्या हो सकता है?'' इस तर्क पर कि शीर्ष संवैधानिक पदों को सर्वसम्मति से भरा जाना चाहिए, उन्होंने कहा, ''काश, सर्वसम्मति होती। लेकिन आप जानते हैं कि वर्तमान राजनीति बंटी हुई है। इन परिस्थितियों में शायद यह अपरिहार्य है, जिसके कारण यह मुकाबला हो रहा है।''



रेड्डी ने कहा, ''पहले हम घाटे वाली अर्थव्यवस्था की बात करते थे, (अब) 'डेफिसिट इन डेमोक्रेसी' (लोकतंत्र की कमी) है। मैं यह नहीं कहता कि भारत अब एक लोकतांत्रिक देश नहीं रहा। मैं इससे सहमत नहीं हूं। हम अभी भी एक संवैधानिक लोकतंत्र हैं, लेकिन चुनौतीपूर्ण स्थिति में हैं।''

उन्होंने कहा कि पहले सत्ता पक्ष और विपक्ष कई राष्ट्रीय मुद्दों पर समन्वय स्थापित करते थे, लेकिन दुर्भाग्य से अब ऐसा नहीं दिखता।

रेड्डी ने कहा कि उपराष्ट्रपति चुनाव उनके और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के सांसद सी. पी. राधाकृष्णन के बीच का मुकाबला नहीं है, बल्कि ''दो अलग-अलग विचारधाराओं'' का प्रतिनिधित्व करने वालों का मुकाबला है।

उन्होंने कहा, ''... यहां एक व्यक्ति हैं, एक विशिष्ट आरएसएस कार्यकर्ता हैं...जहां तक मेरा सवाल है, मैं उस विचारधारा का समर्थन नहीं करता और मैं उससे बहुत, बहुत, बहुत, बहुत दूर हूं। मैं मूलतः एक उदार संवैधानिक लोकतांत्रिक हूं। यही वह क्षेत्र है, या यूं कहें कि प्रतियोगिता का अखाड़ा है जहां लड़ाई जारी रहती है।''

रेड्डी ने पूर्व भाजपा नेता अरुण जेटली का भी हवाला दिया, जिन्होंने कहा था कि ''व्यवधान भी एक वैध राजनीतिक गतिविधि और संसदीय प्रथा है।''

उपराष्ट्रपति पद के लिए विपक्ष के उम्मीदवार ने कहा, ''व्यवधान और कुछ नहीं, बल्कि असहमति का एक रूप है। अगर आपको बोलने या अपने विचार व्यक्त करने की अनुमति नहीं है, तो यह बोलने का एक रूप है। मैं व्यवधान को इसी तरह देखता हूं। मैं यह नहीं चाहता कि व्यवधान लोकतांत्रिक प्रक्रिया का एक अनिवार्य और अभिन्न अंग बन जाए।''

सलवा जुडूम के फैसले को लेकर अमित शाह द्वारा उन पर किए गए हमले पर रेड्डी ने कहा, ''मैं भारत के माननीय गृह मंत्री के साथ सीधे तौर पर इस मुद्दे पर नहीं उलझना चाहता। उनका संवैधानिक कर्तव्य और दायित्व वैचारिक मतभेदों के बावजूद, प्रत्येक नागरिक के जीवन, स्वतंत्रता और संपत्ति की रक्षा करना है। दूसरी बात, मैंने फैसला लिखा। यह फैसला मेरा नहीं था, यह फैसला उच्चतम न्यायालय का था।''

रेड्डी ने कहा कि उनकी इच्छा है कि शाह 40 पृष्ठों का फैसला पढ़ें।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया, ''अगर उन्होंने फैसला पढ़ा होता, तो शायद वह यह टिप्पणी नहीं करते। मैं बस इतना ही कहना चाहता हूं... बहस में शालीनता होनी चाहिए।''

रेड्डी ने जातिगत सर्वेक्षण का भी समर्थन करते हुए कहा कि पहले यह पता लगाना होगा कि कितने प्रतिशत लोगों को मदद की ज़रूरत है।

संविधान की प्रस्तावना में 'समाजवादी' और 'धर्मनिरपेक्ष' शब्दों को शामिल करने पर उठे विवाद पर उन्होंने कहा कि उनके अनुसार इन शब्दों ने उन बातों को स्पष्ट कर दिया है, जो संविधान के प्रावधानों में अंतर्निहित हैं।

उन्होंने कहा, ''दोनों शब्द संविधान में निहित विचार, स्वागत योग्य हैं। यह सच है कि संशोधन, यानी 42वां संशोधन, तब आया जब आपातकाल लागू किया गया था। लेकिन, यह याद रखना चाहिए कि बाद में सरकार बनाने वाले जनसंघ ने सर्वसम्मति से इसे मंजूरी दी थी। इसलिए, यह समझ पाना मुश्किल है कि यह बहस किस इरादे से शुरू की जा रही है।''

गांधी, नेहरू और आंबेडकर पर अलग-अलग विमर्श के बारे में रेड्डी ने कहा कि अगर आप तीनों को सतही तौर पर पढ़ेंगे, तो कुछ गलतफहमियां और भ्रांतियां मन में आएंगी।

उन्होंने कहा, ''असल में, वे तीनों महान 'डेमोक्रेट' और 'रिपब्लिकन' थे तथा संविधान की नैतिकता एवं आचार-विचार में विश्वास करते थे। मुझे नहीं लगता कि उन्हें तीन हिस्सों में बांटना राष्ट्रहित में होगा। एक का समर्थन करना और दूसरे का विरोध करना तथा झूठी कहानी गढ़ना राष्ट्रहित में नहीं है।''

# दिल्ली पुलिस ने गैंगवार की साजिश नाकाम करते हुए बवाना में तीन लोगों को गिरफ्तार किया

नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली पुलिस ने बाहरी-उत्तरी दिल्ली के बवाना स्थित एक होटल से नवीन बाली गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके पास से हथियार और गोला-बारूद बरामद किया। यहां एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी।



अधिकारी ने बताया कि इस बरामदगी और गिरफ्तारी से पुलिस ने गैंगवार (गिरोहों के बीच लड़ाई) को टाल दिया।

अधिकारी ने बताया कि राजेश बवानिया और नवीन बाली गिरोहों के बीच मौजूदा समय में प्रतिद्वंद्विता है, जिसके तहत आरोपी हत्या की साजिश रच रहे थे।

पुलिस उपायुक्त (बाहरी उत्तर) हरेश्वर ने कहा, ''स्वतंत्रता दिवस पर पुलिस ने बवाना स्थित एक होटल के बाहर एक मोटरसाइकिल खड़ी देखी, जिसके काफी समय से वहां खड़े रहने पर पुलिस को संदेह हुआ। पूछताछ में पता लगा कि होटल का मालिक तीन दिनों से वहीं रह रहा था।''

पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) ने बताया कि होटल के कमरे की तलाशी लिए जाने पर वहां तीन लोग संदिग्ध परिस्थितियों में पाए गए, जिनके पास एक पिस्तौल के साथ 11 कारतूस और एक अन्य पिस्तौल के साथ तीन कारतूस थे।

उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान पूठ खुर्द निवासी अंजार आलम (20) और रितिक (20) तथा पंजाब के गुरदासपुर निवासी राजेश कुमार उर्फ सरदार (28) के रूप में हुई है।

अधिकारी ने बताया, ''अंजार की निशानदेही पर तलाशी में एक और पिस्तौल, दो मैगजीन और 13 कारतूस बरामद हुए।''

पुलिस के अनुसार, प्रारंभिक जांच से पता लगा है कि आरोपी 2023 में अजय उर्फ बहादुर और इस साल जनवरी में धर्मवीर उर्फ बिल्लू की हत्या का बदला लेने के मकसद से साजिश रच रहे थे।

अधिकारी ने कहा, ''रितिक को उनकी रेकी करने की जिम्मेदारी दी गई थी, जिन्हें निशाना बनाया जाना था, जबकि अंजार और राजेश को हत्या को अंजाम देने का काम सौंपा गया था। वे गिरोह के सरगना हिमांशु भाऊ के लगातार संपर्क में थे, जो फिलहाल विदेश में छिपा हुआ है और जिसने साजिश को अंजाम देने के लिए 70 हजार रुपये भी भेजे थे।''

पुलिस ने बताया कि जांचकर्ताओं ने मोबाइल फोन जब्त किए, जिसमें आपत्तिजनक चैट थी और रेकी के लिए इस्तेमाल की गई एक मोटरसाइकिल भी बरामद की है।

डीसीपी ने बताया कि आरोपियों का कोई पिछला आपराधिक इतिहास नहीं है।

उन्होंने बताया कि बवाना थाने में एक मामला दर्ज कर लिया गया है।

## वरुण धवन ने 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' की शूटिंग पूरी की

नयी दिल्ली, (भाषा) बॉलीवुड अभिनेता वरुण धवन ने अपनी आगामी फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' की शूटिंग पूरी कर ली है।

'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' एक रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म है, जिसमें जान्हवी कपूर भी अहम किरदार निभाती नजर आएंगी। इस फिल्म का निर्देशन 'हम्प्टी शर्मा की दुल्हनिया' और 'बद्रीनाथ की दुल्हनिया' से प्रसिद्धि पाने वाले शशांक खेतान ने किया है। 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' दो अक्टूबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। वरुण ने शुक्रवार को सोशल मीडिया मंच 'इंस्टाग्राम' पर इस खबर की घोषणा करते हुए कई तस्वीरें साझा कीं।

इन तस्वीरों में सभी कलाकार एक साथ दिखाई दे रहे हैं। पोस्ट में फिल्म की शूटिंग की कुछ झलकियां भी साझा की गई हैं। पोस्ट के कैप्शन में लिखा है, ''''सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' की शूटिंग पूरी हो गई है!!

# तूफानों से जूझने की आदत है, राक्षसी ताकतों से नहीं डरती: रेखा गुप्ता

नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को कहा कि उन्होंने कई चुनौतियों का सामना किया है और किसी भी राक्षसी ताकत से नहीं डरतीं।

दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स (एसआरसीसी) के वार्षिक समारोह को संबोधित करते हुए गुप्ता ने अपने छात्र जीवन को याद किया और बताया कि किस तरह से इन अनुभवों ने उनकी राजनीतिक यात्रा को आकार दिया।

निजी किस्से साझा करते हुए, गुप्ता ने कहा कि कॉलेज के दिन उनके जीवन के ''सुनहरे अध्याय'' हैं। उन्होंने श्रोताओं से कहा, ''जब भी मैं विश्वविद्यालय परिसर में लौटती हूं, उम्र और पद का अंतर मिट जाता है, और मेरे छात्र जीवन के दिन एक बार फिर जीवंत हो उठते हैं।''

मुख्यमंत्री ने बताया कि कैसे 1993 में एसआरसीसी में संस्थान के उच्च 'कट-ऑफ' अंकों के कारण उन्हें प्रवेश नहीं मिल पाया था। उन्होंने हल्के-फुल्के अंदाज में कहा, ''शायद मुझे यहां आने के लिए मुख्यमंत्री बनना पड़ा।''

अपने छात्र जीवन के दिनों को याद करते हुए, गुप्ता ने कैंटीन की बातचीत, कक्षा में हंसी-मज़ाक, देर रात तक परीक्षा की तैयारियों और कमला नगर में दोस्तों के साथ लंबी सैर के बारे में बताया। उन्होंने कहा, ''ये ऐसी यादें हैं जिन्हें मैं आज भी संजोकर रखती हूं और जो मुझे प्रेरित करती रहती हैं।''



गुप्ता ने दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) की अध्यक्ष के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान एक कठिन दौर को भी याद किया, जब एक प्रदर्शन के दौरान हुई दुर्घटना में उन्हें गंभीर चोटें आई थीं।

उन्होंने कहा, ''मैंने लगभग डेढ़ महीने तक दर्द और चुनौतियों का सामना किया। लेकिन मैंने कभी हार नहीं मानी। मुझे तूफ़ानों से जूझने की आदत है...मैं किसी भी राक्षसी ताकत से डरने वाली नहीं हूं।''

मुख्यमंत्री ने कहा, ''विद्यार्थी जीवन में सीखे गए सबक आपको नेतृत्व करने, संवेदनशील बने रहने और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को पूरा करने का साहस देते हैं।''

# अभिनय के इच्छुक व्यक्ति से 24 लाख रुपये ऐंठने के लिए महिला और पुरुष गिरफ्तार

नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली पुलिस ने टीवी धारावाहिक के निर्माता और निर्देशक बनकर अभिनय के इच्छुक लोगों को ठगने के आरोप में एक पुरुष और एक महिला को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी।

डीसीपी (दक्षिण-पश्चिम) अमित गोयल ने बताया कि लखनऊ के निवासी 32 वर्षीय तरुण शेखर शर्मा और दिल्ली की निवासी आशा सिंह उर्फ भावना (29) के नाम देशभर में 20 शिकायतों से जुड़े हैं।

अधिकारी ने बताया कि वे लोकप्रिय टीवी धारावाहिकों और ओटीटी धारावाहिकों में भूमिका दिलाने के बहाने सोशल मीडिया मंच के जरिए लोगों को लुभाते थे। ताजा मामले में उन्होंने एक शिकायतकर्ता से 24 लाख रुपये की ठगी की थी। डीसीपी ने बताया कि शिकायतकर्ता को, खुद को निर्माता बताने वाले इन लोगों का सोशल मीडिया पेज दिखा।

डीसीपी ने कहा कि शिकायतकर्ता ने आरोपियों के पेज पर देखा कि उन्हें एक टीवी धारावाहिक के लिए नए कलाकारों की तलाश है, जिसके बाद उसने आरोपियों से संपर्क किया।

डीसीपी ने कहा कि शिकायतकर्ता से प्रोसेसिंग और सदस्यता शुल्क जैसे विभिन्न बहानों से पैसे मांगे गए। उन्होंने कहा कि कि लगभग 24 लाख रुपये ट्रांसफर करने के बाद आरोपियों ने शिकायतकर्ता को ब्लॉक कर दिया।

अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने पैसों के लेन-देन का पता लगाया और बेंगलुरु में एक किराए के अपार्टमेंट में आरोपियों की मौजूदगी का पता चलने के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ में पता चला कि आरोपी अलग-अलग शहरों से काम करते थे और पकड़े जाने से बचने के लिए बार-बार अपना ठिकाना बदलते रहते थे।

पुलिस ने बताया कि वे लग्जरी होटलों में ठहरते थे और शान-शौकत से रहते थे।

## डीएचसीबीए ने थानों से डिजिटल तरीके से साक्ष्य पेश करने संबंधी उपराज्यपाल के आदेश की निंदा की

नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन ने उपराज्यपाल (एलजी) की हालिया उस अधिसूचना की निंदा की है, जिसमें पुलिसकर्मियों को पुलिस थानों से अदालतों में डिजिटल तरीके से साक्ष्य पेश करने की अनुमति दी गई है।

डीएचसीबीए की कार्यकारी समिति ने अधिसूचना को वापस लिए जाने की मांग करते हुए कहा कि यह निष्पक्ष सुनवाई के सिद्धांतों के खिलाफ है। डीएचसीबीए ने एक प्रस्ताव में कहा, ''दिल्ली उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन की कार्यकारी समिति का दृढ़ मत है कि इस अधिसूचना को वापस लिया जाना चाहिए क्योंकि यह न्याय और निष्पक्ष सुनवाई के मूलभूत सिद्धांतों के खिलाफ है। इसके कार्यान्वयन से मुकदमे की प्रक्रिया खतरे में पड़ जाएगी और ऐसे मुकदमों के परिणाम पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।''

# शीर्ष अदालत ने उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश के फैसलों को समझने में कठिनाई का जिक्र किया

नयी दिल्ली, (भाषा) उच्चतम न्यायालय ने उल्लेख किया कि कैसे उसके न्यायाधीशों को उच्च न्यायालय के एक न्यायाधीश द्वारा दिए गए फैसलों को समझने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था, जो इस साल मई में पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय से सेवानिवृत्त हुए थे।



प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई ने शुक्रवार को कहा, ''सौभाग्य से, वह (उच्च न्यायालय के न्यायाधीश) सेवानिवृत्त हो चुके हैं।'' न्यायमूर्ति गवई उस पीठ की अध्यक्षता कर रहे थे, जिसमें न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन भी शामिल थे।

प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के प्रत्येक फैसले को तब पलट दिया गया, जब उसे शीर्ष अदालत में चुनौती दी गई।

शीर्ष अदालत ने यह टिप्पणियां उस समय कीं, जब वह पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के एक अक्टूबर 2024 को दिए गए फैसले को चुनौती देने वाली अपील पर सुनवाई कर रही थी। यह फैसला उसी न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पीठ ने दिया था। उच्च न्यायालय ने अपीलकर्ताओं को बरी करने के फैसले को पलट दिया था और उसे हत्या के एक मामले में दोषी ठहराया था।

शीर्ष अदालत ने उच्च न्यायालय के आदेश को रद्द कर दिया और मामले को नये सिरे से अपील पर विचार के लिए उच्च न्यायालय के पास वापस भेज दिया।

# सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन ने किया वकीलों की हड़ताल का समर्थन

नयी दिल्ली, अगस्त (भाषा) सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (एससीबीए) ने पुलिसकर्मियों को थानों से वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये अदालतों में गवाही की अनुमति देने वाले फैसले के विरोध में काम से अनुपस्थित रहने वाले वकीलों का समर्थन किया है।

दिल्ली के उपराज्यपाल के 13 अगस्त के आदेश के विरोध में वकील शुक्रवार से हड़ताल पर हैं, जिसमें पुलिस को थानों से ही अदालतों में साक्ष्य प्रस्तुत करने की अनुमति दी गई थी।

सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन ने शुक्रवार को एक बयान में कहा, ''एससीबीए के अध्यक्ष और कार्यकारी समिति ने उपराज्यपाल द्वारा 13 अगस्त को जारी की गई अधिसूचना को गंभीरता से लिया है, जिसमें पुलिस अधिकारियों के साक्ष्य दर्ज करने के लिए पुलिस थानों को स्थान निर्धारित किया गया है।''

एसोसिएशन के अध्यक्ष विकास सिंह ने कहा कि एससीबीए इस अधिसूचना की कड़ी निंदा करती है



और इसे मनमाना, गैरकानूनी तथा प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के विरुद्ध मानती है, क्योंकि इसने न केवल न्यायिक प्रक्रिया की पवित्रता को कमजोर किया है, बल्कि इससे समझौता भी किया है।

एसोसिएशन की सचिव प्रज्ञा बघेल की ओर से जारी बयान में कहा गया कि एससीबीए का मानना है कि अधिसूचना से न्यायपालिका की स्वतंत्रता और न्याय के निष्पक्ष प्रशासन पर गंभीर प्रभाव पड़ा है और यह व्यापक जनहित में नहीं है।

बयान में कहा गया कि तदनुसार, एससीबीए उक्त अधिसूचना की कड़ी निंदा करने का संकल्प लेती है और संबंधित प्राधिकारियों से न्याय एवं कानून के शासन के हित में अधिसूचना को तुरंत वापस लेने का आग्रह करती है।

## रोहिणी में पशुप्रेमियों ने आवारा कुत्ता आश्रय स्थल के सामने किया प्रदर्शन

नयी दिल्ली, (भाषा) उत्तरी दिल्ली के रोहिणी क्षेत्र में पशु कल्याण संगठनों के सदस्यों ने आवारा कुत्ता आश्रय स्थल के बाहर विरोध प्रदर्शन किया और जानवरों के प्रति क्रूरता का आरोप लगाया। इन संगठनों ने उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के अनुरूप कुत्तों को छोड़ने की भी मांग की। शीर्ष अदालत ने शुक्रवार को दिल्ली-एनसीआर के आश्रय स्थलों से टीका लगाये गये आवारा कुत्तों को छोड़ने पर रोक लगाने वाले अपने 11 अगस्त के निर्देश को 'बहुत कठोर' बताते हुए संशोधित किया और कुत्तों को नसबंदी के बाद रिहा करने का आदेश दिया।


**खोया-पाया**

मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2022के अनुक्रमांक 1220625429 के प्रमाणपत्र सहअंकपत्र वास्तव मे खो गये है। **शाहवेज पुत्र अब्दुल बहाब मौहल्ला पीरजादगान पोस्ट व निवास बछरायूं जनपद अमरोहा यूपी।**


# भारत स्वास्थ्य संकट के कगार पर, मधुमेह, हृदय रोग, कैंसर के मामलों में हो रही वृद्धि: डॉक्टर

नयी दिल्ली, (भाषा) पद्म पुरस्कार से सम्मानित डॉक्टरों के एक समूह ने कहा कि भारत स्वास्थ्य संकट के कगार पर खड़ा है, जहां मधुमेह, हृदय रोग और कैंसर जैसी गैर-संक्रामक बीमारियां (एनसीडी) महामारी के स्तर पर पहुंच रही हैं।

हाल में 'पैसिफिक वनहेल्थ' द्वारा आयोजित एक सत्र में, डॉक्टरों ने चेताया कि तत्काल कार्रवाई के बिना, भारत इस एनसीडी महामारी से बहुत ज्यादा प्रभावित होगा।

सर गंगाराम अस्पताल के न्यासी बोर्ड के अध्यक्ष डॉ डी एस राणा ने सार्वभौमिक पहुंच और नैतिक विनियमन की आवश्यकता पर बल दिया।

पद्मश्री से सम्मानित डॉ राणा ने कहा, ''हमारा अंतिम लक्ष्य सार्वभौमिक स्वास्थ्य सेवा होना चाहिए। भारत ने प्रगति की है, लेकिन असमानताएं अभी तक बनी हुई हैं। स्वास्थ्य सेवा को समतापूर्ण बनाने के लिए हमें मजबूत नैतिक प्रथाओं और नियामक साहस की आवश्यकता है, विशेष रूप से दवाओं के मूल्य निर्धारण और अस्पताल की लागत के मामले में।''

हृदय रोग के बढ़ते मामलों पर, मेदांता के 'इंटरवेंशनल और स्ट्रक्चरल हार्ट कार्डियोलॉजी' के अध्यक्ष, डॉ प्रवीण चंद्रा ने कहा कि हृदय कई रोगों के लिए जिम्मेदार है।



पद्मश्री से सम्मानित डॉ चंद्रा ने निवारक स्वास्थ्य के महत्व पर जोर देते हुए कहा, ''गोल्डन ऑवर (जान बचाने के लिहाज से कीमती समय) के दौरान आपातकालीन एंजियोप्लास्टी से अनगिनत लोगों की जान बचाई जा सकती है, तथा उन्नत हृदय संबंधी उपचार अब 80 और 90 वर्ष की आयु के रोगियों के लिए भी सुलभ हैं।''

पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित एंडोक्राइनोलॉजिस्ट और मधुमेह विशेषज्ञ डॉ. अनूप मिश्रा ने मधुमेह पर अपनी चिंताएं व्यक्त कीं।

'फोर्टिस सी-डॉक हॉस्पिटल फॉर डायबिटीज एंड एलाइड साइंसेज' के चेयरमैन और दिल्ली एम्स (अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान) के पूर्व प्रोफेसर (मेडिसिन) ने कहा, ''दिल्ली में हर तीन में से एक निवासी मधुमेह से पीड़ित है, जबकि 30 प्रतिशत लोग प्री-डायबिटिक हैं। यह गर्व करने लायक बात नहीं है- रोकथाम और प्रारंभिक नियंत्रण बेहद महत्वपूर्ण हैं। ओजेम्पिक जैसी दवाएं आशाजनक परिणाम दे सकती हैं, लेकिन जीवनशैली और जागरूकता ही हमारे पास सबसे मजबूत हथियार हैं।''

सर गंगाराम अस्पताल में इंटरनल मेडिसीन के सीनियर कंसल्टेंट डॉ. मोहसिन वली ने विश्वास आधारित देखभाल के महत्व पर जोर दिया और अपने अस्पताल के गैर-लाभकारी मॉडल का हवाला देते हुए कहा कि यह 'स्वास्थ्य सेवा जैसी होनी चाहिए' के आदर्श वाक्य को मूर्त रूप देता है।

पद्मश्री से सम्मानित डॉ. वली ने कहा, ''ऐसे मॉडल को अपनाकर हम गैर-संक्रामक रोगों के बढ़ते बोझ को प्रभावी ढंग से दूर कर सकते हैं और स्वस्थ भारत की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति कर सकते हैं।''

'पैसिफिक वनहेल्थ' के अध्यक्ष और सह-संस्थापक डॉ. स्वदीप श्रीवास्तव ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा को विशेषाधिकार से आगे बढ़कर एक वादा बनना होगा, जो नैतिकता पर आधारित हो, नवाचार से संचालित हो और रोगी पर केंद्रित हो।

श्रीवास्तव ने कहा, ''पैसिफिक वनहेल्थ में हमारा मानना है कि भविष्य निवारक, प्राथमिक और तृतीयक देखभाल को निर्बाध रूप से जोड़ने में निहित है, साथ ही यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पीछे न छूटे।''


## दिल्ली पुलिस ने सेवानिवृत्त बैंकर से 38.5 लाख रुपये ठगने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया

नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली पुलिस ने फर्जी 'ट्रेडिंग एप्लीकेशन' और धमकियों के जरिए एक सेवानिवृत्त बैंकर से 38.5 लाख रुपये की ठगी करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों बताया कि पुलिस ने 25 मई को दर्ज ई-एफआईआर की जांच के बाद हरियाणा के झज्जर निवासी जतिन (25) को बहादुरगढ़ से गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, शिकायतकर्ता 75 वर्षीय सेवानिवृत्त सार्वजनिक क्षेत्र का बैंक कर्मचारी है।

पुलिस ने बताया कि उन्हें सोशल मीडिया संदेशों के माध्यम से धोखाधड़ी वाले 'स्टॉक ट्रेडिंग ऐप' डाउनलोड करने के लिए कहा गया।

पुलिस के अनुसार शिकायतकर्ता को एक निवेश समूह में भी शामिल किया गया, जहां उन्हें 'आईपीओ फंडिंग' और 'लाभ निकासी' के नाम पर निवेश करने के लिए प्रेरित किया गया।

# पुलिस मुठभेड़ में गोकशी के चार आरोपी गिरफ्तार

## दो अभियुक्त गोली लगने से घायल, एक पुलिसकर्मी भी घायल, तमंचे, कारतूस और 50 किलो गोमांस बरामद

नेशनल एक्सप्रेस

बरेली। थाना किला क्षेत्र में पुलिस ने बीती देर रात गोकशी करने वाले गिरोह के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। मुखबिर की सूचना पर की गई दबिश के दौरान पुलिस और अपराधियों के बीच मुठभेड़ हुई। इसमें 4 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि 2 अभियुक्त गोली लगने से घायल हुए। आत्मरक्षा में हुई फायरिंग में एक पुलिसकर्मी भी घायल हुआ। मौके से तमंचे, कारतूस, गोकशी के उपकरण और करीब 50 किलो गोमांस बरामद किया गया।22 अगस्त को थाना किला क्षेत्र के बाकरगंज में नदी किनारे साबिर फौजी के खाली खेत से गोवंशीय पशु के अवशेष मिलने की सूचना पुलिस को मिली थी। इस मामले में थाना किला पर मुकदमा संख्या 399/25 धारा 3/5/8 उत्तर प्रदेश गोवध निवारण अधिनियम 1955 दर्ज किया गया। गौकशी पर अंकुश लगाने के अभियान के तहत प्रभारी





निरीक्षक किला ने अलग-अलग टीमें गठित कीं। इन्हीं टीमों ने गश्त और चेकिंग के दौरान रात में दबिश देकर कार्रवाई की।

गिरफ्तार अभियुक्त ने अपना नाम वीरेन्द्र यादव (25 वर्ष) पुत्र रामभरोसे यादव, निवासी प्राचीन भैरों मंदिर सराय तलफी, थाना सीबीगंज,शमशुद्दीन उर्फ भूरा (55 वर्ष) पुत्र स्व. मकबूल, निवासी मोहल्ला हुसैन बाग बाकरगंज, थाना किला, मुमताज उर्फ सलमान (28 वर्ष) पुत्र मुर्तजा मियां, निवासी मोहल्ला हुसैन बाग बाकरगंज, थाना किला चौथे युवक ने अपना नाम मोहसीन (24 वर्ष) पुत्र फईम हुसैन, निवासी हुसैन बाग बाकरगंज, थाना किला बताया।इस दौरान अकील उर्फ पोली पुत्र नियाज अहमद, निवासी हुसैन बाग और अफजाल मंसूरी उर्फ बबुए पुत्र मुन्ने, निवासी हुसैन बाग, मोबीन पुत्र नामालूम, निवासी हुसैन बाग, वा जमीर पुत्र यूसुफ, निवासी कटरा चांद खां सैलानी, थाना बारादरी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गए।

पुलिस को देखकर बदमाशों टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। इस दौरान पुलिस की जवाबी कार्यवाही में मुमताज उर्फ सलमान के दाहिने पैर में गोली लगी। मोहसीन के बाएं पैर में घुटने के नीचे गोली लगी।इस दौरान कांस्टेबल सुनील कुमार के बाएं हाथ में गोली लगने से वह घायल हो गए। घायल अभियुक्तों और पुलिसकर्मी को तत्काल इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया।

**आरोपियों के कब्जे से बरामदगी**

पुलिस ने आरोपियों के पास से 04 तमंचे (315 बोर) 7 जिंदा कारतूस, 2 खोखा कारतूस,गोकशी में प्रयुक्त 7 छुरे, 1 रस्सी, 1लकड़ी का पटला और करीब 50 किलोग्राम गोमांस बरामद किया है। फरार आरोपियों की तलाश के लिए टीमें सक्रिय हैं। किला थाना पुलिस की इस कार्रवाई से गोकशी करने वाले गिरोहों में हड़कंप मच गया है। पुलिस का कहना है कि फरार अपराधियों की जल्द गिरफ्तारी कर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# ना कोई झगड़ा ना कोई विवाद, घर के बड़े बेटे ने फांसी लगाकर की जीवन लीला समाप्त

● 19 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर दी जान, गांव में मचा हड़कंप पोस्टमार्टम रिपोर्ट से होगा वास्तविकता का खुलासा

नेशनल एक्सप्रेस

बरेली।थाना शेरगढ़ क्षेत्र के गांव सिमरावां में शुक्रवार देर शाम एक 19 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक की मौत से परिवार और गांव में कोहराम मच गया।

सिमरावां निवासी अमित (19 वर्ष) पुत्र मनोहर लाल इलेक्ट्रिशियन का काम करता था और अड्डे पर दुकान चलाता था। परिजनों के अनुसार, वह शुक्रवार को घर से ठीक-ठाक निकला था। देर रात जब घर नहीं लौटा तो परिजनों ने आसपास खोजबीन की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला।

बाद में नागरिया और सिमरवा के बीच स्थित लिप्टिस के पेड़ पर करीब 12 फीट लंबी रस्सी से उसका शव लटकता



हुआ मिला। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में हड़कंप मच गया।

सूचना पर शेरगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मामले की जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।

मृतक की मां चंद्रकली का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया गया कि अमित तीन भाइयों में सबसे बड़ा था और परिवार की जिम्मेदारी उठाता था। परिजनों ने किसी तरह के विवाद या रंजिश से साफ इनकार किया है।

# वाह रे सिस्टम के भ्रष्टाचारी लेखपाल, सरकारी योजनाओं की सहायता को अधर में लटकाया

**एक साल तक दबाए रखा आर्थिक सहायता का आवेदन**

**डीएम के आदेश पर लेखपाल निलंबित,लापरवाही की भेंट चढ़ा गरीब परिवार, विभागीय कार्रवाई शुरू**

नेशनल एक्सप्रेस

बरेली। नवाबगंज तहसील क्षेत्र में लेखपाल की लापरवाही ने मृतक परिवार को पूरे एक साल तक आर्थिक सहायता से वंचित रखा। सर्पदंश से हुई मौत के बाद पीड़ित परिजन ने मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना बीमा योजना के तहत मदद की गुहार लगाई थी, लेकिन लेखपाल धर्मेंद्र ने रिपोर्ट दबाकर रखी। डीएम अविनाश सिंह के निरीक्षण के दौरान जब यह शिकायत सामने आई, तो मौके पर ही एसडीएम को लेखपाल को निलंबित करने का आदेश दे दिया गया।

शाम तक निलंबन आदेश जारी कर दिया गया। एसडीएम उदित पवार ने बताया कि धर्मेंद्र की लापरवाही से फाइल पर आपत्ति लगकर वापस आ गई थी। अब आपत्ति निस्तारित कर फाइल को पुनः जिले पर भेजा गया है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि मृतक नोनीराम के परिजन को नियमानुसार आर्थिक सहायता दी जाएगी।लेखपाल धर्मेंद्र पर केवल फाइल दबाने ही नहीं, बल्कि वरासत, जनता दर्शन, समाधान दिवस और आईजीआरएस शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही के आरोप भी लगे हैं। निलंबन काल में उसे भूलेख कार्यालय से संबद्ध किया गया है।

इसी बीच, गोशाला निरीक्षण में डीएम को क्षमता से अधिक गोवंश मिले। मधु नगला गोशाला में 350 की क्षमता के बावजूद 417 पशु ठूंसे गए थे, जिनमें अब तक 19 की मौत हो चुकी है। हाल ही में लापरवाही पर ग्राम विकास अधिकारी संगीता को भी निलंबित किया जा चुका है। डीएम ने अब हर हफ्ते एसडीएम से निरीक्षण कराने और सीसीटीवी लगाने के निर्देश दिए हैं।

यह पूरा मामला शासन-प्रशासन में फैली लापरवाही और जिम्मेदारी से आंख मूंद लेने की तस्वीर पेश करता है। सवाल ये है कि गरीब परिवारों की मदद के लिए बनी योजनाएं आखिर कब तक ऐसे अफसरों की फाइलों में दबकर दम तोड़ती रहेंगी।

# नंबर वन स्थान पर लगातार काबिज रहने के लिए अधिकारियों को लगाने होंगे एक्स्ट्रा एफर्ट

**मुख्य विकास अधिकारी ने विकास विभाग की सीएम डैशबोर्ड की करी बैठक**

**सी0एम0 डैशबोर्ड की रैंकिंग में उत्तरोत्तर प्रगति बनाए रखने के दिए निर्देश**

नेशनल एक्सप्रेस /दुष्येंद्र कुमार

बरेली,मुख्य विकास अधिकारी देवयानी की अध्यक्षता में आज विकास विभाग की सी.एम. डैशबोर्ड की बैठक कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में सभी सम्बंधित अधिकारियों को सी0एम0 डैशबोर्ड की रैंकिंग में




उत्तरोत्तर प्रगति बनाए रखने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि सीएम डैशबोर्ड पोर्टल पर माह जुलाई 2025 की जारी की गयी रैंकिंग में जनपद बरेली को विकास कार्यक्रमों में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है और यही प्रगति हमें अगस्त माह में भी बनाए रखनी है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने समीक्षा के दौरान पाया कि पी.एम. सूर्यघर योजना की स्थिति सही नहीं है जिस पर नाराजगी व्यक्त करते हुये पी.ओ. नेडा को सुधार करने के निर्देश दिए। फैमिली आई.डी. अधिक से अधिक संख्या में बनाए जाने के निर्देश दिये गये। उन्होने कहा कि फैमिली आई.डी में जो लक्ष्य है उसे यथाशीघ्र पूर्ण किया जाए।

बैठक में जिला कृषि अधिकारी को निर्देश दिए गए कि किसान सम्मान निधि में जो भी पेंडेंसी है उसे ब्लॉक स्तर पर कैम्प लगाकर समाप्त की जाए। समस्त अधिकारियों को निर्देश दिये कि पोर्टल पर लगातार फीडिंग करते रहें तथा इसकी निगरानी भी लगातार की जाए।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डा. विश्राम सिंह, जिला विकास अधिकारी दिनेश कुमार, परियोजना निदेशक डी.आर.डी.ए चन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव, उपायुक्त उद्योग विकास यादव, जिला पंचायत राज अधिकारी कमल किशोर, समाज कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# बांग्लादेशी घुसपैठियों पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई



● फर्जी पासपोर्ट और आईडी बनाकर भारत में रह रहीं तीन बांग्लादेशी महिलाएं गिरफ्तार

नेशनल एक्सप्रेस/ब्यूरो पवन त्रिपाठी

बरेली। जनपद में पुलिस ने एक बड़े ऑपरेशन में तीन बांग्लादेशी महिलाओं को गिरफ्तार किया है। इन महिलाओं पर फर्जी भारतीय आईडी बनवाने, अलग-अलग नाम, माता-पिता और जन्मतिथि से कई पासपोर्ट तैयार करने और अवैध रूप से भारत में रहने का आरोप है। पुलिस के अनुसार, ये महिलाएं अपनी बांग्लादेशी नागरिकता छिपाकर लंबे समय से यहां निवास कर रही थीं और विदेश यात्राएं भी कर चुकी हैं।

प्रेमनगर थाने की पुलिस टीम ने गोपनीय सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की।

थाना प्रभारी आशुतोष रघुवंशी के नेतृत्व में टीम ने 22 अगस्त को शाम करीब 6:30 बजे मोहल्ला बानखाना से मुख्य आरोपी मुनारा बी (उम्र करीब 65 वर्ष) को गिरफ्तार किया। मुनारा मूल रूप से बांग्लादेश के जेस्सोर जिले की रहने वाली है, लेकिन वह बरेली के मौलानगर में रह रही थी। उसकी निशानदेही पर शाम 7:25 बजे सतीपुर चौराहे से दो अन्य महिलाओं - सायरा बानो (उम्र करीब 48 वर्ष) और तसलीमा (उम्र करीब 45 वर्ष) को भी पकड़ा गया। ये दोनों हाफिजगंज इलाके में रहती थीं और मूल रूप से बांग्लादेश की ही हैं।

पुलिस ने बताया कि 21 अगस्त को उपनिरीक्षक वीरेश भारद्वाज ने इस मामले में प्रेमनगर थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। मुकदमा संख्या 322/2025 के तहत आईपीसी की धारा 419, 420, 467, 468, 471 के अलावा पासपोर्ट एक्ट 1967 की धारा 12(1अ)(b), फॉरेनर्स एक्ट 1946 की धारा 14अ(b) और 14इ, तथा आधार एक्ट 2016 की धारा 35 के तहत केस दर्ज किया गया। पूछताछ में साजिश का खुलासा होने पर आईपीसी की धारा 120इ भी जोड़ी गई।

**पूछताछ में क्या खुलासा हुआ?**

गिरफ्तार महिलाओं से पूछताछ में चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। मुख्य आरोपी मुनारा बी ने बताया कि वह बचपन में भारत आई थी और यहां शादी कर बस गई। उसके पति मोहम्मद यासीन उर्फ कल्लू की मौत हो चुकी है। वह घरों में झाड़ू-पोछा का काम करती है। मुनारा ने कबूला कि उसने सायरा बानो के नाम से फर्जी पासपोर्ट बनवाए और पिछले 12 सालों में बांग्लादेश, दुबई समेत कई देशों की यात्राएं कीं। वह अशिक्षित है और अपनी बांग्लादेशी पहचान छिपाकर यहां रह रही थी। सायरा बानो ने कहा कि उसके पति की मौत हो चुकी है और वह मजदूरी करती है। उसके तीन बेटे और दो बेटियां हैं। उसने अपनी बहन मुनारा की विदेश यात्राओं के लिए फर्जी पासपोर्ट बनवाने में मदद की। तसलीमा ने भी यही बात दोहराई कि वह अशिक्षित है, मजदूरी करती है और मुनारा की मदद की। पुलिस इनकी संदिग्ध गतिविधियों की जांच कर रही है, जिसमें विदेशी कनेक्शन और अन्य अपराधों की संभावना शामिल है।

# सुभासपा पदाधिकारियों का फूलमाला पहनाकर किया स्वागत

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

अमरोहा। सुभासपा के राष्ट्रीय सचिव, प्रवक्ता दयाराम भार्गव, प्रदेश अध्यक्ष पश्चिमी उत्तर प्रदेश सुजीत बंजारा, प्रदेश अध्यक्ष व्यापार प्रकोष्ठ अभिनव अग्रवाल व मेरठ मंडल अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री प्रतिनिधि दीपक चौहान जोया में कुछ देर के लिए रुके। इस दौरान जिलाध्यक्ष सत्यपाल तोमर के नेतृत्व में कार्यकताओं और पदाधिकारियों ने फूलमालाओं से उनका स्वागत किया गया। दयाराम भार्गव ने कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में सुभासपा का कारवां तेजी से आगे बढ़ रहा है। सभी जिलों में संगठन खड़ा हो चुका है और आने वाले पंचायत चुनाव में पार्टी अपने प्रत्याशी उतारेगी। प्रदेश अध्यक्ष सुजीत बंजारा ने कहा कि कार्यकर्ता ही संगठन की रीढ़ होते हैं। बूथ स्तर तक संगठन को



मजबूत करना सभी का कर्तव्य है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि कार्यकताओं का सम्मान सर्वोपरि है और उनका उत्पीड़न किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस दौरान जिलाध्यक्ष सत्यपाल तोमर, कोषाध्यक्ष आदेश अमरोही, जिला उपाध्यक्ष इस्लामउद्दीन इदरीसी, ब्लॉक कमांडर जोया प्रीत चौधरी, जिलाध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा नीटू जाटव, ब्लॉक कमांडर शोभित (अमरोहा), विधानसभा अध्यक्ष अमरोहा जुनैद अहमद, नाजिम, सुहेल और वसीम अहमद सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सदर विधायक महबूब अली ने किया गौशाला में निर्मित नवीन शैड का उद्घाटन, गौवंश को खिलाया हरा चारा

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

अमरोहा। सदर विधायक, पूर्व कैबिनेट, लोक लेखा समिति के चेयरमैन महबूब अली ने विकास खण्ड जोया के गांव खईया माफी में स्थित गऊशाला स्थल में निर्मित नवीन शैड का उदघाटन किया। श्री अली ने कहा कि गौशाला के पानी निकासी के लिए हम अपनी निधि से नाले का निर्माण कार्य कराएगे। इस शैड के निर्माण से गौवंश का बरसात, गर्मी, जाडो से बचाव हो सकेगा।

जो गौवंश लावारिस छोड दिये जाते है उनको इस गौशाला में संरक्षित किया जायेगा, श्री अली ने गायो को चारा भी खिलाया और कहा कि हमे पशुओ का




ध्यान रखना चाहिए। इस मौके पर जुल्फकार अली, ब्लॉक प्रमुख जोया, रिजवान पूर्व प्रधान, नाजिम पूर्व प्रधान, आसिम, रासीद अली, राम सिंह, भगवानदास, सतपाल सिंह, आदि पशु प्रेमी उपस्थित रहें।

## संक्षिप्त समाचार

### सनी उर्फ सत्या तमंचे व जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो। फिरोजाबाद। अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना दक्षिण पुलिस ने एक शातिर अपराधी को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने उसके कब्जे से 12 बोर का एक तमंचा और दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में थाना दक्षिण पुलिस टीम ने संदिग्धों की चेकिंग के दौरान यह कार्रवाई की। विवेकानंद स्कूल के पास से अभियुक्त सनी उर्फ सत्या पुत्र पप्पू निवासी हिमायूपुर, माता मंदिर वाली गली, थाना दक्षिण को दबोचा गया। गिरफ्तारी के बाद उसके खिलाफ मु0अ0सं0 923/25 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### थाना खैरगढ़ पुलिस ने अवैध शराब के साथ अभियुक्त को दबोचा

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो । फिरोजाबाद। जनपद में मादक पदार्थों की अवैध बिक्री के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना खैरगढ़ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। क्षेत्राधिकारी शिकोहाबाद के नेतृत्व में थाना खैरगढ़ पुलिस टीम ने दिनांक 26 अगस्त 2025 को हाथवन्त रोड से नगला डहर की तरफ पुलिया के पास से अभियुक्त राजन को 20 पौआ देशी शराब सहित गिरफ्तार किया।

### धोखाधड़ी कर कराए नक्शे पास, नोटिस

बिजनौर/नजीबाबाद। ग्राम पंचायत जालबपुर गूदड़ में एक ही कालोनी में चार नक्शे पास कराए जाने का मामला प्रकाश में आया है। ग्राम प्रधान पति द्वारा की गई शिकायत के आधार पर हुई जांच में ये मामला उजागर हुआ तो एसडीएम ने कॉलोनाईजरो को नोटिस जारी कर दिया है। जानकारी के मुताबिक सुभाषनगर जालबपुर गूदड़ तहसील नजीबाबाद निवासी हिमांशु राजपूत पुत्र सुरेन्द्र कुमार के द्वारा शिकायती प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर अवगत कराया था कि ग्राम जालबपुर गूदड़ स्थित गाटा संख्या 49 के कृषक कमलकान्त वालिया पुत्र रामगोपाल वालिया निवासी मौ. मकबरा नजीबाबाद द्वारा खसरा संख्या 49 में आबादी दर्ज करा कर चार मानचित्र पास कराये गये, जिनमें से मात्र एक मानचित्र पर दिनांक दो अप्रैल 2022 को मानचित्र संख्या - 673 पर क्षेत्रीय लेखपाल की आख्या दी गयी बाकी तीनों मानचित्रों को जालसाजी/धोखाधड़ी करते हुए बिना लेखपाल की आख्या दिये फर्जी व गलत तरीके से प्रशासन की आंख में धूल झोकते हुए जालसाजी से 03 अन्य फर्जी मानचित्र पास करा लिये गये। जिसमें लेखपाल की रिपोर्ट नहीं लगी। उक्त व्यक्ति द्वारा सरकार व प्रशासन को धोखा देते हुए जालसाजी से मानचित्र कूटरचित व सुनियोजित तरीके से कराये गये है, जो कि पूर्णतः अवैध है। अन्त में शिकायतकर्ता ने गाटा संख्या 49 के सभी मानचित्र निरस्त करते हुए गाटा संख्या 49 में काटी गयी कालोनी को अवैध घोषित कर उपरोक्त व्यक्तियों के विरूद्ध कार्यवाही किये जाने का अनुरोध किया था। कमेटी की जांच रिपोर्ट के आधार पर नजीबाबाद तहसीलदार ने मानचित्र की पत्रावली को निरस्त करने की आख्या प्रेषित की जिस पर एसडीएम नजीबाबाद ने कॉलीनाइजर को नोटिस जारी कर दिये है।

# जसराना पुलिस ने अवैध शराब और जुआ सामग्री का किया निस्तारण

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो।

फिरोजाबाद। थाना जसराना पुलिस टीम ने थाना जसराना पर पंजीकृत 29 आबकारी अधिनियम अभियोगों से संबंधित 460 लीटर अवैध देशी शराब (अनुमानित कीमत लगभग ?1,20,000) को न्यायालय के आदेशानुसार विनष्ट किया गया। इसके साथ ही, जुआ अधिनियम के तहत पंजीकृत 04 अभियोगों से संबंधित माल मुकदमाती (कीमत लगभग ?46,085) का भी विधिक प्रक्रिया के अनुसार निस्तारण किया गया। पुलिस द्वारा इस कार्रवाई के दौरान पूरी प्रक्रिया की वीडियो एवं फोटोग्राफी कराई गई। कुल विनष्ट किए गए माल की कीमत लगभग ?1,66,085 आंकी गई है। अधिकारियों ने बताया कि भविष्य में भी इस प्रकार की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी, जिससे अवैध गतिविधियों पर पूरी तरह अंकुश लगाया जा सके।

# सांसद चौधरी कंवर सिंह तंवर की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक संपन्न

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

अमरोहा। सांसद कंवर सिंह तंवर की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक आयोजित हुई। शनिवार को जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक में सांसद चौधरी कंवर सिंह तंवर ने सड़क दुर्घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए एनएचएआई के अधिकारियों को निर्देशित किया कि हाइवे किनारे कई स्थानों पर अवैध कट बना लिए गए हैं, जिनकी वजह से दुर्घटनाएं हो रही हैं बंद कराने के निर्देश दिए। इसके साथ हाइवे किनारे बने नालों में जलभराव की समस्या के निस्तारण के लिए सफाई कराने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला पूर्ति अधिकारी को नियमानुसार राशन वितरण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने एआरटीओ को निर्देशित किया कि विशेष प्रवर्तन कार्रवाई कर जनपद में बिना परमिट और अवैध रूप से चलने वाहनों को बंद कराया जाए। उन्होंने हर घर जल योजना की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि तोड़ी गई सड़कों को गुणवत्तापरक तरीके से ठीक कराया जाए और जिन ग्रामों में ठीक




कराई जा चुकी है उसकी सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। सांसद चौधरी कंवर सिंह तंवर ने स्वच्छ भारत मिशन की समीक्षा करते हुये कहा कि सफाईकर्मियों की जिस ग्राम में तैनाती है उसमें वह अपनी ड्यूटी को जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करते हुए सफाई कार्य करें। मुख्य चिकित्सा अधिकारी से जनपद में चल रहे अल्ट्रासाउण्ड सेन्टरों व निजी चिकित्सालयों पर अभी तक की गई कार्यवाही की जानकारी लेकर निर्देशित करते हुये कहा कि कोई भी अवैध अल्ट्रासाउण्ड सेन्टर व चिकित्सालय संचालित न हो। उन्होंने विद्युत अधिकारियों को निर्देशित किया कि आमजन की विद्युत संबंधी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से किया जाए। सर्व शिक्षा अभियान की समीक्षा करते हुए बीएसए को निर्देश दिए कि परिषदीय विद्यालयों में मिड डे मील की गुणवत्ता परखने के लिए स्वयं स्कूलों में जाए और बच्चों के साथ खाना खाएं। उन्होंने ग्रामों में गठित ग्राम शिक्षा समिति की बैठक अपनी उपस्थित में कराने के भी निर्देश बीएसए को दिए। विधान परिषद डॉ0 जयपाल सिंह व्यस्‍ ने अधीक्षक अभियंता विद्युत को निर्देश दिए कि आरडीएसएस योजना के तहत किए जाने वाले कार्यों की जानकारी जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराने के साथ आमजन को भी विभिन्न माध्यम से दी जाए। बाल विकास पुष्टाहार की संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी लेते हुए कहा कि सुनिश्चित किया जाए कि घरों तक आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पहुंचे और इसकी प्रभारी मॉनिटरिंग करें। और जिला कार्यक्रम अधिकारी भी निरीक्षण कर सुनिश्चित कराएं कि आंगनवाड़ी केंद्रों पर मिलने वाली सेवाएं गर्भवती महिलाओं और बच्चों को समय पर मिले। विधायक धनौरा राजीव तरारा ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी की पात्रता-अपात्रता का विशेष ध्यान दिया जाये। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स सांसद को आश्वस्त करते हुए कहा कहा कि जो भी निर्देश दिये गये हैं उन पर गम्भीरता के साथ शत प्रतिशत अनुपालन करना सुनिश्चित किया जायेगा।मुख्य विकास अधिकारी श्री अश्वनी कुमार मिश्र ने मनरेगा अंतर्गत किए गए कार्यों जैसे बगद और यगद नदी के पुनरुद्धार, मिशन 500 के तालाबों की खुदाई और अतिक्रमण से मुक्त कराना सहित अन्य कार्यों एवं विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों की बिंदुवार जानकारी बैठक में प्रस्तुत की। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद, डीएफओ विनीता सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व गरिमा सिंह, ब्लॉक प्रमुख हसनपुर ममता गुर्जर, ब्लॉक प्रमुख गजरौला मीनाक्षी चौधरी, अध्यक्ष नगर पंचायत पालिका हसनपुर राजपाल सैनी, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद प्रवीण अग्रवाल, ब्लॉक प्रमुख धनौरा आशा चन्द्रा, परियोजना निदेशक डीआरडीए अम्बरीष कुमार आदि मौजूद रहे।

**सांसद चौधरी कंवर सिंह तंवर ने दिए निर्देश-बिना परमिट और अवैध रूप से चलने वाहनों को कराया जाए बंद, अवैध अल्ट्रासाउण्ड सेन्टर व चिकित्सालय न हो संचालित, आमजन की विद्युत संबंधी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से किया जाए**

# डीएम, एसपी ने कोतवाली चंदौसी पहुंचकर सुनी जन समस्याएं

## थाना समाधान दिवस में आयी प्रत्येक जनसामान्य की शिकायतों का किया जाए शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण : डीएम

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता

चंदौसी। शासन के मंशानुरूप थाना समाधान दिवस में आये प्रत्येक जन सामान्य की समस्या के त्वरित निस्तारण के लिए जिलाधिकारी डॉ राजेंद्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन कोतवाली चंदौसी में किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि थाना समाधान दिवस में आयी जन सामान्य की शिकायतों को शीघ्र एवं गुणवत्ता पूर्ण किया जाए निस्तारण।





थाना समाधान दिवस के अंतर्गत कोतवाली चंदौसी में 03 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ जिसमें एक शिकायत का निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

इस अवसर पर कोतवाली चंदौसी के निरीक्षक सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# ओएलएफ परिवार ने जनता के लिए लगाया ठंडे पानी प्याऊ



नेशनल एक्सप्रेस

चंदौसी। नगर के सीता रोड स्थित सुप्रसिद्ध महावीर आश्रम (हनुमान मंदिर) पर स्व० राजेश गुप्ता की स्मृति में ओमी लाला फार्म हाउस के स्वामी श्रीमान ओमप्रकाश ओमी लाला, उनके पुत्र कपिल गुप्ता, पुत्र बधु दीपमाला व पौत्र सजल गुप्ता ने वैदिक रिती रिवाज के साथ ठंडे पानी का फ्रिज जनता को समर्पित किया।

# संगठन का विस्तार मजबूत कर, पत्रकार उत्पीड़न को लेकर चर्चा

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता

चन्दौसी । ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के प्रांतीय उपाध्यक्ष राम नरेश चौहान के आवास ग्राम गढ़िया पोस्ट हथौड़ावन,पटियाली जनपद कासगंज में संगठन के विस्तार एवं मजबूती एवं पत्रकार उत्पीड़न को लेकर चर्चा हुई हैं। इस चर्चा में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन इकाई जनपद संभल के जिला अध्यक्ष मुनीश शर्मा भी मौजूद रहे। मुनीश शर्मा ने संगठन की मजबूती के लिए युद्ध स्तर पर तैयारी करने के लिए अपनी योजना से अवगत कराया । और पत्रकारों पर आए दिन झूठे मुकदमे लगाकर उनकी आवाज को दबाने का काम, शासन और प्रशासन द्वारा किया जा रहा है, किसी भी पत्रकार साथी का उत्पीड़न ना हो इसके लिए संगठन में बड़े स्तर पर गहनता से विचार किया गया । समस्या से उभरने के लिए संगठन के पदाधिकारी चर्चा कर समाधान निकालने के लिए प्रयासरत है। डॉ नरेश पाल सिंह प्रदेश महामंत्री (संगठन) ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश



भी मौजूद रहे साथ ही साथ इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष रामनरेश चौहान ने जिला अध्यक्ष संभल मुनीश शर्मा व डॉक्टर नरेश पाल सिंह, प्रांतीय महामंत्री संगठन को पटका और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया ।

# साक्षी सेवा समिति की शाखा साक्षी एड. यूनिटी ने नगर के इण्टर कॉलेज कराई कला प्रतियोगिता



नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता

चंदौसी। साक्षी सेवा समिति चंदौसी जिला संभल के तत्वाधान में समिति की शाखा साक्षी एडवोकेट यूनिटी द्वारा शनिवार को नगर चंदौसी के सुप्रसिद्ध विद्यालय राजेश कुमार सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज चंदौसी में कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पूजा वंदन किया गया। एडवोकेट यूनिटी की संस्थापिका एड रंजना शर्मा द्वारा उपस्थित छात्र,छात्राओं को सनातन धर्म के प्रथम इष्ट देवता गणेशजी महाराज का चित्र एवम् उनके विषय में लिखने का समय देते हुए प्रतियोगिता आरंभ करवाई गई। एडवोकेट यूनिटी के मीडिया प्रभारी एड विकास मिश्रा,सह सचिव एड शिप्रा शर्मा ने अपने मार्ग दर्शन में प्रतियोगिता सम्पन्न कराई।विद्यालय के सम्मानित अध्यापक ,अवधेश मिश्रा, रोहताश सिंह, विनेश शर्मा सहित समस्त स्टाफ ने प्रतियोगिता पूर्ण रूप से सहयोग किया।कला प्रतियोगिता में कक्षा नवम के छात्र हर्षित दिवाकर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा अष्टम की छात्रा बेबी राणा ने द्वितीय स्थान, कक्षा दशम की छात्रा मोनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। एडवोकेट यूनिटी की ज्यूरी टीम एड रंजना शर्मा एड विकास मिश्रा एड शिप्रा शर्मा ने प्रथम ,द्वितीय, तृतीय स्थान पर आने वाले बच्चों को पुरस्कार दिया साथ ही प्रतियोगिता में सम्मिलित होने वाले प्रत्येक बच्चों को उत्साहित करने के लिए सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया।लगभग 69 छात्र छात्राओं ने प्रतियोगिता में भाग लिया एडवोकेट यूनिटी द्वारा विद्यालय के सम्मानित अध्यापक गण एवं समस्त स्टाफ का आभार व्यक्त किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता एड रंजना शर्मा ओर संचालन एड विकास मिश्रा द्वारा किया गया '

# 98 पत्रावली सुनकर 41 का निस्तारण, 11 परिवारों को मिलाया



नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता

संभल। पुलिस अधीक्षक के के बिश्नोई की देखरेख में चलाए जा रहे पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र की एक मीटिंग शनिवार 10 बजे महिला सेल प्रभारी इंस्पेक्टर पूनम आनंद की देखरेख में महिला थाने में संपन्न हुई जिसमें पति-पत्नी के मध्य भी आपसी विवादों का सुलह समझौते के आधार पर निस्तारण करने का प्रयास काउंसलन द्वारा किया गया जहां कुल 98 पत्रावली सुनकर 41 पत्रावलियों का निस्तारण किया गया तथा 11 परिवार को मिलाया गया तथा 25 पत्रावलियों को न्यायालय में विचाराधीन होने अथवा आवेदक द्वारा बल न देने के कारण बंद करने की संतुति की गई। एवं 5 पत्रावली में विधिक कार्यवाही करने की संतुति की गई।इस अवसर पर विधिक परामर्शदाता काउंसलर लव मोहन वार्ष्णेय एडवोकेट, संगीता भार्गव, श्वेता गुप्ता बबीता शर्मा सीमा आर्य कंचन महेश्वरी तथा कांस्टेबल शहजाद मलिक रश्मि गहलोत ज्योति आदि लोग उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### विद्युत विभाग के कर्मियों के साथ मारपीट करने में चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज



नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता/चंदौसी ' शनिवार को विद्युत विभाग के के के नेतृत्व में अन्य विद्युत कर्मी बकाया वसूली करने व विद्युत चेकिंग करने गए थे वहीं दो विद्युत कर्मी को गांव के लोगों ने बंधक बनाकर मारपीट की जिसके बाद जेई कुलदीप कुमार और लाइनमैनों ने पुलिस को दी तहरीर में बताया गया कि बिजली विभाग की टीम राजस्व वसूली करने गांव रहोली में शनिवार सुबह करीब 11 बजे गई थी। गांव में जाहरवीर मंदिर के रास्ते पर गांव का चंद्रपाल अवैध तरीके से बिजली का उपयोग कर रहा था। जब लाइनमैन ने उसका विद्युत कनेक्शन काट दिया और वीडियोग्राफी करने के लिए जेब से मोबाइल निकाला, तो उसके तीनों बेटे ओमवीर, बॉबी और महेंद्र समेत गांव का ही कालू आ आए। जिन्होंने मोबाइल फोन तोड़ दिया और एक बेटे ने डिस्कनेक्शन बुक फाड़ दी। इस दौरान गांव के 15 से 20 लोग और आ गए और टीम के साथ जमकर हाथापाई की और हथौड़ी से जानलेवा हमला किया। जिसके बाद पुलिस ने पुलिस ने तहरीर के आधार पर चार लोगों के खिलाफ बीएनएस की धाराओं मं मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। तहरीर देने वालों में जेई कुलदीप कुमार सहित लाइनमैन शिव कुमार, कुलदीप, अनेकपाल, संजीव कुमार, अनिल आदि शामिल रहे।

### बॉर्डर चेक पोस्ट का 5 वर्षीय कन्या के हाथों फीता काटकर एवं विधि विधान से किया लोकार्पण



नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता/बनियाठेर ' जिला खनिज न्याय योजना के अंतर्गत थाना बनियाठेर की चौकी संभल और मुरादाबाद बॉर्डर टी पॉइंट पर स्थित अकरौली बॉर्डर चेक पोस्ट का 5 वर्षीय कन्या के हाथों फीता काटकर एवं मन्त्रोंउच्चारण के साथ विधि विधान के तहत लोकार्पण किया गया ' शनिवार दोपहर 2 बजे के करीब चंदौसी मुरादाबाद नेशनल हाईवे रोड पर दो जनपदों की बॉर्डर पर स्थित बॉर्डर चेक पोस्ट चौकी अकरौली थाना बनियाठेर का जनपद संभल के 5 वर्षीय कुमारी छवि उर्फ निदिया कक्षा एक की छात्रा ने थाना प्रभारी मेघपाल सिंह की मौजूदगी में फीता काटकर लोकार्पण किया वहीं क्षेत्रीय ग्राम प्रधान सम्मानित लोग व थाना प्रभारी, व समस्त थाना स्टाफ में देवेंद्र सिंह यादव संजय कुमार, उपनिरीक्षक आदिल, कांस्टेबल मोहन तथा महिला कांस्टेबलो के द्वारा मंत्रो उच्चारण के साथ अग्नि में आहुति देते हुए पूजा अर्चना की गई और विधि विधान के तहत शुभारंभ किया गया वहीं बॉर्डर पर होने के कारण दो जनपदों के बीच आवाजाही करने वाले वाहनों पर विशेष कर सुरक्षा की दृष्टिगत निगरानी रखी जाएगी हालांकि चेक पोस्ट पर सीसीटीवी कैमरा के द्वारा निगरानी कर चेक पोस्ट को सुरक्षित रखने हेतु थाना बनियाठेर पुलिस प्रयास रत रहेगी।

### उ0प्र0 माटीकला बोर्ड द्वारा संचालित नि:शुल्क टूल किट्स वितरण का होगा आयोजन

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता /संभल। कुबर सेन जिला ग्रामोद्योग अधिकारी सम्मल के द्वारा बताया गया कि सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उ०प्र० माटीकला बोर्ड द्वारा संचालित निःशुल्क टूल किट्स वितरण योजना के अंतर्गत आधुनिक इलेक्ट्रोनिक चॉक हेतु आवेदन किया गया है चॉक हेतु आवेदको का साक्षात्कार मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में 28 अगस्त को प्रातः 11 बजे मुख्य विकास अधिकारी के कक्ष बहजोई (सम्भल) में होना सुनिश्चित हुआ है। ससमय साक्षात्कार में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करे।

### अभियान चलाकर पकड़े बंदर

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो। शिकोहाबाद । जनपद के शिकोहाबाद जिला संयुक्त चिकित्सालय में बंदरों का आतंक लगातार बढ़ रहा था जिसको लेकर नगर पालिका द्वारा अभियान के तहत करीब 100 बंदरों को पकड़ा है ।

# राजकीय फल संरक्षण एवं प्रशिक्षण केंद्र का फीता काट किया उद्घाटन

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता

चंदौसी। शनिवार को राजकीय फल संरक्षण केंद्र एवं प्रशिक्षण केंद्र चंदौसी जिला संभल उत्तर प्रदेश द्वारा ग्राम में न्याय पंचायत असालतपुर जारई ब्लाक बनिया खेड़ा जिला संभल उत्तर प्रदेश में दो दिवसीय मुख्यमंत्री खाद्य प्रसंस्करण ग्राम स्वरोजगार योजना के अंतर्गत शनिवार से रविवार तक के प्रशिक्षण कार्यक्रम का आरती देवी ग्राम प्रधान एवं प्रधानाचार्य सुरेंद्र कुमार जायसवाल राजकीय खाद्य विज्ञान प्रशिक्षण केंद्र के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर शुभारंभ किया गया हुकम सिंह राणा सेवा निर्वरत सहायक प्रभारी एवं पिंकी सिंह आदि विषय वास्तु विशेषज्ञ



उपस्थित रहे तथा हुकम सिंह राणा विषय विशेषज्ञ ने नींबू का अचार और आदि कैसे बनाया जाता है इसके बारे में जानकारी दी पिंकी सिंह द्वारा महिला उद्यमी के रूप में विभिन्न प्रकार के मसाले एवं नींबू का स्क्वायर कैसे तैयार किया जाता है और न्यू के स्पर्श को बनाकर दिखाया गया केंद्र प्रभारी नौ सिंह द्वारा द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया एवं पीएमएफएम योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई किस तरीके से उद्यम लगाया जाए प्रस्ताव तैयार कराया जाए तथा एमएफएम योजना के द्वारा लाभार्थियों को उद्योग लगाने पर विभाग द्वारा 35% तक का अनुदान प्राप्त किया जा सकता है कार्यक्रम में उपस्थित रहे सभी को जलपान के रूप में खाना आदि वितरण किया गया तथा स्टेशनरी आदि का वितरण किया गया।

# 02 अक्टूबर को वितरण होने वाली छात्रवृत्ति हेतु प्रक्रियात्मक कार्यवाही

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता

संभल। दिलीप कुमार, जिला पिछडा वर्ग कल्याण अधिकारी द्वारा बताया गया कि उत्तर प्रदेश शासन द्वारा पूर्वदशम् छात्रवृत्ति (कक्षा 9-10) एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति / शुल्क प्रतिपूर्ति (कक्षा 11-12) योजनान्तर्गत छात्रवृत्ति का वितरण 02 अक्टूबर, 2025 को कराये जाने के निर्देश प्रदान किये गये हैं। व उक्त के सम्बन्ध में जनपद की समस्त शिक्षण संस्थाओं पूर्वदशम छात्रवृत्ति (कक्षा 9-10) एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति (कक्षा 11-12) को सूचित किया जाता है कि (कक्षा 9-10) छात्रवृत्ति एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति (कक्षा 11-12) योजनान्तर्गत छात्रों से अधिक से अधिक आवेदन कराते हुए पात्र छात्र/छात्राओं के आवेदन पत्रों को 31 अगस्त 2025 तक नियमानुसार ऑनलाइन सत्यापित एवं अग्रसारित / निरस्त करना सुनिश्चित करें, ताकि शासन द्वारा 02 अक्टूबर 2025 को अधिक से अधिक छात्र/छात्राओं को छात्रवृत्ति की धनराशि प्रेषित की जा सके। साथ ही जनपद की समस्त पूर्वदशम (कक्षा 9-10) एवं दशमोत्तर (कक्षा 11-12) की शिक्षण संस्थाओं को यह भी सूचित किया जाता है कि ऐसी शिक्षण संस्थाएँ जिनके द्वारा अभी तक अपनी प्रोफाइल इत्यादि लॉक नहीं की गयी है। वह शिक्षण संस्थाएँ अपनी प्रोफाइल एवं सीट 02 दिवस के भींतर लॉक करना सुनिश्चित करें, तदोपरान्त प्रोफाइल एवं सीट 02 जिला विद्यालय निरीक्षक की लॉगिन से नियमानुसार लॉक की जायेंगी। उपरोक्त प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरान्त ही संबंधित छात्रों के आवेदन पत्र संबंधित शिक्षण संस्थाओं से अग्रसारित हो सकेंगे। प्रोफाइल वेरीफाई संबंधित रिपोर्ट राज्य एन०आई०सी० द्वारा शिक्षण संस्थाओं की लॉगिन पर प्रदर्शित करायी जा चुकी है समस्त शिक्षण संस्थान अपनी प्रोफाइल एवं सीट 02 दिवस के भींतर लॉक करायें।

# डीएम-एसपी ने किया बॉर्डर चेक पोस्ट व कैथल चौकी का लोकार्पण, मेले का भी किया निरीक्षण

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता

चंदौसी। जिलाधिकारी डॉ.राजेंद्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई के द्वारा शनिवार को जिला खनिज न्यास योजना के अंतर्गत तहसील चंदौसी के बदायूं रोड़ ग्राम पथरा मोड स्थित बॉर्डर चेक पोस्ट का लोकार्पण किया। जिसमें जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जनपद में वाहनों के आवागमन पर चेक पोस्ट के द्वारा निगरानी रखी जाएगी।साथ ही साथ जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने विकासखंड बनियाखेड़ा के ग्राम कैथल में नवनिर्मित नवीन पुलिस चौकी का फीता काटकर लोकार्पण किया। जिलाधिकारी एवं



पुलिस अधीक्षक ने कैथल नवनिर्मित चौकी परिसर में वृक्षारोपण भी किया उन्होंने कहा कि कैथल चौकी लोगों के लिए एक मील का पत्थर साबित होगी। इसके उपरांत जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने गणेश चौथ मेला परिसर का निरीक्षण किया जिसमें



जिलाधिकारी ने संपूर्ण मेला परिसर का भ्रमण करते हुए आवश्यक सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं को देखा और संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि मेले में प्रकाश एवं साफ सफाई का विशेष ध्यान दिया जाए जिलाधिकारी ने कहा कि पूरे देश में मुंबई के



बाद चंदौसी को मिनी वृंदावन बोला जाता है दूसरी गणेश यात्रा निकाली जाती है। इस अवसर पर मेला थाना प्रभारी सतेंद्र पावर, कोतवाली प्रभारी मोहित कुमार चौधरी, सहित समस्त संबंधित अधिकारी एवं मेला कमेटी के लोग उपस्थित रहे।

## संपादकीय

# संसद सत्र और जनता का भरोसा

लोकसभा और राज्यसभा अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई हैं। यानी संसद का मॉनसून सत्र समाप्त हो गया। सवाल यह है कि आखिर इस सत्र का होना और न होना देश के लिए कितना मायने रखता था? यह कहने में कष्ट तो है, लेकिन सच्चाई यही है कि यदि यह सत्र न भी होता तो कोई राष्ट्रीय नुकसान नहीं होता। यह विचार दुख और व्यथा से भरा है, क्योंकि संसद देश का सर्वोच्च और गरिमामय लोकतांत्रिक मंदिर है, लेकिन आज की वास्तविकता में यह मंदिर किसी अखाड़े में बदल गया है, जहां बहस और संवाद के स्थान पर केवल हंगामा और शोर-शराबा रह गया है।इस सत्र पर करीब 190 करोड़ रुपये खर्च किए गए। एक दिन की संसदीय कार्यवाही पर औसतन 9 करोड़ रुपये का व्यय होता है। यह पैसा सांसदों की जेब से नहीं, बल्कि करदाता जनता की गाढ़ी कमाई से आता है। लेकिन प्रश्न यह है कि जब संसद में कोई सार्थक कार्यवाही नहीं होनी, जब केवल हंगामे और स्थगन ही होना है, तो इस खर्च का औचित्य क्या है? विडंबना यह है कि सदन चले या न चले, सांसदों को प्रतिदिन का 2500 रुपये भत्ता मिलना तय है। जनता के टैक्स से चलने वाली इस व्यवस्था में यदि काम न हो, तो क्या सांसदों से इसकी भरपाई नहीं होनी चाहिए? कुछ सांसदों ने इस बार यह मुद्दा उठाया भी कि सदन के स्थगन से जितना आर्थिक नुकसान हुआ है, उसकी भरपाई सांसदों से ही की जाए और उनके वेतन व भत्तों में कटौती हो।दरअसल, सत्र के दौरान विपक्ष ने चुनाव आयोग और एसआईआर से जुड़े मुद्दों पर लगातार हंगामा किया। उन्हें भलीभांति जानकारी थी कि संसद के भीतर चुनाव आयोग पर प्रत्यक्ष बहस नहीं हो सकती, क्योंकि मतदाता सूचियों का पुनरीक्षण चुनाव आयोग का संवैधानिक अधिकार है। इसके बावजूद विपक्ष ने इसे अपना अधिकार मानते हुए हंगामा जारी रखा और कार्यवाही को ठप कर दिया। यहां तक कि दिवंगत नेता अरुण जेटली के बयानों को उद्धृत कर विपक्ष ने अपनी बात को सही ठहराने की कोशिश की। सवाल यह उठता है कि यदि संवैधानिक अधिकार के नाम पर संसद को बार-बार बाधित किया जाएगा और अंततः उसे स्थगित करना पड़ेगा, तो नुकसान की भरपाई कौन करेगा?यह कहना भी पूरी तरह सत्य नहीं है कि सदन चलाना केवल सत्ता पक्ष का दायित्व है। सत्ता पक्ष की जिम्मेदारी है कि कार्यवाही को सुचारु रूप से आगे बढ़ाए, लेकिन विपक्ष की भी उतनी ही जिम्मेदारी है कि वह बहस और चर्चा में भाग ले। लोकतंत्र तभी सार्थक है, जब दोनों पक्ष एक-दूसरे को सुनें और संवाद करें। लेकिन हालात ऐसे हैं कि संसद अब संवाद का मंच न होकर टकराव का अखाड़ा बन गई है।कहने को इस सत्र में लोकसभा में 12 और राज्यसभा में 14 बिल पारित किए गए। लेकिन उन्हें ध्वनिमत से, बिना चर्चा और बहस के पास कर दिया गया। यदि यही करना है तो संसद का सत्र बुलाने की क्या जरूरत है? ऑनलाइन गेमिंग से जुड़ा विधेयक, जो लगभग 45 करोड़ लोगों को प्रभावित करता है और जिसमें करीब 20,000 करोड़ रुपये दांव पर लगे हैं, बिना चर्चा के पारित कर दिया गया। इसी तरह इंडियन पोर्ट्स बिल 2025 और नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस बिल जैसे महत्वपूर्ण विधेयक भी बिना गहन विचार-विमर्श के मंजूरी पा गए। क्या ऐसे में कहा जा सकता है कि संसद ने अपनी जिम्मेदारी पूरी की?सत्र की उत्पादकता का हाल भी निराशाजनक रहा। लोकसभा की उत्पादकता केवल 31 फीसदी और राज्यसभा की 35 फीसदी रही। लोकसभा में विधायी कार्य कुल 2.9 घंटे और राज्यसभा में महज 13.1 घंटे ही हो सका। जबकि लोकसभा में 126 घंटे काम होना तय था, लेकिन केवल 37 घंटे ही काम हो पाया। प्रश्नकाल, जिसे लोकतंत्र की आत्मा कहा जाता है, लोकसभा में मात्र 4.7 घंटे और राज्यसभा में केवल 1.2 घंटे चल सका। आखिर संसद का क्या औचित्य रह जाता है जब सांसद अपने मंत्रियों से सवाल ही न पूछ पाएं?यह सत्र एक और कारण से याद किया जाएगा। अचानक उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति को इस्तीफा देने के लिए बाध्य होना पड़ा। यह घटना भी भारतीय लोकतंत्र की गरिमा पर सवाल उठाती है। दिलचस्प बात यह रही कि पूर्व उपराष्ट्रपति सार्वजनिक रूप से कहीं दिखाई नहीं दिए और उन्होंने एक भी बयान नहीं दिया। उन्हें विदाई तक नहीं दी गई।

# विकराल होते आनलाइन गेम पर नियंत्रण का कानून



ललित गर्ग

आज स्थिति यह है कि ऑनलाइन गेमिंग की लत केवल समय और धन की बर्बादी ही नहीं कर रही, बल्कि सामाजिक और पारिवारिक रिश्तों में भी तनाव और विघटन का कारण बन रही है। स्कूल और कॉलेज के छात्र अपनी पढ़ाई की उपेक्षा कर इस आभासी दुनिया में डूबते जा रहे हैं। युवा वर्ग का एक बड़ा हिस्सा रात-दिन गेमिंग में डूबा रहता है, जिससे उनके व्यक्तित्व और भविष्य पर गहरा नकारात्मक असर पड़ रहा है।

इंटरनेट के विस्तार ने आधुनिक दौर में जीवन को अनेक सुविधाएं दी हैं, लेकिन इसके साथ ही कुछ नए गंभीर संकट भी पैदा किए हैं। इनमें सबसे गंभीर संकटों में से एक है ऑनलाइन गेमिंग या कहें तो मनी गेमिंग की बढ़ती लत। यह सच है कि गेमिंग मनोरंजन का साधन हो सकती है, पर जब इसमें धन का जुड़ाव होता है, तब यह सीधा-सीधा जुए एवं सट्टे के रूप में बदल जाती है। यह एक कड़वी सच्चाई है कि ऑनलाइन मनी गेमिंग यदि लत बन जाए तो यह संपन्न व्यक्ति एवं परिवार को भी कंगाल कर सकती है। एक आंकड़े के अनुसार देश में एक साल में 45 करोड़ लोगों ने बीस हजार करोड़ गवां दिये हैं। सब कुछ गंवा कर आत्महत्या करने के मामले भी प्रकाश में आते रहे हैं। सवाल इन लालच बेचने एवं जगाने वाली मनी गेमिंग की पारदर्शिता को लेकर भी उठते रहे हैं। इन्हीं चिंताओं एवं त्रासद विडम्बनाओं के बाद ऑनलाइन गेमिंग पर नियंत्रण का एक विधेयक भारत सरकार इसी मानसून सत्र में ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन एवं विनियमन विधेयक 2025 लेकर आई है। जिसे अब गंभीर चर्चा के बिना संसद ने पारित भी कर दिया है। यह विधेयक पैसे से खेले जाने वाले किसी भी ऑनलाइन गेम को गैरकानूनी घोषित करता है। यह स्वागत योग्य कदम है, क्योंकि गेमिंग के नाम पर अरबों रुपए का लेन-देन और करोड़ों युवाओं की मानसिक शांति को नष्ट करने वाली प्रवृत्ति दिनोंदिन विकराल रूप ले रही है।

आज स्थिति यह है कि ऑनलाइन गेमिंग की लत केवल समय और धन की बर्बादी ही नहीं कर रही, बल्कि सामाजिक और पारिवारिक रिश्तों में भी तनाव और विघटन का कारण बन रही है। स्कूल और कॉलेज के छात्र अपनी पढ़ाई की उपेक्षा कर इस आभासी दुनिया में डूबते जा रहे हैं। युवा वर्ग का एक बड़ा हिस्सा रात-दिन गेमिंग में डूबा रहता है, जिससे उनके व्यक्तित्व और भविष्य पर गहरा नकारात्मक असर पड़ रहा है। यह संकट केवल आर्थिक ही नहीं, मानसिक और सामाजिक भी है। दिन-रात स्क्रीन से चिपके रहने वाले युवक चिड़चिड़ापन, अवसाद और एकाकीपन का शिकार हो रहे हैं। उनमें हिंसक प्रवृत्तियां भी उभर रही हैं। कई ऐसी खबरें भी आ चुकी है, जिनमें लगातार आनलाइन गेम खेलते रहने से मना करने पर कोई किशोर हिंसक हो गया और उसने या तो आत्महत्या कर ली या फिर किसी की जान ले ली। ऑनलाइन गेमिंग से जुड़ी लत रिश्तों को तोड़ रही है, दोस्ती और पारिवारिक बंधनों को कमजोर कर रही है। एक पूरी पीढ़ी, जिसे राष्ट्रनिर्माण की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए था, अपनी ऊर्जा और रचनात्मकता इस आभासी जुए में गँवा रही है।

सरकार के मुताबिक, वह ई-स्पोर्ट्स और सोशल गेमिंग को बढ़ावा देने के लिये अवश्य उत्सुक है, जिसमें कोई वित्तीय जोखिम न हो।



यहां उल्लेखनीय है कि ऑनलाइन गेमिंग का वार्षिक राजस्व 31,000 करोड़ रुपये से अधिक है। इसके साथ ही यह हर साल प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष करों के रूप में बीस हजार करोड़ रुपये से अधिक का योगदान देता है। लेकिन इसके साथ चिंता का विषय यह भी है कि सुनहरे सब्जबाग दिखाने वाले कई ऑनलाइन गेमिंग एप लत, खेलने वाले आम लोगों के आर्थिक नुकसान और मनी लॉनड्रिंग को भी बढ़ावा देते हैं। यही वजह है कि ऑनलाइन गेमिंग में अपनी जमा पूंजी लुटाने वाले बदकिस्मत उपयोगकर्ता नाकामी के बाद आत्महत्या तक करने को मजबूर हो जाते हैं। निस्संदेह सरकार ने राजस्व की परवाह न करते हुए ऑनलाइन मनी गेमिंग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाकर एक बड़ा जोखिम भी उठाया है। लेकिन सवाल यह भी है कि क्या केवल कानून से इस प्रवृत्ति पर अंकुश लग सकेगा? इंटरनेट का विस्तृत दायरा और विदेशी ऑनलाइन ऑपरेटर विधेयक के प्रमुख उद्देश्यों को विफल करने की कोशिश कर सकते हैं। यह नितांत अपेक्षित है कि वित्तीय प्रणालियों की अखंडता के साथ-साथ राष्ट्र की सुरक्षा और संप्रभुता की रक्षा होनी चाहिए। माना जा रहा है कि इस नये कानून को बनाने की जरूरत संभवतः छह हजार करोड़ रुपये वाले महादेव ऑनलाइन सट्टेबाजी घोटाले के बाद महसूस की गई। जिसकी जांच सीबीआई और ईडी कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ के कुछ शीर्ष राजनेताओं और नौकरशाहों पर सट्टेबाजी एप के यूएई स्थित प्रमोटरों के साथ संबंध होने के आरोप लगे हैं। जो कथित तौर पर हवाला कारोबार और विदेशों में धन-शोधन के कार्यों में लिप्त बताये जाते हैं।

भारत सरकार का यह कदम इसलिए भी जरूरी एवं प्रासंगिक है कि इस उद्योग का टर्नओवर कई आर्थिक, राष्ट्रीय एवं सामाजिक विसंगतियों के साथ कई हजार करोड़ तक पहुंच गया है। विदेशी कंपनियां भी इस क्षेत्र में सक्रिय होकर भारतीय युवाओं को लुभाने के लिए तरह-तरह के विज्ञापन और प्रलोभन दे रही हैं। इन मंचों पर जीतने की लालच में फंसकर युवा अपने उज्ज्वल भविष्य को दांव पर लगा रहे हैं। यह प्रवृत्ति केवल व्यक्तिगत जीवन नहीं बिगाड़ती, बल्कि राष्ट्र की प्रगति में भी बाधक है, क्योंकि जिन युवाओं को शिक्षा, विज्ञान, प्रौद्योगिकी और राष्ट्रनिर्माण में योगदान देना चाहिए, वे अपना समय और ऊर्जा इन आभासी खेलों में गवां रहे हैं। आज जरूरत है कि ऑनलाइन गेमिंग की इस समस्या को केवल कानूनी दायरे में ही नहीं, बल्कि सामाजिक और पारिवारिक स्तर पर भी गंभीरता से लिया जाए। अभिभावकों को चाहिए कि वे बच्चों को समय पर समझाएं, उनका मार्गदर्शन करें और उन्हें सकारात्मक गतिविधियों की ओर प्रेरित करें। समाज को भी मिलकर यह संकल्प लेना होगा कि मनोरंजन के नाम पर फैल रहे इस जुए की घातक एवं विध्वंसक संस्कृति को बढ़ावा न दिया जाए।

यह ठीक है कि सरकार ने ऑनलाइन गेमिंग को नियंत्रित करने का प्रस्ताव पारित कर एक सही दिशा में सराहनीय कदम बढ़ाया है, लेकिन कानून से भी अधिक जरूरी है जागरूकता। जब तक लोग स्वयं यह नहीं समझेंगे कि गेमिंग का यह जुआ उनके भविष्य को तबाह कर रहा है, तब तक समस्या का समाधान संभव नहीं है। इसलिए अब समय आ गया है कि हम मनोरंजन के नाम पर छल रही इस प्रवृत्ति का पर्दाफाश करें और अपने युवाओं को सुरक्षित, रचनात्मक और सकारात्मक भविष्य की राह पर अग्रसर करें। असंख्य परिवारों को आज अपने बच्चों की इस आदत के कारण कर्ज और बर्बादी में अंधेरों में जाने से बचाये। खेल के नाम पर ऑनलाइन मंचों पर पैसा लगाना दरअसल सट्टेबाजी ही है, जिसमें जीत की संभावना क्षणिक होती है और हार की संभावना लगभग निश्चित।

लाखों युवक अपने खून-पसीने की कमाई या माता-पिता की मेहनत की कमाई को इन कंपनियों की तिजोरियों में डाल रहे हैं। यह समस्या अब जुए की लत से भी अधिक खतरनाक हो चुकी है, क्योंकि इसमें तकनीक की चकाचौंध और आसानी से उपलब्धता ने युवाओं को पहले से ज्यादा असुरक्षित बना दिया है।

यह बात किसी से छिपी नहीं है कि ऑनलाइन गेमिंग का बाजार बीते कुछ वर्षों में तेजी से फैला है। विज्ञापनों, प्रलोभनों और चमकदार ऑफरों ने युवाओं को अपने शिकंजे में इस तरह जकड़ लिया है कि लाखों लोग इसमें डूबकर अपनी शिक्षा, करियर और परिवार तक को दांव पर लगा बैठे हैं। जब खेल केवल मनोरंजन तक सीमित रहता है तब तक उसकी उपयोगिता है, पर जैसे ही इसमें धन और लालच का तत्त्व जुड़ता है, यह जुए में बदल जाता है। और यही वह बिंदु है जहां से विनाश की शुरुआत होती है।

सच्चाई यह है कि ऑनलाइन गेमिंग का जाल इतना व्यापक हो चुका है कि इसे रोकने के लिए कानून की सख्ती के साथ-साथ सामाजिक जागरूकता और पारिवारिक हस्तक्षेप भी उतने ही जरूरी हैं। ऑनलाइन मनी गेमिंग के सख्त नियमन और इसे भारी कराधान के अधीन लाना एक व्यावहारिक समाधान होगा। साथ ही पारदर्शिता और जवाबदेही पर जोर देकर उपभोक्ताओं के लिये सुरक्षा उपाय सुनिश्चित किए जाने की भी जरूरत है। इस अभियान में गैर-कानूनी गतिविधियों में लिप्त प्लेटफॉर्मों पर जुर्माना भी लगाना एवं बड़े-बड़े दावे करने वाली मशहूर हस्तियों पर कार्रवाई भी होते हुए दिखनी चाहिए, तभी यह कानून कारगर एवं प्रभावी बन पायेगा।

## इतिहास में आज का दिन

विश्व इतिहास की हर तारीख अपने भीतर अनेक घटनाओं, उपलब्धियों और संघर्षों का साक्षी बनकर जीवित रहती है। 24 अगस्त का दिन भी ऐसा ही है, जिसने कभी प्राकृतिक आपदा के रूप में मानव सभ्यता को हिलाकर रख दिया, तो कभी राजनीति और युद्धों की दिशा बदल दी।

कहीं इस दिन नए आविष्कारों ने मानवता को आगे बढ़ाया, तो कहीं समाज ने कठिन सबक सीखे।24 अगस्त 79 ईस्वी का दिन इतिहास में सदा के लिए दर्ज है, जब इटली में स्थित विसुवियस ज्वालामुखी भयानक रूप से फट पड़ा। इस विस्फोट ने पोम्पेई और हरकुलेनियम जैसे समृद्ध रोमन नगरों को पलभर में राख और लावा के नीचे दफना दिया।

हजारों लोग जिंदा जल गए और सभ्यता का एक चमकदार अध्याय अचानक समाप्त हो गया। यह घटना आज भी मानवता को यह याद दिलाती है कि प्रकृति के सामने मनुष्य कितना असहाय है। पुरातत्वविदों ने बाद में इन नगरों की खुदाई कर वहां के जीवन की तस्वीरें सामने रखीं, जो रोमन साम्राज्य की सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक व्यवस्था का अमूल्य प्रमाण हैं।यूरोप के राजनीतिक इतिहास में 24 अगस्त 1572 को घटित सेंट बार्थोलोम्यू दिवस नरसंहार एक काला अध्याय है। फ्रांस में कैथोलिक और प्रोटेस्टेंट समुदायों के बीच लंबे समय से तनाव चल रहा था। इसी तनाव ने उस रात खूनी रूप ले लिया, जब हजारों प्रोटेस्टेंट ह्यूगोनॉट्स को योजनाबद्ध तरीके से मार डाला गया। यह नरसंहार धार्मिक असहिष्णुता की भयावहता का प्रतीक है और यह दिखाता है कि सत्ता और धर्म के मेल से कैसे निर्दोष लोगों का खून बहाया गया।24 अगस्त 1814 का दिन अमेरिका के इतिहास में भी गहरी चोट छोड़ गया।

उसी दिन ब्रिटिश सेना ने वॉशिंगटन डीसी पर हमला कर व्हाइट हाउस और कैपिटोल भवन को आग के हवाले कर दिया। यह घटना अमेरिका और ब्रिटेन के बीच 1812 के युद्ध का निर्णायक मोड़ बनी। उस समय की प्रथम महिला डॉली मैडिसन ने साहस दिखाते हुए राष्ट्रपति जॉर्ज वॉशिंगटन की विशाल पेंटिंग को आग से बचाया। इस घटना ने अमेरिकी जनता के मनोबल को चोट पहुंचाई, लेकिन साथ ही एकजुट होकर अपने राष्ट्र को पुनर्निर्मित करने का संकल्प भी दिया।विज्ञान और अन्वेषण की दृष्टि से भी 24 अगस्त का स्थान महत्वपूर्ण है। 1875 में इंग्लैंड में कैप्टन मैथ्यू वेब ने इतिहास रचते हुए इंग्लिश चैनल को तैरकर पार किया।

यह उपलब्धि मानव धैर्य और संकल्प का प्रतीक बनी। इसी तरह, 24 अगस्त 2006 को अंतर्राष्ट्रीय खगोलीय संघ ने प्लूटो को ग्रह की श्रेणी से हटा दिया और उसे "बौना ग्रह" घोषित किया। यह निर्णय विज्ञान की बदलती समझ और निरंतर खोज की प्रक्रिया का द्योतक है। बच्चों की किताबों में वर्षों तक पढ़ाया जाने वाला सौर मंडल उसी दिन बदल गया और पृथ्वीवासियों की कल्पना में एक नया सवाल खड़ा हो गया।24 अगस्त 1931 को फ्रांस के पेरिस में जॉर्जेस साइमेनॉन की लोकप्रिय जासूसी उपन्यास श्रृंखला के पात्र कमीश्नर माईग्रे का पहला उपन्यास प्रकाशित हुआ। यह साहित्यिक उपलब्धि यूरोपीय संस्कृति में जासूसी साहित्य को नया आयाम देने वाली साबित हुई। इसी तारीख को 1991 में यूक्रेन ने सोवियत संघ से स्वतंत्रता की घोषणा की।

यह शीतयुद्ध के अंत की सबसे बड़ी घटनाओं में से एक थी, जिसने यूरोप और विश्व की राजनीति का नक्शा बदल दिया। आज भी यूक्रेन की स्वतंत्रता 24 अगस्त को ही राष्ट्रीय दिवस के रूप में मनाई जाती है। भारत के संदर्भ में भी यह दिन अप्रत्यक्ष रूप से महत्वपूर्ण है। 24 अगस्त 1608 को ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी का पहला जहाज "हेक्टर" सूरत के बंदरगाह पर पहुंचा था।

हालांकि औपचारिक तौर पर यह तारीख अक्सर 24 अगस्त से जोड़ी जाती है, इसने भारत में ब्रिटिश साम्राज्य की नींव रखी। धीरे-धीरे व्यापारिक समझौते सत्ता के विस्तार में बदल गए और उपमहाद्वीप ने लगभग दो सौ वर्षों की गुलामी का युग देखा।

## समसामयिक

# कुत्ते : जाएँ तो जाएँ कहाँ!



ऋषभदेव शर्मा

सुप्रीम कोर्ट ने आवारा कुत्तों के मुद्दे पर 22 अगस्त, 2025 को एक संशोधित अंतरिम आदेश जारी किया, जो न केवल दिल्ली-एनसीआर, बल्कि पूरे देश में लागू होगा। 11 अगस्त के निर्देशों में संशोधन करने वाला यह आदेश मानव सुरक्षा और पशु कल्याण के बीच संतुलन स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

दरअसल अपने इस नए आदेश में माननीय सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि आवारा कुत्तों को पकड़ने के बाद उनकी नसबंदी और टीकाकरण (विशेष रूप से रेबीज़ के खिलाफ) किया जाएगा। इसके बाद फिर उन्हें उनके मूल क्षेत्रों में वापस छोड़ा जाएगा। हाँ, रेबीज़ से संक्रमित या आक्रामक व्यवहार वाले कुत्तों को ज़रूर शेल्टर होम में रखा जाएगा। याद रहे कि पिछले निर्देश में सभी आवारा कुत्तों को स्थायी रूप से शेल्टर होम में रखने की बात कही गई थी। उसमें यह संशोधन पशु अधिकार कार्यकर्ताओं और कुत्ता प्रेमियों के लिए राहत लेकर आया है, जिन्होंने पिछले आदेश का विरोध करते हुए इसे अव्यावहारिक और पशुओं के प्रति क्रूर बताया था। वैसे पता उन्हें भी है कि अनुपयोगी और खतरनाक के प्रति मनुष्य सदा से क्रूर रहा है। मनुष्य अपने अस्तित्व और सर्वाइवल के लिए क्रूरता को नियम की तरह अपनाता आया है। कुत्ते उसके आड़े आएँगे, तो उन्हें भी वह क्यों बख्शने लगा?

ख़ैर, सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला मानवीय और वैज्ञानिक नज़रिए के नजदीक है। नसबंदी और टीकाकरण के जरिए कुत्तों की आबादी को नियंत्रित करना और रेबीज़ जैसी घातक बीमारियों को रोकना लंबे समय से सिद्ध उपाय हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन भी इस नज़रिए का समर्थन करता है। कोर्ट ने सार्वजनिक स्थानों पर कुत्तों को भोजन देने पर रोक लगाई है और नगर निगमों को विशेष फीडिंग ज़ोन बनाने का निर्देश दिया है। बेशक, यह कदम व्यवस्थित देखभाल को बढ़ावा देता है। लेकिन, इसके कार्यान्वयन में कई चुनौतियाँ हैं। भारत में लाखों आवारा कुत्ते हैं; और नगर निगमों के पास न तो पर्याप्त संसाधन हैं, न ही बुनियादी ढाँचा। फीडिंग ज़ोन बनाने और उनकी निगरानी करने हेतु समय, धन और प्रशिक्षित कर्मचारियों की ज़रूरत होगी। कोई बताएगा कि इतना सब कहाँ से आएगा?

कोर्ट ने यह भी निर्देश दिया कि इस मामले में हस्तक्षेप करने वाले व्यक्तियों और गैर-सरकारी संगठनों को क्रमशः 25,000 और 2 लाख रुपये कोर्ट की रजिस्ट्री में जमा करने होंगे। इस राशि का उपयोग कुत्तों के लिए आश्रय और बुनियादी ढाँचे के निर्माण में किया जाएगा। यह कदम सुनिश्चित करता है कि केवल गंभीर और जिम्मेदार पक्ष ही कानूनी प्रक्रिया में भाग लें। लेकिन यह छोटे पशु कल्याण संगठनों के लिए आर्थिक बोझ बन सकता है।

इस आदेश का स्वागत करने योग्य पहलू यह है कि यह पूरे देश में लागू होगा, जिससे नीतिगत एकरूपता सुनिश्चित होगी। कोर्ट ने सभी संबंधित मामलों को सुप्रीम कोर्ट में स्थानांतरित करने का आदेश दिया है, जो इस जटिल मुद्दे पर एक राष्ट्रीय नीति की दिशा में प्रगति को दर्शाता है। हालाँकि, स्थानीय निकायों की निष्क्रियता - जैसा कि कोर्ट ने स्वयं उल्लेख किया - एक बड़ी बाधा है। दिल्ली-एनसीआर में ही एमसीडी और एनएमडीसी ने अतीत में नसबंदी और टीकाकरण कार्यक्रमों में लापरवाही बरती है, जिसके कारण समस्या बढ़ी। ऐसा अब और अन्यत्र नहीं होगा, इसकी क्या गारंटी?

अंततः, कुत्तों की जगह सड़कों पर है, न कि शेल्टर जोन में। द्वंद्व यही है कि जहाँ एक ओर आम लोग रेबीज़ और कुत्तों के हमलों से डरते हैं, वहीं पशु प्रेमी इन निराश्रित जीवों के प्रति करुणा की वकालत करते हैं।

# दिल्ली की मुख्यमंत्री पर हमला: लोकतंत्र पर एक प्रहार

हाल ही में दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता पर एक जनसभा के दौरान हुआ हमला एक अत्यंत निंदनीय और चिंताजनक घटना है। यह केवल एक व्यक्ति पर किया गया शारीरिक प्रहार नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था और संवैधानिक पद की गरिमा पर एक सीधा हमला है। एक निर्वाचित जनप्रतिनिधि, जो राज्य का प्रमुख होता है, पर इस प्रकार का हिंसक कृत्य लोकतंत्र के मूल सिद्धांतों पर कुठाराघात करता है और गहन विश्लेषण की मांग करता है कि क्या यह वास्तव में लोकतंत्र पर हमला है।

## घटना का स्वरूप और तात्कालिक प्रभाव

यह हमला उस समय हुआ जब मुख्यमंत्री श्रीमती गुप्ता एक 'जन सुनवाई' कार्यक्रम के दौरान आम नागरिकों की शिकायतें सुन रही थीं। यह कार्यक्रम शासन और जनता के बीच सीधे संवाद का एक महत्वपूर्ण मंच है, जो लोकतंत्र को जमीनी स्तर पर मजबूत करता है। ऐसे में, एक व्यक्ति द्वारा सुरक्षा घेरे को तोड़कर मुख्यमंत्री पर हमला करना इस पूरी प्रक्रिया को बाधित करने का एक सचेत प्रयास है। यह घटना न केवल मुख्यमंत्री की व्यक्तिगत सुरक्षा में एक गंभीर चूक को दर्शाती है, बल्कि यह एक खतरनाक प्रवृत्ति का भी संकेत है, जहाँ राजनीतिक असहमति या व्यक्तिगत आक्रोश को व्यक्त करने के लिए हिंसा का सहारा लिया जा रहा है। इसका तात्कालिक प्रभाव भय और असुरक्षा का माहौल बनाना है, जो भविष्य में राजनेताओं और जनता के बीच की दूरी को और बढ़ा सकता है। इसका सीधा नुकसान आम जनता को हो सकता है। यह लोकतंत्र के प्रतीक पर भी हमला है।

किसी भी लोकतांत्रिक देश में, मुख्यमंत्री या प्रधानमंत्री केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक संस्था होते हैं। वे जनता के वोट से चुने गए प्रतिनिधि हैं और पूरे राज्य या देश की सामूहिक इच्छा का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन पर किया गया हमला उस जनादेश का अपमान है जो करोड़ों नागरिकों ने उन्हें दिया है। यह हमला इस विचार को चुनौती देता है कि सत्ता का हस्तांतरण और परिवर्तन शांतिपूर्ण और संवैधानिक तरीकों से होना चाहिए। जब हम अपने निर्वाचित नेताओं पर हिंसक हमला करते हैं, तो हम उस लोकतांत्रिक प्रक्रिया को ही कमजोर करते हैं जो हमें अपनी सरकार चुनने का अधिकार देती है। यह एक संकेत है कि हम संवाद, बहस और समाधान के बजाय शारीरिक बल को तरजीह दे रहे हैं, जो किसी भी स्वस्थ लोकतंत्र के लिए घातक है।

## असहमति और हिंसा के बीच की महीन रेखा



लोकतंत्र में असहमति और विरोध का अधिकार एक मौलिक स्तंभ है। नागरिकों को सरकार की नीतियों की आलोचना करने, प्रदर्शन करने और अपनी आवाज़ उठाने का पूरा अधिकार है। हालांकि, यह अधिकार हिंसा की इजाजत नहीं देता। जब विरोध प्रदर्शन हिंसक हो जाता है और जनप्रतिनिधियों पर हमले होने लगते हैं, तो यह लोकतंत्र की सीमाओं का उल्लंघन करता है। श्रीमती रेखा गुप्ता पर हुआ हमला इसी सीमा का एक स्पष्ट उल्लंघन है। यह हमला राजनीतिक विमर्श को विषाक्त करता है और एक ऐसा माहौल बनाता है जहाँ विचारों का मुकाबला विचारों से नहीं, बल्कि हिंसा से किया जाता है। यदि इस प्रवृत्ति को नहीं रोका गया, तो यह राजनीतिक संवाद को पूरी तरह से नष्ट कर सकती है और देश को अराजकता की गहरी खाई की ओर धकेल सकती है।

## राजनीतिक हिंसा का व्यापक असर

एक मुख्यमंत्री पर हमले का असर केवल एक घटना तक सीमित नहीं रहता। इसके दूरगामी और गहरे परिणाम होते हैं।

भय का वातावरणः इस तरह की घटनाएँ अन्य जनप्रतिनिधियों और राजनीतिक कार्यकर्ताओं के मन में भय पैदा करती हैं। वे सार्वजनिक कार्यक्रमों में भाग लेने और लोगों से सीधे जुड़ने में संकोच कर सकते हैं, जिससे शासन और जनता के बीच की खाई और चौड़ी हो सकती है।

लोकतांत्रिक प्रक्रिया में बाधाः

यह हमला सीधे तौर पर शासन के काम में बाधा डालता है। एक जन सुनवाई, जो जनता की समस्याओं को हल करने का एक माध्यम है, को हिंसक रूप से बाधित किया गया। यह दिखाता है कि कैसे हिंसा का उपयोग लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को पटरी से उतारने के लिए किया जा सकता है।

गलत मिसालः यदि ऐसे हमलों पर कड़ी कार्रवाई नहीं की जाती, तो यह दूसरों को भी इस तरह के हिंसक कृत्यों के लिए प्रोत्साहित कर सकता है। यह एक खतरनाक मिसाल कायम करता है कि यदि आप व्यवस्था से नाखुश हैं, तो हिंसा एक स्वीकार्य प्रतिक्रिया है।

अंतर्राष्ट्रीय छवि पर प्रभावः ऐसी घटनाएँ दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में भारत की छवि को धूमिल करती हैं। यह दर्शाती हैं कि देश में राजनीतिक असहिष्णुता बढ़ रही है और लोकतांत्रिक संस्थाएं खतरे में हैं।

अंततः, दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता पर हुआ हमला निस्संदेह लोकतंत्र पर एक हमला है। यह सिर्फ एक कानून और व्यवस्था का मुद्दा नहीं है, बल्कि यह हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों और संस्थाओं के स्वास्थ्य से जुड़ा एक गंभीर प्रश्न है। यह हमला हमें याद दिलाता है कि लोकतंत्र केवल चुनाव कराने और सरकारें बनाने तक सीमित नहीं है; यह एक सतत प्रक्रिया है जिसमें संवाद, सहिष्णुता और आपसी सम्मान की आवश्यकता होती है।

इस घटना की गहन जांच होनी चाहिए और दोषियों को कानून के अनुसार सख्त से सख्त सजा मिलनी चाहिए। साथ ही, समाज के रूप में हमें यह आत्मनिरीक्षण करने की आवश्यकता है कि हमारे राजनीतिक विमर्श में हिंसा के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए। राजनीतिक दलों, नागरिक समाज और मीडिया को मिलकर एक ऐसा माहौल बनाने की जिम्मेदारी लेनी होगी जहाँ असहमति का सम्मान हो, लेकिन हिंसा को पूरी तरह से अस्वीकार किया जाए। यदि हम ऐसा करने में विफल रहते हैं, तो हम उस लोकतंत्र को खोने का जोखिम उठाते हैं जिसे हमने बड़े संघर्षों के बाद हासिल किया है। एक निर्वाचित मुख्यमंत्री या किसी भी जन प्रतिनिधि की सुरक्षा सुनिश्चित करना पूरे लोकतांत्रिक ढांचे की सुरक्षा सुनिश्चित करने के बराबर है।

**विजय कुमार प्रसाद**
(लेखक एवं पूर्व पुलिस अधिकारी)

खबरें फटाफट

## कानपुर देहात सिंचाई विभाग के द्वारा अवगत कराया गया है यमुना नदी के जलस्तर में तेजी से वृद्धि

सिंचाई विभाग, कानपुर देहात के द्वारा अवगत कराया गया है यमुना नदी के जलस्तर में तेजी से वृद्धि हो रहा है, जो लगभग 6 मी० बढ़ने के सम्भावना व्यक्त की गयी है जिसके दृष्टिगत जनमानस को बाढ़ से सूरक्षा एवं बचाव हेतु निम्न दिशा-निर्देश जारी किए जाते है। क्या करें और क्या न करें₹ क्या करें। अफवाहो पर ध्यान न दें। बाढ़ की स्थिति में ऊचे स्थान पर चले जायें।अपने पशुओं की सुरक्षित स्थान पर नदी से दूर रखें।नदी के तेज बहाव से दूर रहें।ऐसे विद्युत पोल, तार, ट्रन्सफार्मर जो गांव के किनारे हो एवं पानी से भींगे हो उससे दूर रहें।नदी के जलस्तर में वृद्धि होने से सर्पदंश की घटनाओं में भी वृद्धि हो सकती इसलिए सुरक्षा के दृष्टिगत लाठी / डंडा अपने साथ रखें।1077,अपने तहसील एवं जनपद स्तरीय कन्ट्रोल रूम नम्बर की जानकारी अवश्य रखें। क्या न करें। झूठी अफावाहें / गलत समाचार न फैलायें।डोंगी / छोटी नाव को नदी में न उतारें न ही मत्स्यआखेट करें।नदी के जलस्तर में वृद्धि होने के दौरान नदी के समीप न जानें।नदी में ज्यादा गहराई में जाकर स्नान न करें।अवगत कराया गया है यमुना नदी के जलस्तर में तेजी से वृद्धि हो रहा है, जो लगभग 6 मी० बढ़ने के सम्भावना व्यक्त की गयी है जिसके दृष्टिगत जनमानस को बाढ़ से सूरक्षा एवं बचाव हेतु निम्न दिशा-निर्देश जारी किए जाते है। ₹क्या करें और क्या न करें क्या करें। अफवाहो पर ध्यान न दें। बाढ़ की स्थिति में ऊचे स्थान पर चले जायें।अपने पशुओं की सुरक्षित स्थान पर नदी से दूर रखें।नदी के तेज बहाव से दूर रहें।ऐसे विद्युत पोल, तार, ट्रन्सफार्मर जो गांव के किनारे हो एवं पानी से भींगे हो उससे दूर रहें।नदी के जलस्तर में वृद्धि होने से सर्पदंश की घटनाओं में भी वृद्धि हो सकती इसलिए सुरक्षा के दृष्टिगत लाठी / डंडा अपने साथ रखें।1077,अपने तहसील एवं जनपद स्तरीय कन्ट्रोल रूम नम्बर की जानकारी अवश्य रखें। क्या न करें। झूठी अफावाहें / गलत समाचार न फैलायें।डोंगी / छोटी नाव को नदी में न उतारें न ही मत्स्यआखेट करें।नदी के जलस्तर में वृद्धि होने के दौरान नदी के समीप न जानें।नदी में ज्यादा गहराई में जाकर स्नान न करें।

## एफ0पी0ओ0/सहकारी समितियों हेतु 10 टन क्षमता की ऑयल एक्सट्रैक्शन यूनिट प्राप्त करने का अवसर

कानपुर नगर, उप निदेशक कृषि ने अवगत कराया कि कृषि निदेशालय उत्तर प्रदेश (तिलहन अनुभाग) कृषि भवन लखनऊ के पत्रांक-तिलहन/563/NMEO-OS/सा०पत्रा०/2025-26 दिनांक 19 अगस्त 2025 के द्वारा केन्द्र पुरोनिधानित नेशनल मिशन ऑन एडिबिल ऑयल (ऑयलसीड्स) वर्ष 2025-26 योजनान्तर्गत पंजीकृत एफ०पी०ओ० एवं सहकारी समितियों हेतु 10 टन क्षमता की ऑयल एक्सट्रैक्शन यूनिट की स्थापना के संबंध में संशोधित लक्ष्य निर्गत किए गए हैं। इस योजना के अंतर्गत एफ०पी०ओ० हेतु अनुदान सं0-11 में 01 तथा सहकारी समितियों हेतु अनुदान सं0-83 में 01 संशोधित लक्ष्य निर्गत किए गए हैं, जिनकी बुकिंग हेतु श्रेणीवार लक्ष्य दर्शन पोर्टल 2.0 पर फीड किए गए हैं। योजना में प्रोजेक्ट की कीमत का 33 प्रतिशत या अधिकतम ₹9,90,000/- तक अनुदान अनुमन्य है। इस योजना का लाभ कम्पनी अधिनियम/सहकारिता अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत एफ०पी०ओ० एवं सहकारी समितियों को मिलेगा।

# मिर्जा ताल जलाशय, अकबरपुर में अवैध खनन की शिकायत का जिलाधिकारी ने लिया संज्ञान

### अपर जिलाधिकारी प्रशासन के नेतृत्व में जांच टीम गठित,48 घंटे में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश



नेशनल एक्सप्रेस डी के सिंह

कानपुर देहात समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचार एवं माननीय जनप्रतिनियों द्वारा अकबरपुर क्षेत्र के मिर्जा ताल जलाशय में अवैध खनन संबंधी की गई शिकायत का संज्ञान जिलाधिकारी कानपुर देहात कपिल सिंह ने लिया है। प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए जिलाधिकारी द्वारा अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) अमित कुमार की अध्यक्षता में एक जांच समिति गठित की गई है, जिसमें उप जिलाधिकारी अकबरपुर,खान अधिकारी, जिला मत्स्य अधिकारी तथा अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत अकबरपुर को सदस्य नामित किया गया है।जिलाधिकारी ने निर्देश दिए हैं कि जांच समिति स्थल का निरीक्षण कर तथ्यात्मक स्थिति का संकलन करे तथा 48 घंटे के भीतर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करे। उन्होंने यह भी कहा कि जांच के दौरान स्थलीय निरीक्षण के साथ-साथ स्थानीय नागरिकों से वार्ता की जाए, उनके बयान दर्ज किए जाएं और प्राप्त समस्त तथ्यों को रिपोर्ट में सम्मिलित किया जाए। साथ ही, समस्त कार्यवाही की फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी अनिवार्य रूप से कराई जाए।जिलाधिकारी एवं जांच टीम द्वारा अपील की गई है कि यदि किसी स्थानीय व्यक्ति अथवा अन्य किसी व्यक्ति के पास इस प्रकरण से संबंधित कोई भी साक्ष्य, वीडियो क्लिपिंग या फोटोग्राफ उपलब्ध हों, तो वे उन्हें अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) के कार्यालय, कलेक्ट्रेट कक्ष संख्या-106 में व्यक्तिगत रूप से प्रस्तुत कर सकते हैं अथवा उनके मोबाइल नंबर 94544 16410 पर उपलब्ध करा सकते हैं। लाधिकारी कपिल सिंह ने स्पष्ट कहा है कि शासन की मंशा के अनुरूप अवैध खनन को किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषी पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## केडीए कर्मचारियों हेतु हृदय रोग के कारण, निवारण, बचाव एवं जागरूकता व्याख्यानों का हुआ आयोजन



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

कानपुर विकास प्राधिकरण कर्मचारी कल्याण एसोसिएशन कानपुर एवं एएम एससीएस के संयुक्त तत्वावधान में हृदय रोग का कारण, निवारण, बचाओ एवं जागरूकता व्याख्यान कार्यक्रम में स्पंदन पार्ट-2 का आयोजन कानपुर विकास प्राधिकरण सभागार अटल बिहारी ऑडिटोरियम में संपन्न हुआ इस मौके पर मुख्य अतिथि डॉक्टर राकेश कुमार वर्मा निर्देशक वरिष्ठ हार्ट सर्जन कार्डियोलॉजी द्वारा हार्ट अटैक, हार्ट फेल, हार्ट ब्लॉक, हार्ट अरेस्ट के कारण लक्षण निवारण में बचाव रोकथाम बताए गए सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित करके केडीए सचिव अभय कुमार पांडे, मुख्य अतिथि डॉक्टर राकेश वर्मा कार्यक्रम संयोजक, डॉक्टर शरद बाजपेई, आशुतोष बाजपेई, योगेश बाजपेई द्वारा दीप प्रज्वलन करके किया गया उसके उपरांत प्रोजेक्टर द्वारा हृदय रोग के बचाव संबंधी सेमिनार संपन्न की गई सेमिनार में डायरेक्टर राकेश वर्मा ने बताया कि 02 टेबलेट डिसप्रिन की चबाकर खाने से इमीडिएट अटैक आने में आराम मिल सकता है।

### बुढ़वा मंगल पर्व के दृष्टिगत पंचमुखी हनुमान मंदिर

## पनकी में सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं को लेकर महत्वपूर्ण बैठक



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

कानपुर आज पुलिस उपायुक्त पश्चिम श्री दिनेश त्रिपाठी द्वारा आगामी बुढ़वा मंगल पर्व के दृष्टिगत पंचमुखी हनुमान मंदिर, पनकी में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में मंदिर के महंतों तथा संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। बैठक का मुख्य उद्देश्य मंदिर में आने वाले भारी संख्या में श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुविधा सुनिश्चित करना था। सुरक्षा व्यवस्था पुलिस उपायुक्त श्री त्रिपाठी ने मंदिर परिसर में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष निर्देश दिए। मंदिर परिसर व आसपास के क्षेत्र में प्रयाप्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। सीसीटीवी कैमरों की निगरानी के जरिए भीड़ की गतिविधियों पर सतत निगरानी रखी जाएगी। सुरक्षा कर्मियों को संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष रूप से तैनात किया जाएगा, जिससे किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके। भक्तों की सुविधा हेतु निर्देशः महंतों एवं मंदिर समिति को निर्देशित किया गया कि श्रद्धालुओं के लिए पेयजल, स्वच्छता व्यवस्था तथा प्राथमिक चिकित्सा की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसे मौके पर अपर पुलिस उपायुक्त पश्चिम, सहायक पुलिस आयुक्त पनकी सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहें ।

## शहर के नागरिकों को स्वच्छ, स्वस्थ व प्रदूषण मुक्त वातावरण उपलब्ध कराना प्राथमिकता : नगर आयुक्त

नेशनल एक्सप्रेस डी के सिंह



कानपुर। उत्तर प्रदेश के कानपुर शहर में शनिवार को नगर आयुक्त सुधीर कुमार द्वारा जोन-3 के अंतर्गत वार्ड संख्या-92 में साफ सफाई का जायज़ा लिया गया। नगर आयुक्त ने बताया कि जिसका उद्देश्य क्षेत्र में सफाई एवं स्वच्छता व्यवस्था, डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन प्रणाली तथा नागरिक सुविधाओं की वास्तविक स्थिति का परीक्षण करना था।

नगर आयुक्त सुधीर कुमार ने बताया कि मैंने स्वयं पैदल चलकर विभिन्न गलियों एवं मुख्य मार्गों का स्थलीय अवलोकन किया, साथ ही डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन व्यवस्था की पुष्टि की। स्थानीय नागरिकों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं एवं सुझावों को भी सुना। उन्होंने कहा कि जांच के दौरान यह तथ्य प्रकाश में आया कि डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन की गाड़ियाँ नियमित रूप से क्षेत्र में संचालित हो रही हैं तथा कूड़ा एकत्रण का कार्य किया जा रहा है। लेकिन कुछ विसंगतियां एवं व्यवस्थागत कमियां भी पाई गई है। जिन पर त्वरित सुधार की आवश्यकता है। इस पर नगर आयुक्त ने संबंधित क्षेत्रीय अधिकारियों को सचेत करते हुए आवश्यक सुधारात्मक कदम तत्काल प्रभाव से उठाने के निर्देश दिए हैं। नगर आयुक्त ने गलियों एवं सार्वजनिक स्थलों पर सफाई व्यवस्था का गहन परीक्षण किया। गलियों में एकत्रित कचरे को तत्काल खड़े होकर साफ कराया गया। वहीं मुख्य मार्गों की सफाई व्यवस्था अपेक्षाकृत संतोषजनक पाई गई। निरीक्षण के दौरान यह भी सुनिश्चित किया गया कि सफाई कर्मचारियों को सभी आवश्यक सुरक्षा उपकरण एवं औजार नियमित रूप से उपलब्ध कराए जाएं। साथ ही नगर आयुक्त ने जोनल स्वच्छता अधिकारियों को विशेष रूप से निर्देशित किया कि वे स्वच्छता संबंधी दायित्वों का निर्वहन अत्यंत प्रतिबद्धता, अनुशासन एवं गंभीरता के साथ कार्य करें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि नगर निगम का लक्ष्य केवल नियमित सफाई तकसीमित न रहकर नागरिकों को स्वच्छ, स्वस्थ एवं प्रदूषण-मुक्त वातावरण उपलब्ध कराना है, जिसके लिए सभी स्तरों पर पारदर्शिता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य किया जाना अनिवार्य है।

## कानपुर कमिश्नरेट की पुलिस चौकियों में आरोपितों से नहीं होगी पूछताछ : जेसीपी

कानपुर। पुलिस चौकियों में आरोपितों से पूछताछ के दौरान कानपुर सहित प्रदेश में कई जगहों पर संगीन आरोप लगे हैं। इसको लेकर कानपुर पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने ऐसा आदेश जारी कर दिया कि अब पुलिस चौकी में कार्यरत पुलिसकर्मी पूछताछ के नाम पर किसी को परेशान नहीं कर पाएंगे। कमिश्नरेट के सहायक पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) आशुतोष कुमार ने शनिवार को बताया कि कोई भी पुलिस चौकी प्रभारी किसी भी मामले में आरोपित को चौकी में लाकर पूछताछ नहीं करेगा। यदि आवश्यकता पड़ती है तो थाना प्रभारी को सूचित करते हुए उसे थाने में लाकर पूछताछ की जाए, क्योंकि थानों में सीसीटीवी कैमरे लगे होते हैं। ऐसे में पुलिस पर लगने वाले आरोपों से बचा जा सकेगा और पारदर्शिता पर मजबूती मिलेगी।

## इनरव्हील क्लब ब्रह्मावर्त द्वारा 18 वाँ अधिष्ठापन समारोह का हुआ आयोजन




नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

कानपुर,शनिवार को इनरव्हील क्लब ब्रह्मावर्त द्वारा 'हरे रामा हरे कृष्णा' थीम पर 18वां अधिष्ठापन समारोह भव्य रूप से आयोजित किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि आज के युग में उदाहरण प्रस्तुत करना कठिन अवश्य है, लेकिन असंभव नहीं। इस वर्ष की इनरव्हील थीम 'स्टेप अप एंड लीड बाय एन एग्जैम्पल' सबको प्रेरित करती है कि हम स्वयं ऐसा कार्य करें कि दूसरों के लिए एक प्रेरणास्रोत बनें। पूर्व अध्यक्षा वीशू अरोरा ने नई अध्यक्षा जया अवस्थी साहू को कालर व पिन तथा पूर्व सचिव सुधा गुप्ता ने नई सचिव वंदना जालान को पिन पहनाकर पदभार ग्रहण कराया। इसके बाद पूरी नई टीम का परिचय कराया गया। समारोह में मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट वाइस चेयरमैन मनीषा बाजपेयी, गेस्ट ऑफ हॉनर डिस्ट्रिक्ट ट्रेजरार आरती मेहरोत्रा तथा स्पेशल गेस्ट संस्थापक अध्यक्षा पीडीसी उदिता शर्मा ने शुभकामनाएं दीं। वही शगुन ने गणेश वंदना और मटकी फोड़ जैसे रंगारंग कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया। वहीं सेवा कार्य के तहत एक बालिका की विद्यालय फीस उपलब्ध कराई गई। महिला सशक्तिकरण के अंतर्गत हाथ से बने चॉकलेट के गुलदस्ते और ब्रांडिंग हेतु इनरव्हील लोगो वाले फ्रिज मैग्नेट अतिथियों को भेंट किए गए। इस अवसर पर क्लब का न्यूज़ लेटर भी रिलीज किया गया। कार्यक्रम का संचालन पिंकी गुप्ता ने किया। संस्थापक सचिव भावना मेहता,नीलू गुप्ता,संगीता अग्रवाल, जूही,नीना गर्ग,साक्षी नरूला,नीलम,शगुन,रुचि,पारुल, ऐश्वर्या,ऋतु,अर्चना सहित सभी पूर्व अध्यक्ष बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## आज का राशिफल

ज्योतिर्विद
डॉ. श्याम सुंदर पाठक 'अनन्त'



Mob:-9760800271

मेष : पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्घिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रहे।

वृष : अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से ही अभिष्ट कार्य सिद्घ होंगे। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है।

मिथुन : रोजगार में तरक्की मिलेगी। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। अपने संघर्ष में स्वयं के आर्थिक उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी।

कर्क : उच्चमनोबल रखकर कार्य करें, सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।

सिंह : सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्घितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा।

कन्या : घर-परिवार में प्रसन्नता व सहयोग का वातावरण बनेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी।

तुला : वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते हैं। शांतिपूर्वक नित्य कार्य करें। संतान की प्रगति से संतोष होगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ में समय व्यतीत होगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कलह विवाद का डर बना रहेगा।

वृश्चिक : अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेगें। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्घि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्घ होंगे।

धनु : बुद्घि और धन का दुरूपयोग न करें व्यर्थ के आडम्बरों से बचें। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। मानसिक तनाव में बढ़ोतरी होगी। किसी का अभद्र व्यवहार खिन्नता व तनाव बढ़ायेगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है।

मकर : आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्घ हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है।

कुम्भ : बुद्घितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। मनोविनोद बढ़ेंगे। व

मीन : जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी।

# कल्याणपुर का भ्रमण कर स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित गतिविधियों का किया निरीक्षण

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



कानपुर नगर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरिदत्त नेमी, जिला मलेरिया अधिकारी श्री अरुण कुमार सिंह, सहायक मलेरिया अधिकारी भूपेन्द्र सिंह तथा मलेरिया निरीक्षक मंजीत यादव द्वारा बाढ़ प्रभावित क्षेत्र चौनपुरवा, ब्लॉक कल्याणपुर का भ्रमण कर स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित गतिविधियों का निरीक्षण किया गया। प्राथमिक विद्यालय काशीराम नगर, कटरी शंकरपुर सरांय स्थित बाढ़ राहत शिविर में रह रहे प्रभावितों के स्वास्थ्य की जांच की गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कल्याणपुर की टीम (डॉ. राज बहादुर, श्री हरी गोविन्द गुप्ता एवं फार्मासिस्ट सुश्री पलक कनौजिया) द्वारा 35 रोगियों का उपचार कर औषधियाँ वितरित की गईं। प्रभावित ग्रामों/मजरों में लगाए गए शिविरों के माध्यम से कुल 140 रोगियों का उपचार किया गया तथा ORS व क्लोरीन गोलियों का वितरण किया गया। साथ ही जनसामान्य को संचारी एवं वाहक जनित रोगों से बचाव हेतु जागरूक किया गया, जिसमें मच्छरदानी का उपयोग, पूरे शरीर को ढकने वाले वस्त्र पहनना, मच्छररोधी क्रीम/पौधों का प्रयोग, जलभराव में जला हुआ मोबिल ऑयल डालना, सफाई रखना तथा खुले जलपात्रों को सप्ताह में एक बार सुखाने जैसी सलाह दी गई। आज स्वास्थ्य शिविर में ग्राम भगवानदीन का पुरवा में 35 रोगी उपचारित, ORS 22, क्लोरीन 25 एवं ग्राम चौनपुरवा में 70 रोगी उपचारित, ORS 45, क्लोरीन 15 तथा ग्राम रामपुर बैराज, प्रा0 विद्यालय कटरी शंकरपुर सहाय (36 परिवार) में 35 रोगी उपचारित, ORS 32, क्लोरीन 20 का वितरण किया गया।

# ग्राम पंचायतों की मतदाता सूची का पुनरीक्षण शुरू, पात्र मतदाता जुड़वाएँ अपना नाम

नेशनल एक्सप्रेस उत्कर्ष सिंह




कानपुर नगर,ग्राम पंचायतों की निर्वाचक नामावलियों का विस्तृत पुनरीक्षण 19 अगस्त से शुरू हो गया है। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार यह अभियान 29 सितंबर तक चलेगा। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि इस अवधि में बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं के नाम जोड़ने, संशोधित करने और विलोपित करने का कार्य करेंगे। नए मकानों अथवा अब तक छूटे हुए मकानों के पात्र मतदाताओं के नाम भी दर्ज किए जाएंगे। डीएम ने कहा कि जो नागरिक ग्राम पंचायत के निर्वाचन क्षेत्र में सामान्य रूप से निवास कर रहे हों और 1 जनवरी 2025 को 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके हों, वे मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के पात्र होंगे। वहीं, जो व्यक्ति भारत के नागरिक नहीं हैं, न्यायालय द्वारा विकृत चित्त घोषित किए गए हैं या निर्वाचन संबंधी अपराधों के कारण मताधिकार से वंचित हैं, वे नाम दर्ज कराने के अधिकारी नहीं होंगे। पुनरीक्षण कार्य के लिए जनपद की 590 ग्राम पंचायतों में 869 बीएलओ और 90 पर्यवेक्षक तैनात किए गए हैं। तीन हजार तक मतदाताओं वाली पंचायत में एक बीएलओ और उससे अधिक मतदाताओं वाली पंचायत में दो बीएलओ लगाए गए हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि ग्राम पंचायत मतदाता सूची, विधानसभा की मतदाता सूची से भिन्न होती है। इसलिए सभी मतदाता बीएलओ से संपर्क कर अपने नाम की जांच कर लें और नाम न होने की स्थिति में जुड़वा लें। डीएम ने कहा कि त्रुटिरहित निर्वाचक नामावली लोकतंत्र की नींव है। प्रत्येक पात्र नागरिक अपने और परिवार के सदस्यों के नाम अवश्य जांच लें। यदि नाम दर्ज न हो या संशोधन/विलोपन आवश्यक हो तो तुरंत संबंधित बीएलओ को सूचना दें। उन्होंने यह भी बताया कि यदि 26 अगस्त तक किसी पंचायत में बीएलओ न पहुंचे या कोई शिकायत हो तो जिला निर्वाचन कार्यालय, खंड विकास अधिकारी अथवा संबंधित अधिकारियों से सीधे संपर्क किया जा सकता है। 2021 के पंचायत चुनाव में थे 12.53 लाख मतदाता त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन-2021 में जिले के दस ब्लॉकों की 590 ग्राम पंचायतों में कुल 12,53,056 मतदाता थे। इनमें सरसौल की 62 ग्राम पंचायतों में 1,48,069, बिधनू की 59 पंचायतों में 1,45,041, शिवराजपुर की 64 पंचायतों में 99,148, पतारा की 50 पंचायतों में 1,13,403, कल्याणपुर की 49 पंचायतों में 1,40,663, चौबेपुर की 58 पंचायतों में 1,12,489, बिल्हौर की 68 पंचायतों में 1,36,778, घाटमपुर की 78 पंचायतों में 1,68,297, ककवन की 25 पंचायतों में 50,502 और भीतरगांव की 77 पंचायतों में 1,38,666 मतदाता शामिल थे।

# खाद की कालाबाजारी को रोकने के लिए आम आदमी पार्टी का प्रदर्शन

नेशनल एक्सप्रेस फहीम अंसारी



मुरादाबाद। शनिवार को आम आदमी पार्टी मुरादाबाद के कार्यकर्ताओं ने तहसील सदर मुरादाबाद पर खाद की कालाबाज़ारी को एवं कमी को लेकर धरना प्रदर्शन किया और एक ज्ञापन तहसीलदार के माध्यम से महामहिम राज्यपाल के नाम प्रेषित किया।

प्रदर्शन के बारे में बताते हुए जिला अध्यक्ष अनिल विश्नोई एवं जिला महासचिव राशिद सैफ़ी ने संयुक्त रूप से बताया कि हमारा देश एक कृषि प्रधान देश है। और यहाँ के क़रीब 70 प्रतिशत लोग खेती किसानी के ऊपर निर्भर है। कड़ी धूप, कड़कड़ाती ठंड, मूसलाधार बारिश में हमारे देश के किसान खेतों में जी तोड़ मेहनत करके अन्न उपजाने का काम करते हैं। किन्तु हमारे इसी कृषि प्रधान देश में आज किसान की हालत बद से बदतर हो चुकी है। उत्तर प्रदेश में खाद की खुलेआम कालाबाज़ारी की जा रही है। ग़रीब किसानों को घंटों घंटों लाइनों में लगकर भी खाद नही मिल पा रहा है। बल्कि खाद मांगने पर योगी पुलिस किसानों पर लाठीचार्ज कर रही है। यह अत्यंत दुःखद व दुर्भाग्यपूर्ण है। इसी के विरोध में शनिवार को मुरादाबाद एवं उत्तर प्रदेश के समस्त जिलों में आम आदमी पार्टी ने योगी राज में की जा रही खाद की कालाबाज़ारी के ख़िलाफ़ विरोध प्रदर्शन किया है। और एक ज्ञापन तहसीलदार के माध्यम से महामहिम राज्यपाल महोदया को भेजा है। जिसमें मांग की गई है कि किसानों को तत्काल प्रभाव से खाद उपलब्ध कराई जाए व तुरंत खाद की कालाबाज़ारी को रोका जाए, एवं खाद की कालाबाज़ारी से संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर कड़ी कार्यवाही की जाये। जिला अध्यक्ष अनिल विश्नोई, जिला महासचिव राशिद सैफ़ी, पूर्व जिला महासचिव शिवकुमार राय, पूर्व प्रांतीय कार्यालय प्रभारी अजय कुमार, यूथ विंग प्रदेश उपाध्यक्ष जावेद आलम एड. जिला उपाध्यक्ष सुशील साग़र, जिला सचिव मुसाज़दि हसन, युवा कार्यकर्ता प्रकाश सिंह आदि शामिल रहे।

# मुठभेड़ में दुष्कर्म के आरोपित 02 बदमाशों को घायल अवस्था में गिरफ्तार

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता



मुरादाबाद। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण, वाछित,शातिर अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन एव क्षेत्राधिकारी सिविल लाइन्स के कुशल पर्यवेक्षण में थाना मझोला पुलिस द्वारा बीती की रात्रि में नया मुरादाबाद हर्बल पार्क के पीछे गागन नदी के किनारे संदिग्ध व्यक्ति,वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इस दौरान पुलिस ने एक बाईक पर सवार 02 संदिग्ध को टोका व रोका तो बदमाशों द्वारा पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नियत से फायर किये अभियुक्तो की फायरिंग से हे0का0 अशोक कुमार के दाहिने बाजू में गोली लगने पर व आत्मरक्षार्थ पुलिस के द्वारा की गयी जबाबी फायरिंग में दोनो बदमाश घायल हुए हैं। जिनके कब्जे दो अवैध देशी तमंचा 315 बोर 02 जिन्दा कारतूस व एक मिस कारतूस 315 बोर, 01 खोका कारतूस 315 बोर व एक मोटर साईकिल बरामद हुये हैं। पूछताछ में घायल बदमाशों की पहचान अवनीश यादव पुत्र पर्मेन्द्र निवासी ग्राम केशोपुर थाना अमरोहा देहात जनपद अमरोहा हाल पता द्वारका धीश मन्दिर के पास गोशाला वाला घर एच ब्लाक काशीरामनगर थाना मजोला जनपद मुरादाबाद, विजय ठाकुर पुत्र छोटे सिंह ठाकुर निवासी ग्राम नलवा नगला थाना बिसोली जनपद बदायूँ हाल निवासी हड्डी मिल के पास भोला कालोनी थाना कटघर जनपद मुरादाबाद उम्र करीब 38 वर्ष के रुप में हुई।

# ई-रिक्शा लूट का किया सफल अनावरण, दो अभियुक्त गिरफ्तार



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

बिलारी। थाना बिलारी पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए ई-रिक्शा लूट की घटना का पर्दाफाश कर दिया है। पुलिस ने इस मामले में दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। और उनके कब्जे से लूटी गई ई-रिक्शा को भी बरामद कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार हाल ही में बिलारी थाना क्षेत्र में एक ई-रिक्शा लूट की घटना सामने आई थी। जिसके बाद पुलिस टीम ने गंभीरता से जांच शुरू की,तकनीकी साक्ष्यों और स्थानीय मुखबिरों की मदद से पुलिस को अभियुक्तों का सुराग मिला और आज दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों से पूछताछ के दौरान लूटी गई ई-रिक्शा भी बरामद कर ली गई है। पुलिस का कहना है कि अभियुक्तों का आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है। और यह पता लगाया जा रहा है कि वे किसी अन्य घटना में भी संलिप्त हैं या नहीं। थाना प्रभारी ने बताया कि अभियुक्तों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। इस कार्रवाई से क्षेत्र में आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास और बढ़ा है तथा लूट जैसी घटनाओं पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी।

# मिशन शक्ति : बालिकाओं को दी साइबर अपराध की जानकारी

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



मुरादाबाद। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद मुरादाबाद के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण में मिशन शक्ति अभियान फेज पांच में शनिवार को महिला सुरक्षा दल द्वारा महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा व सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु महिला एवं बच्चों से सम्बन्धित समस्याओं एवं मुद्दों पर समझ बनाना व घरेलू हिंसा से संरक्षण, दहेज प्रतिषेध, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण, पॉक्सो, बाल विवाह प्रतिषेध व महिलाओं की गरिमा के विरुद्ध प्रमुख अपराधों की जानकारी दी गयी व महिला हिंसा से संबंधित अन्य शिकायतों के निवारण हेतु वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, सीएम हेल्पलाइन नंबर 1076, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, वन स्टाप सेन्टर 181,साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930,स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन नंबर 102,एम्बुलेन्स सेवा 108, जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने की हेल्प डेस्क, राष्ट्रीय,राज्य महिला आयोग के सम्बन्ध में जानकारी देकर जागरूक किया गया। मिशन-शक्ति-अभियान के तहत जनपद के समस्त थानों द्वारा पुलिस की पाठशाला,चौपाल लगाकर जागरूकता के क्रम में महिलाओं,बालिकाओं को जागरुक किया गया।

# शांति व्यवस्था भंग करने में व्यक्तियों को पकड़ा

मुरादाबाद। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण, कानून एवं शान्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत जनपदीय पुलिस द्वारा 10 व्यक्तियों को संज्ञेय अपराध कारित करने से रोकने एवं परिशान्ति कायम रखने हेतु हिरासत में लेकर न्यायालय भेजा गया। शांति व्यवस्था भंग के आरोपीगण विवरण थाना कोतवाली नगर-02,थाना कटघर-02, थाना कांठ-01,थाना छजलैट-01, थाना बिलारी-04 आदि को न्यायालय के समक्ष पेश किया।

## खबरें फटाफट

### छुरी से युवक पर हमला करने का आरोपी गिरफ्तार



बिलारी। वादी रवि कुमार पुत्र रामबहादुर नि0ग्रा0 आरीखेडा थाना बिलारी जनपद मुरादाबाद ने अभियुक्त द्वारा वादी के साथ गाली-गलौज करते हुये गर्दन एवं चेहरे पर जान से मारने की नियत से चाकू से हमला करने के संबंध में तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना बिलारी पर मुकदमा पंजीकृत किया गया। उक्त संबंध में विवेचनात्मक कार्यवाही के उपरान्त शनिवार को उ0नि0 विनोद कुमार थाना बिलारी द्वारा मय हमराही पुलिसबल के आरोपी आकाश पुत्र सोमपाल नि0ग्रा0 आरीखेडा थाना बिलारी मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया तथा आरोपी से घटना में प्रयुक्त सब्जी काटने वाली छुरी बरामद की गई।

### एसएसपी ने किया थाना का आकस्मिक निरीक्षण



मुरादाबाद। शनिवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद द्वारा थाना सिविल लाइन्स का आकस्मिक निरीक्षण किया गया तथा थाना कार्यालय पर प्रचलित अभिलेखों, महिला, साइबर हेल्प डेस्क, कम्प्यूटर रूम, मालखाना, हवालात, थाना परिसर आदि का निरीक्षण कर, संबंधित को अभिलेखों के उचित रख-रखाव एवं अद्यावधिक किये जाने व साफ-सफाई आदि के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संबंधित बीट प्रभारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही सभी समस्याओं को समयबद्ध तरीके से निस्तारण करने के आदेश दिए।

# विधायक ने किया किसान बाजार का उद्घाटन



मुरादाबाद। शनिवार को कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने विधानसभा क्षेत्र के गांव गुरेर में किसान बाजार का उद्घाटन किया। इससे स्थानीय किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए एक मंच मिलेगा और उन्हें उचित मूल्य प्राप्त होगा। साथ ही स्थानीय लोगों को ताजी सब्जियां और अन्य उत्पाद आसानी से उपलब्ध होंगे। बाजार के मालिक विनयामीन हुसैन को इस कार्य के लिए बहुत-बहुत बधाई दी। उन्होने इस प्रयास से न केवल स्थानीय किसानों को अपनी उपज बेचने का अवसर प्रदान करेगा। बल्कि क्षेत्र के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन की बैठक आयोजित, सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त के बारे में दी जानकारी

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता



मुरादाबाद। नगर निगम मुरादाबाद की सहयोगी संस्था AIILSG की IEC टीम और ITC टीम द्वारा स्वच्छ सारथी क्लब के माध्यम से पी.एम.श्री.राजकीय कन्या इंटर कॉलेज और आस्था पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों व शिक्षको को सिंगल यूज़ प्लास्टिक प्रतिबंध के प्रति जागरूक किया गया। शनिवार को सफाई अपनाओं बीमारी भगाओं अभियान के तहत स्वच्छता का संदेश स्वच्छ वातावरण वार्ड प्रोत्साहन समिति की बैठक नगर निगम मुरादाबाद की AIILSG की आईईसी टीम द्वारा स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन ने किया। इन बैठकों में समिति के नए सदस्यों और स्थानीय नागरिकों के साथ स्वच्छता संबंधी विषयों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर IEC टीम ने नागरिकों को जागरूक किया डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण प्रणाली की कार्यप्रणाली और उसमें नागरिकों की सहभागिता का महत्व गीले एवं सूखे कचरे का स्रोत पर ही पृथक्करण क्यों आवश्यक है,और इसे रोज़मर्रा की आदतों में कैसे शामिल किया जाए। होम कंपोस्टिंग के लाभ जैसे खाद निर्माण, कचरे में कमी और पर्यावरण संरक्षण तथा इसे अपनाने के सरल तरीक़े सिंगल यूज़ प्लास्टिक के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए इसका पूर्ण बहिष्कार करने की अपील यह पहल नागरिक भागीदारी को मजबूत बनाते हुए स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक सशक्त प्रयास रहा।

# खिलाड़ी हर परिस्थिति में अपनी उत्कृष्टता को प्रदर्शित करते हैं : वंश बहादुर



नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता

मुरादाबाद, । कौशल्या कन्या इंटर कॉलेज में बास्केटबॉल की जनपद स्तरीय (बालिका वर्ग) की प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। फाइनल मुकाबले में कौशल्या कन्या इंटर कॉलेज की टीम 20–12 से विजयी रही। मंडलीय खेल सचिव वंश बहादुर ने कहा कि खिलाड़ी हर परिस्थिति में अपनी उत्कृष्टता को प्रदर्शित करते हैं तथा आगे चलकर जीवन में सफलता प्राप्त करते हैं।

प्रतियोगिता में आर्य कन्या इंटर कॉलेज, बिनातुल कुरेशी गर्ल्स इंटर कॉलेज, कौशल्या कन्या इंटर कॉलेज, आदि विभिन्न विद्यालयों की छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम अध्यक्ष मंडलीय खेल सचिव वंश बहादुर मुस्लिम हैबिट मुस्लिम इंटर कॉलेज के प्रवक्ता मोहम्मद आफताब आलम, जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय से आए खेल प्रभारी मोहम्मद सईद आसिफ हसन ने दीप प्रज्वलित करके प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया। कौशल्या कन्या इंटर कालेज की प्रधानाचार्या डॉ मधुबाला त्यागी ने सभी अतिथियों का स्वागत तथा खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि खेल प्रतियोगिता में खिलाड़ी जीतकर अपने कॉलेज, अपने शहर, अपने प्रदेश, अपने देश का नाम रोशन करते हैं।

मोहम्मद सैयद आसिफ हसन ने कहा कि जिले ही नहीं अगर आप मेहनत करेंगे तो राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी बनकर उच्च पद प्राप्त करके देश को सर्वोत्तम ऊंचाइयों तक ले जाएंगे। मोहम्मद आफताब आलम ने कहा कि खिलाड़ियों में परस्पर प्रेम सहयोग साहस की भावना विकसित होती है जो सफलतम जीवन के लिए अनिवार्य है। प्रधानाचार्या मधुबाला त्यागी ने बच्चों को पारितोषिक देकर प्रोत्साहित किया।

# मुरादाबाद के मंडलायुक्त को उप्र सरकार ने मूल सिक्किम कैडर के लिए किया रिलीव

## 10 साल से यूपी में प्रतिनियुक्ति पर थे 2005 बैच के आईएएस आन्जनेय कुमार सिंह

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता



मुरादाबाद, 23 अगस्त (हि.स.)। चार साल से उत्तर प्रदेश में मुरादाबाद के मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह को शनिवार को उत्तर प्रदेश सरकार ने मूल सिक्किम कैडर के लिए रिलीव कर दिया है। नियुक्ति विभाग ने प्रतिनियुक्ति की समाप्ति पर नियमानुसार मिलने वाले 60 दिन का अवकाश भी उनके लिए स्वीकृत कर दिया है। 10 साल से यूपी में प्रतिनियुक्ति पर रहे।

समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता व पूर्व मंत्री मोहम्मद आजम खां पर कार्रवाई को लेकर सुर्खियों में आए वर्ष 2005 बैच के आईएएस आन्जनेय कुमार सिंह वर्ष 2015 फरवरी माह में प्रतिनियुक्ति पर उत्तर प्रदेश में आए थे। यूपी में वह बुलंदशहर, फतेहपुर और रामपुर के जिलाधिकारी रहे। आन्जनेय कुमार सिंह को 2 मार्च 2021 प्रोन्नति देते हुए से मुरादाबाद का कमिश्नर बनाया गया था। नियुक्ति विभाग ने मुरादाबाद के कमिश्नर का चार्ज मुरादाबाद के जिलाधिकारी अनुज सिंह को दे दिया है।

# देवरो ने की भावी से मारपीट मुकदमा दर्ज

भोजपुर। रुकैय्या पत्नि उसमान निवासी ग्राम मिलक लालुवाला थाना भोजपुर ने थाना प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि शुक्रवार को समय करीब शाम 5.30 बजे मैं और मेरे पति अपने कमरे में बैठे हुऐ बाते कर रहे थे। तभी मेरे देवर फरमान व जीशान पुत्रगण सहादत, सुसर सहादत, ननद तारा वी पुत्री सहादत लाठी डण्डे लेकर कमरे में आ गये और गन्दी गन्दी मां बहन की गालीयां देकर बोले हमारे घर से निकलो हमे किसी भी चीज खुशी में पूछते नहीं है। मैने व मेरे पति ने गाली देने को मना किया तो उक्त सभी ने हमे लाठी डन्डो से मारा-पीटा जिससे मेरे गुम चोटे लगी है। और मेरे पति उसमान के सिर में बहुत गहरी चोटे लगी है। हमे जान से मारने की धमकी दी है, पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जान शुरू कर दी है।

# ट्रैक्टर ट्राली से बाइक सवार की मौत, साथी युवक घायल

## "परिजनों ने समय से एम्बुलेंस ना पहुंचने का लगाया आरोप"

नेशनल एक्सप्रेस फहीम अंसारी



मुरादाबाद। भगतपुर थाना क्षेत्र गांव निवाड़खास निवासी कपिल ओर महेंद्र दोनों एचडीएफसी बैंक में कलेक्शन विभाग के पद पर तैनात थे। प्रतिदिन की तरह शनिवार की सुबह अपनी मोटरसाइकिल हीरोस्प्लेंडर से बैंक मुरादाबाद जाने के लिए घर से निकले थे। जैसे ही सड़क पर पहुंचे पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली ने बाइक में टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार दोनों युवक नहर में गिर गए और ऊपर से ट्रैक्टर चढ़ गया। चालक ट्रैक्टर ट्राली को छोड़ कर मौके से फरार हो गया। चीख पुकार की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण घटना की तरफ दौड़े और घायलों की पहचान कपिल पुत्र प्रेम सिंह व महेंद्र सिंह पुत्र रामवीर सिंह के रूप में की घटना की सूचना मिलते ही परिजन और गांव वाले घटना स्थल की तरफ दौड़े सूचना मिलते ही थाना प्रभारी रविन्द्र प्रताप सिंह भी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुँचकर

ग्रामीणों की मदद से ट्रैक्टर के नीचे दबे घायलों को निकालकर जिला अस्पताल भिजवाया रास्ते में ही कपिल पुत्र प्रेम सिंह ने दम तोड़ दिया। गुस्साए ग्रामीणों ने मानपुर पहुंचकर जाम लगा दिया और चालक की गिरफ्तारी की मांग करने लगे जाम की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस क्षेत्राधिकारी ठाकुरद्वारा गौरव कुमार त्रिपाठी, मुंडापांडे थाना प्रभारी व थाना प्रभारी डिलारी और थाना प्रभारी भोजपुर भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुँचे और परिजनों को समझाने का प्रयास करने लगे मौके पर पहुँचे ब्लॉक प्रमुख ओर जिला पंचायत सदस्य छोटू बाबा आदि ने भी मौके पर पहुँचकर परिजनों को समझाने का प्रयास किया इसी दौरान दोनों तरफ जाम की लंबी कतारें लग गई क्षेत्राधिकारी गौरव कुमार त्रिपाठी ने परिजनों को किसी तरह एक घन्टे की कड़ी मशक्कत के बाद समझा वुझाकर कर जाम को खुलवाकर सुचारू रूप से चालू कराया घटना की जानकारी करने पर सीओ ने बताया कि ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में कर लिया है। चालक की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। आगे की कार्यवाही के लिए परिजनों की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। दूसरी तरफ परिजनों का आरोप है, कि अगर समय से एंबुलेंस आ जाती ओर ऑक्सीजन मिल जाती तो शायद कपिल की जान बच सकती थी। मृतक कपिल की दो वर्ष पहले ही शादी हुई थी। मृतक ने अपने पीछे तीन माह की एक बेटी और पत्नी नेहा को रोते-विलखते छोड़ा है।

दैनिक नेशनल एक्सप्रेस
43 वर्षों से निष्पक्ष व निर्भीक समाचार पत्र
आवश्यकता है
नई दिल्ली से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक नेशनल एक्सप्रेस को हिंदी पत्रकारिता में ब्यूरो प्रमुख, अनुभवी पत्रकार / विज्ञापन प्रसार के लिए दिल्ली व उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में आवश्यकता है। जर्नलिज्म में अपना कैरियर बनाने को इच्छुक व्यक्ति संपर्क कर सकते है।
7080333338 011-49066569
news.vpl@gmail.com
VPL MEDIA PRIVATE LIMITED
S-561 Greater Kailash- II New Delhi-110048
15/240 Civil Lines Kanpur - 208001

# मेरी हत्या होती है तो इसके जिम्मेदार अखिलेश यादव होंगे: पूजा पाल



**कौशांबी** (उप्र), (भाषा) उत्तर प्रदेश विधानसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रशंसा करने पर समाजवादी पार्टी से निष्कासित की गईं विधायक पूजा पाल ने कहा है कि अगर उनकी हत्या होती है तो इसके लिए समाजवादी पार्टी (सपा) और उसके प्रमुख अखिलेश यादव जिम्मेदार होंगे।

पाल ने 'एक्स' पर लिखा, "मेरे पति के हत्यारों को सजा मिल गई है। आपने (अखिलेश) मुझे जिस तरह से बीच रास्ते में अपमानित करके मरने के लिए छोड़ दिया है, उससे समाजवादी पार्टी के आपराधिक प्रवृत्ति के समर्थकों का मनोबल बहुत बढ़ गया है। इसलिए संभव है कि मेरे पति की तरह मेरी भी हत्या कर दी जाए। यदि ऐसा होता है तो मेरी हत्या का वास्तविक दोषी समाजवादी पार्टी और अखिलेश यादव को माना जाए।"

पाल ने सपा से निष्कासित होने के बारे में लिखा, "इतने बड़े बड़े दर्द सहने के बाद आपकी पार्टी से निष्कासन का दर्द बहुत छोटा दिखता है। अखिलेश यादव जी आप अपने दिमाग पर जोर डालकर यह याद कीजिए कि प्रयागराज की सड़कों पर दौड़ा-दौड़ाकर मेरे पति की हत्या की गई थी।" उन्होंने कहा, "संविधान बचाने का ढोंग करने वाली आपकी पार्टी की सरकार के कार्यकाल में अति पिछड़े परिवार की बदनसीब बेटी के पति का पार्थिव शरीर, अंतिम संस्कार के लिए भी नहीं दिया गया। आप अतीक अहमद जैसे पापी के आगे झुक गए होंगे, लेकिन इतने दिनों में मैं कभी किसी माफिया के सामने ना झुकी हूं और ना भयभीत हुई।" उल्लेखनीय है कि प्रयागराज के माफिया अतीक अहमद की हत्या को लेकर पूजा पाल ने हाल ही में सदन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रशंसा की थी जिसके बाद अखिलेश यादव ने पूजा पाल को पार्टी से निष्कासित कर दिया था।

पूजा पाल ने कहा, "समाजवादी पार्टी के नेताओं के कहने पर मैं इस पार्टी में शामिल हुई और तीसरी बार विधायक बनी। लेकिन पार्टी में कार्य करते हुए मुझे एहसास होने लगा कि यहां मुस्लिम को पहला दर्जा मिला हुआ है, जबकि पिछड़े, अति पिछड़े और दलित दूसरे दर्जे के हैं।" उन्होंने कहा, "मुस्लिम चाहे जितने बड़े अपराधी हों, उनको सम्मान देना, उनको ताकत देना, उनकी शक्ति बढ़ाना समाजवादी पार्टी की पहली प्राथमिकता है। मैंने बहुत प्रयास किया कि आप हमारे पति के हत्यारों को उनके किए की सजा दिलाएंगे, लेकिन हर प्रयास के बावजूद सिर्फ निराशा ही हाथ लगी।" उल्लेखनीय है कि बहुजन समाज पार्टी के विधायक और पूजा पाल के पति राजू पाल की 2005 में हत्या कर दी गई थी। हत्या का आरोप माफिया अतीक अहमद पर था। राजू पाल हत्याकांड के मुख्य गवाह उमेश पाल की हत्या समेत 100 से अधिक आपराधिक मामलों में नामजद अतीक अहमद की 15 अप्रैल, 2023 को प्रयागराज के काल्विन अस्पताल के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

## डिवाइडर से टकरायी पुलिस की गाड़ी, छह सिपाही घायल

प्रतापगढ़, (भाषा) उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में प्रयागराज-लखनऊ राजमार्ग पर शेखपुर के निकट शनिवार तड़के पुलिस की एक गाड़ी के अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराने की दुर्घटना में छह सिपाही घायल हो गए। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) संजय राय ने बताया कि शनिवार तड़के वह पुलिस मुठभेड़ की सूचना पाकर पुलिस बल के साथ घटनास्थल हथिगवां थानाक्षेत्र जा रहे थे कि तभी उनके साथ चल रही दूसरी गाड़ी शेखपुर के निकट डिवाइडर से टकरा गई।

उन्होंने बताया कि गाड़ी में सवार छह सिपाही घायल हो गए और उन्हें इलाज के लिए कुंडा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया।

# जौनपुर में चाचा ने भतीजे की लाठी से पीट-पीटकर हत्या की



जौनपुर, (भाषा) उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले के एक गांव में एक व्यक्ति ने अपने ही भतीजे की लाठी से पीट-पीटकर हत्या कर दी। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने इस मामले में सात लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जबकि तीन लोगों की तलाश जारी है।

केराकत के पुलिस क्षेत्राधिकारी अजीत कुमार रजक ने बताया कि चन्दवक थानाक्षेत्र के छोटी चिटको राजभर बस्ती निवासी रामदयाल राजभर ने शुक्रवार रात अपने 32 वर्षीय भतीजे राजकुमार को खाना खाने के लिए बुलाया।

उन्होंने बताया कि राजकुमार अपने साथियों के साथ घर के बाहर बैठा था और किसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई, जो धीरे-धीरे मारपीट में बदल गई।

अधिकारी ने बताया कि इस दौरान रामदयाल घर से लाठी लेकर आया और भतीजे के सिर पर वार कर दिया। उन्होंने बताया कि सिर में गंभीर चोट लगने से राजकुमार की मौके पर ही मौत हो गई और घटना के बाद आरोपी रामदयाल मौके से फरार हो गया।

अधिकारी ने बताया कि घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेने की कोशिश की लेकिन ग्रामीणों ने विरोध किया। ग्रामीण मुख्य आरोपी सहित सभी की गिरफ्तारी की मांग पर अड़ गए, जिसके बाद चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया।

नगर पुलिस उपाधीक्षक आयुष श्रीवास्तव ने बताया कि तीन आरोपियों की तलाश के लिए पुलिस टीम गठित कर दी गई है और जल्द ही उन्हें पकड़ लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि मौके पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिसकर्मियों की तैनाती भी की गई है।

# मेरठ और मुजफ्फरनगर में दो इनामी बदमाश पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार



**मेरठ/मुजफ्फरनगर** (उप्र), (भाषा) मेरठ और मुजफ्फरनगर में पुलिस ने अलग-अलग अभियानों के तहत दो वांछित इनामी अपराधियों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी।

पुलिस के अनुसार मेरठ में गोहत्या के एक मामले में वांछित 25 हजार रुपये के इनामी अपराधी को गिरफ्तार कर लिया गया।

मेरठ के पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) राकेश कुमार मिश्रा ने बताया कि शुक्रवार रात पुलिस ने नियमित जांच के दौरान जानी थाना क्षेत्र के शेखपुरी बंभा चौराहे के पास एक संदिग्ध को रुकने का निर्देश दिया तो उसने गोली चला दी। पुलिस की जवाबी गोलीबारी में वसीम कुरैशी नामक अपराधी के पैर में गोली लग गई।

कुमार ने बताया कि कुरैशी के पास से एक देसी पिस्तौल, कारतूस और बिना नंबर प्लेट वाली एक काली मोटरसाइकिल बरामद की गई है।

पुलिस के मुताबिक कुरैशी नौ मार्च को गोवंश अवशेष मिलने के मामले में वांछित था और उसके खिलाफ मेरठ व गाजियाबाद में हत्या समेत विभिन्न अपराधों में 10 से ज्यादा मामले दर्ज हैं। घायल आरोपी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

इस बीच, मुजफ्फरनगर में उत्तर प्रदेश पुलिस के विशेष कार्यबल (एसटीएफ) और स्थानीय पुलिस की एक संयुक्त टीम ने रवि नामक एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया, जिस पर एक लाख रुपये का इनाम था।

शुक्रवार शाम दिल्ली-देहरादून राष्ट्रीय राजमार्ग पर बागोवाली चौक के पास हुई गोलीबारी के बाद यह गिरफ्तारी हुई।

पुलिस अधीक्षक (नगर) सत्यनारायण प्रजापत ने बताया, ₹मुठभेड़ के दौरान रवि को गोली लगी है। वह एक दर्जन से ज़्यादा मामलों में वांछित था, जिसमें 18 अप्रैल, 2025 को भूसा आपूर्तिकर्ता से 11 लाख रुपये की लूट का मामला भी शामिल है। रवि दिल्ली और मेरठ में भी वांछित था।₹

# कविकुलगुरु कालिदास विश्वविद्यालय के कुलपति व उनकी पत्नी की सड़क हादसे में मौत



मऊ (उप्र), (भाषा) उत्तर प्रदेश के मऊ जिले में एक इनोवा कार सड़क पर खड़े ट्रक से टकरा गई जिससे कार में सवार महाराष्ट्र के नागपुर स्थित कविकुलगुरु कालिदास संस्कृत विश्वविद्यालय, रामटेक के कुलपति और उनकी पत्नी की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी।

अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) अनूप कुमार ने बताया कि हादसा गोरखपुर-वाराणसी राजमार्ग पर कुसमा गांव के पास उस समय हुआ जब तेज रफ्तार इनोवा कार एक खड़े ट्रक से टकरा गई।

उन्होंने बताया कि इस हादसे में प्रोफेसर हरे राम त्रिपाठी (58) और उनकी पत्नी बदामी देवी (56) की मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि दंपति वाराणसी से कुशीनगर जिले स्थित अपने गांव जा रहे थे। कुमार ने बताया कि मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने कार में फंसे लोगों को बाहर निकाला, लेकिन तब तक दंपति की मौत हो चुकी थी। कार चालक वैभव मिश्रा (35) गंभीर रूप से घायल हो गया है।

घटना की सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने मृतकों के परिजनों को भी घटना की जानकारी दी। एएसपी कुमार ने बताया कि बिहार के गोपालगंज निवासी घायल चालक वैभव मिश्रा को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि मामले में विधिक कार्रवाई की जाएगी। अभी तक कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है, तहरीर मिलते ही मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। प्रोफेसर हरे राम त्रिपाठी इससे पहले वाराणसी के सम्पूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति रहे थे। इसी थाना क्षेत्र में 2005 में सम्पूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति, प्रख्यात साहित्यकार एवं राज्यसभा सदस्य पंडित विद्यानिवास मिश्र की भी एक सड़क हादसे में मौत हो गई थी।

# नाबालिग लड़की को अगवा कर सात महीने तक दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार



बलिया, (भाषा) उत्तर प्रदेश के बलिया जिले में एक नाबालिग लड़की को अगवा कर दिल्ली और आंध्र प्रदेश ले जाकर उससे सात महीने तक कथित तौर पर दुष्कर्म करने के आरोपी को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

पुलिस के अनुसार, खेजुरी थानाक्षेत्र के एक गांव में रहने वाली 13 वर्षीय एक लड़की का गांव में ही रहने वाले रितेश राजभर (20) नाम के लड़के ने नौ जनवरी को अपहरण कर लिया था।

थाना प्रभारी दिनेश पाठक ने बताया कि लड़की की मां की शिकायत के आधार पर 15 जनवरी को रितेश, उसके पिता खेदन और भाई पिंटू के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं में नामजद मुकदमा दर्ज किया गया।

थाना प्रभारी के मुताबिक, पुलिस ने शनिवार को थानाक्षेत्र के एक स्थान से अपहृत लड़की को मुक्त करा लिया। उन्होंने बताया कि लड़की ने पुलिस को बयान दिया कि रितेश उसे अगवा कर दिल्ली और आंध्र प्रदेश ले गया, जहां तकरीबन सात माह तक उससे दुष्कर्म किया गया।

अधिकारी ने बताया कि लड़की के बयान के आधार पर मुकदमे में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 64 (दुष्कर्म) और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम की सुसंगत धारा जोड़ दी गयी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने आरोपी रितेश को थानाक्षेत्र के बेलौना हरपुर गांव से शनिवार सुबह गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# "विमुक्त जाति दिवस के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होंगे मुख्यमंत्री योगी"



लखनऊ, 23 अगस्त (भाषा) उत्तर प्रदेश के लखनऊ स्थित भागीदारी भवन में 31 अगस्त को 'विमुक्त जाति दिवस' कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इसमें शामिल होंगे। एक आधिकारिक बयान में शनिवार को यह जानकारी दी गई।

बयान में बताया गया, समाज के हाशिए पर खड़े विमुक्त जाति समुदाय को मुख्यधारा में लाने के मकसद से 31 अगस्त को भागीदारी भवन में 'विमुक्त जाति दिवस' का आयोजन किया जाएगा और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इसमें मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण के हवाले से बताया गया कि इस कार्यक्रम में प्रदेश भर से विमुक्त जाति समुदाय के लोग हिस्सा लेंगे।

भारत सरकार ने 31 अगस्त 1952 को अंग्रेजों द्वारा थोपे गए काले कानून 'क्रिमिनल ट्राइब्स एक्ट' को समाप्त किया था।

इस कानून के तहत कई समुदायों को अपराधी घोषित कर उनके अधिकार छीन लिए गये थे।

## दुकानदार ने टॉफी का लालच देकर दो बच्चों से किया कुकर्म, गिरफ्तार

बलिया, (भाषा) उत्तर प्रदेश के बलिया जिले में टॉफी का लालच देकर आठ और नौ वर्ष के दो बच्चों से कथित तौर पर कुकर्म करने वाले दुकानदार को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया गया।

पुलिस ने बताया कि उभांव थानाक्षेत्र के एक कस्बे में 11 अगस्त की शाम को आठ और नौ वर्ष के दो बच्चे एक दुकान के सामने खेल रहे थे कि तभी अफजाल अंसारी उर्फ राजू मास्टर (43) नाम के दुकानदार ने दोनों बच्चों को टॉफी का लालच देकर बुलाया और दुकान में उनसे कथित तौर पर कुकर्म किया। आरोपी ने बच्चों को घटना के बारे में किसी को भी बताने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी थी लेकिन बच्चों ने परिजनों को इसकी जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि इस मामले में एक बच्चे की मां की तहरीर पर अफजाल अंसारी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की सुसंगत धाराओं और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम के प्रावधानों के तहत 13 अगस्त को मुकदमा दर्ज किया गया।

# देवरिया में ट्रक की टक्कर लगने से एसएसबी जवान की मौत



देवरिया, (भाषा) उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले में एक ट्रक की टक्कर लगने से बाइक सवार सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के जवान की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस के अनुसार, बलिया जिले के नगरा क्षेत्र निवासी एसएसबी जवान सतेंद्र कुमार यादव (30) शुक्रवार शाम को अवकाश लेकर गोरखपुर से बाइक पर अपने गांव टियरा हैदपुर जा रहे थे कि तभी मईल चौराहे के पास एक अनियंत्रित ट्रक ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी।

पुलिस ने बताया कि इस हादसे में एसएसबी जवान सतेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई।

मईल थानाध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह ने बताया कि जवान की पहचान उसके पास से मिले पहचान पत्र से हुई है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।


उन्होंने बताया कि ट्रक को कब्जे में लेकर पुलिस फरार चालक की तलाश में जुटी है।

## 'घपला तिकड़ी' मिलकर वोट की डकैती कर रही हैं: अखिलेश यादव

लखनऊ, (भाषा) समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), निर्वाचन आयोग और अधिकारियों को 'घपला तिकड़ी' करार देते हुए कहा कि तीनों मिलकर वोटों की डकैती कर रहे हैं।

पूर्व मुख्यमंत्री ने शनिवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट में आरोप लगाया, "भाजपा-निर्वाचन आयोग-अधिकारी' की 'घपला तिकड़ी' मिलकर 'वोट-डकैती' कर रही है।" यादव ने कहा, "दरअसल ये वो तीन तिगाड़ा है, जिनकी साठगांठ ने देश का वर्तमान-भविष्य बिगाड़ा है।" उन्होंने पोस्ट में दो मिनट 49 सेकेंड का एक वीडियो भी साझा किया है, जिसमें शुरुआत में ही यह नारा गूंज रहा है-"वोट की चोरी करने वालों, जनता तुम्हें हराएगी, पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) के लोग डंटे हैं, सत्ता तेरी जाएगी!"--

# मथुरा जंक्शन से एक वर्षीय बच्ची का अपहरण, पुलिस तलाश में जुटी



**मथुरा**, (भाषा) उत्तर प्रदेश के मथुरा जंक्शन रेलवे स्टेशन पर एक युवक ने एक वर्षीय बच्ची का अपहरण कर लिया। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी।

पुलिस के अनुसार, युवक को बच्ची को उठा कर ले जाते हुए देखने के बाद महिला ने शोर मचाया लेकिन जब तक कोई उसे पकड़ता, आरोपी उसी प्लेटफार्म पर झांसी जाने वाली संपर्क क्रांति एक्सप्रेस ट्रेन में चढ़कर फरार हो गया।

राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) थाना प्रभारी यादराम सिंह ने बताया कि यह घटना शुक्रवार रात करीब दस बजे की है। उन्होंने बताया कि उस समय प्लेटफार्म नंबर एक पर झांसी जाने वाली ट्रेन सम्पर्क क्रांति एक्सप्रेस आ रही थी।

अधिकारी ने बताया कि इससे कुछ ही क्षण पहले प्लेटफार्म पर पति आनंद व दो बच्चियों संग सो रही जबलपुर निवासी पूजा शौचालय गई थी और वापस लौटते समय उसकी नजर एक युवक पर पड़ी, जो उसकी एक वर्षीय बच्ची को उठाकर ले जा रहा था।

उन्होंने बताया कि महिला ने शोर मचाया, जिससे पास में ही सो रहा उसका पति व अन्य लोग जाग गए लेकिन इस हड़बड़ाहट में चोर चलती गाड़ी में सवार होकर फरार हो गया।

अधिकारी ने बताया कि सीसीटीवी की फुटेज में भी एक युवक पूजा की बच्ची को गोद में उठाकर ले जाता दिखाई दिया है।

उन्होंने बताया कि आरोपी के हुलिये के आधार पर पुलिस की तीन टीमें तलाश में जुटी हैं लेकिन अब तक कोई सूचना नहीं मिली है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में चिकित्सक का शव मिला, पुलिस जांच में जुटी



**बागपत** (उत्तर प्रदेश), (भाषा) बागपत जिले के बड़ौत थाना क्षेत्र में शनिवार को एक चिकित्सक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में बरामद किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस के अनुसार यह शव शनिवार को बड़ौत थाना क्षेत्र के कोताना रोड पर बिजली घर के पास से बरामद किया गया और मृतक की पहचान डॉ. परवेज (30) के रूप में हुई है।

सूचना मिलते ही बड़ौत थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है।

बागपत के पुलिस अधीक्षक (एसपी) सूरज कुमार राय ने बताया कि मृतक के शरीर पर किसी प्रकार की चोट के निशान नहीं मिले है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था की स्थिति सामान्य है व मामले की गहन जांच की जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारण का पता चल सकेगा।

मृतक के परिजनों ने आशंका जताई है कि हत्या कर शव को नहर की पटरी पर फेंका गया है। इस आशंका के कारण परिजनों और मोहल्ले के लोगों ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। उनका कहना था कि जब तक मामले का खुलासा नहीं होगा, वे शव का पोस्टमार्टम नहीं होने देंगे।

करीब एक घंटे तक समझाने-बुझाने के बाद परिजन राजी हुए और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पुलिस मामले की सभी पहलुओं से जांच कर रही है।

# चंदौली में बदमाशों ने घर में घुसकर महिला को गोली मारी, घायल



चंदौली, (भाषा) उत्तर प्रदेश के चंदौली जिले में अज्ञात बदमाशों ने एक घर में घुसकर एक महिला को गोली मार दी। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि घायल महिला का अस्पताल में उपचार जारी है। पुलिस के मुताबिक, शुक्रवार देर रात सैयदराजा थानाक्षेत्र के वार्ड नंबर 10 में सफीउल्ला के घर में घुसे अज्ञात बदमाशों ने उसकी पत्नी दिलकश (40) को गोली मार दी।

पुलिस ने बताया कि कंधे में गोली लगने के बाद महिला को वाराणसी स्थित बीएचयू ट्रामा सेंटर ले जाया गया, जहां उसका इलाज जारी है।

पुलिस के मुताबिक, सफीउल्ला मुंबई में नौकरी करता है और उसके घर में पत्नी दिलकश, बेटे व बेटियां रहती हैं।

एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस को प्राप्त शिकायत में आरोप लगाया गया कि शुक्रवार देर रात करीब दो बजे कुछ आवाज सुनने के बाद दिलकश की नींद खुल गई और उसने अपने घर में कुछ बदमाशों को पाया। उन्होंने बताया कि दिलकश के शोर मचाने पर एक बदमाश ने तमंचा निकालकर उसे गोली मार दी।

अधिकारी ने बताया कि चीख-पुकार सुनकर घर के अन्य सदस्य भी जाग उठे और गोली से घायल दिलकश को जिला अस्पताल ले गए लेकिन हालत गंभीर के कारण उसे वाराणसी स्थानांतरित कर दिया गया।

सैयदराजा थाना प्रभारी बीपी पांडेय ने बताया कि घर में घुसे बदमाशों का मकसद क्या था, इसकी जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया।

# सहारनपुर में गोकशी कर रही मां-बेटी गिरफ्तार



सहारनपुर, (भाषा) उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले में पुलिस ने कथित तौर पर गोकशी कर रही मां-बेटी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी।

पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सागर जैन ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि शुक्रवार रात को जनकपुरी थाने को मुखबिर से सूचना मिली कि दजपुरा निवासी नसीम कुरैशी अपने परिवार के साथ अपने घर में गोकशी कर रहा है।

जैन ने बताया कि सूचना पाकर थाना प्रभारी ने पुलिस टीम के साथ नसीम कुरैशी के घर पर दबिश दी, जो अंधेरे का लाभ उठाकर मौके से फरार हो गया।

अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने मौके से गौकशी करते हुए नसीम की पत्नी नूरजहां और उसकी बेटी तब्बसुम उर्फ रानी को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि मौके से गौ मांस अवशेष और गोकशी के उपकरण बरामद कर लिया गया है।

जैन ने बताया कि पशु चिकित्सा अधिकारी को मौके पर बुलाकर मांस के नमूने को जांच के लिये भेजा गया।

उन्होंने बताया कि पुलिस नसीम की गिरफ्तारी के लिये दबिश दे रही हैं।

स्वच्छ गंगाघाट | Azadi Ka Amrit Mahotsav | G20 | सुन्दर गंगाघाट

कार्यालय नगर पालिका परिषद गंगाघाट, उन्नाव

नगर गंगाघाट को बनाये नं0–1
"नागरिकों से अपील"

1. पालीथीन की बिक्री व उपयोग पूर्णतः प्रतिबन्धित है। निरीक्षण के दौरान प्रतिबन्धित पालीथीन की बिक्री व उपयोग पाये जाने पर सामग्री जब्त करते हुये जुर्माना भी हो सकता है। किसी भी प्रकार के प्लास्टिक/थर्माकोल के बैग गिलास, कप, प्लेट थाली आदि का प्रयोग स्वास्थ्य एवं पर्यावरण की दृष्टि से हानिकारक है, इसलिये इसका उपयोग कदापि न करें।
2. प्लास्टिक/थर्माकोल के बैग, गिलास, कप, प्लेट, थाली आदि के स्थान पर कपड़े कागज आदि द्वारा निर्मित उत्पाद का प्रयोग, मानवहित, स्वास्थ्य व पर्यावरण की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। कोई भी दुकानदार, थोक विक्रेता, ठेला वालों, फेरी वालों, फल वालों, सब्जी वालों सहित अन्य जनमानस द्वारा प्लास्टिक/थर्माकोल के बैग, गिलास, कप, प्लेट, थाली आदि का प्रयोग/क्रय /विक्रय करते हुए पाया जाता है तो वह ठोस अपशिष्ठ प्रबन्धन की नीति के क्रम में नगर पालिका उपविधि के अन्तर्गत पेनाल्टी/जुर्माना शुल्क वसूल किया जायेगा।
3. नगर पालिका सीमान्तर्गत भवन निर्माण सामग्री (निष्प्रयोज्य सामग्री) को खुली जगहों (खाली प्लॉट एवं सड़क किनारे) पर फेंकने पर एस0डब्लू0एम0 नियम 2016 तथा नगर पालिका उपविधि के अनुसार प्रथम बार उल्लंघन करने पर रू0 500/– तथा पुनरावृत्ति पाये जाने पर रू0 1000/– प्रति प्रकरण जुर्माना हो सकता है। कोई भी व्यक्ति सी0 एण्ड डी0 वेस्ट से सम्बन्धित सूचना स्वच्छ भारत मिशन प्रभारी के मो० नं0 8382035276 पर देकर सी0 एण्ड डी0 वेस्ट से सम्बन्धित सेवायें नियमानुसार पालिका से प्राप्त कर सकता है। सार्वजनिक मार्ग / नाली पर मलबा डालने पर उपरोक्तानुसार जुर्माना वसूल किया जायेगा।

समस्त सदस्यगण
न0पा0प0 गंगाघाट, उन्नाव

मुकेश कुमार मिश्रा
अधिशाषी अधिकारी
न0पा0प0 गंगाघाट, उन्नाव

कौमदी पाण्डेय
अध्यक्ष
न0पा0प0 गंगाघाट, उन्नाव

# डीएम-एसएसपी के निर्देशन पर थानों में हुई जनसुनवाई

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।**

फिरोजाबाद । जिलाधिकारी रमेश रंजन के मार्गदर्शन और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देशन में विभिन्न स्थानों में शनिवार को थाना दिवस का आयोजन किया गया जहां पर आए हुए फरियादियों की फरियाद को सुना गया जिलाधिकारी के निर्देश पर फरियादियों की समस्याओं के समाधान हेतु एक संयुक्त टीम का गठन भी किया गया इस संयुक्त टीम ने मौके पर जाकर समस्याओं का निस्तारण किया इस संयुक्त टीम में राजस्व और पुलिस की टीम शामिल थी, जिलाधिकारी ने कहा कि छोटे-छोटे समस्याओं का समाधान प्रारंभिक स्तर पर ही कर लिया जाए, जिससे यह समस्याएं



आगे चलकर बड़ा रूप धारण न कर सकें, साथ ही जिलाधिकारी ने राजस्व की टीम अर्थात तहसीलदार नायब तहसीलदार , कानूनगो और लेखपालों को निर्देशित किया कि राजस्व संबंधी ऐसे मामले जो आगे चलकर विवाद का रूप ले सकते हैं, उनके निस्तारण में तत्परता दिखाएं और उनका शीघ्र निस्तारण कराए, इसी तरह जिलाधिकारी ने पुलिस टीम को भी निर्देशित किया है कि ऐसे मामले जो प्रारंभिक स्तर पर दोनों पक्षों की आपसी सहमति के उपरांत सुलझाया जा सकते हैं , उनका निस्तारण करने में शीघ्रता और तत्परता अवश्य दिखाएं उन्होंने कहा कि थाना समाधान दिवस का उद्देश्य ही है कि प्रारंभिक तौर पर ही समस्याओं का समाधान कर लिया जाए, थाना समाधान दिवस में सबसे ज्यादा मामले अवैध कब्जा ,चकरोड संबंधी विवाद,दबंगों द्वारा अवैध कब्जा किया जाना जैसे मामले आए।

थाना समाधान दिवस का आयोजन जनपद के विभिन्न थानो में भी किया गया, जिसमें जनपद स्तरीय अधिकारियों की भी उपस्थिति रहीं।

# किसानों को हो रही खाद की परेशानी को लेकर आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं ने सौंपा ज्ञापन

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो।**

फिरोजाबाद । शनिवार को जिला मुख्यालय पर आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं ने किसानों को हो रही खाद की किल्लत को लेकर नाराजगी जाहिर करते हुए प्रदर्शन कर राज्यपाल को संबोधित एक ज्ञापन डीएम कार्यालय में सौंपा। उन्होंने कहा कि जनपद में खाद की भारी किल्लत से किसान परेशान हैं। किसानों को घंटों लाइन में खड़े रहने के बाद भी खाद नहीं मिल पा रही है। खेती का मौसम चल रहा है और किसानों को खाद की उपलब्धता न होना उनकी आजीविका को प्रभावित कर रहा है। इस दौरान प्रदर्शन में बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए। सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि सरकार खाद




उपलब्ध कराने में विफल रही है। किसान अपनी धरती पर अन्न उपजाने के लिए बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं। खाद के लिए किसानों को लंबी लाइन में खड़ा होना पड़ रहा है जो सरकार किसानों को खाद उपलब्ध नहीं कर पा रही है। ऐसी सरकार किसानों के साथ किस तरह उनका भला कर सकती है। प्रदर्शन में सलमान, धर्मेंद्र शर्मा, शीलेंद्र वर्मा, अमित गर्ग, अर्पित यादव, रत्नेश यादव, यदुवंश यादव, नदीम सिद्दिकी, निर्मल कुमार सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

# मनीषा हत्या के मामले में भीम आर्मी ने सौंपा ज्ञापन, जांच की मांग

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो।**

फिरोजाबाद । शनिवार को जनपद के जिला मुख्यालय पर हरियाणा के भिवानी जिले में एक 18 वर्षीय शिक्षिका मनीषा की हत्या के मामले में भीम आर्मी के पदाधिकारियों ने राष्ट्रपति को सौंपा इस दौरान उन्होंने बताया कि घटना 11 अगस्त 2025 की है, जब मनीषा स्कूल से नर्सिंग कोर्स में एडमिशन लेने के लिए निकली थी। दो दिन तक लापता रहने के बाद 13 अगस्त को एक खेत में उनका शव बरामद हुआ। शव की स्थिति अत्यंत विकृत थी। आरोप है कि हरियाणा प्रशासन इस मामले को आत्महत्या के रूप में दर्शा रहा है। इस दौरान भीम आर्मी एकता मिशन ने राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपकर



तीन प्रमुख मांगें रखी हैं। पहली मांग में पीड़ित परिवार को एक करोड़ रुपये का मुआवजा, दूसरी में एक पक्का मकान और तीसरी मांग में परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी तथा मामले की निष्पक्ष जांच कराकर आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाए जाने की मांग की । इस दौरान एक दर्जन से अधिक पदाधिकारी मौजूद रहे ।

# अखंड भारत एवं हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद जयंती पर गोष्ठी का आयोजन

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो।**

टूंडला। अखंड भारत दिवस एवं हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद जयंती स्मृति दिवस के अवसर पर ठा. बीरीसिंह इंटर कॉलेज में भव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया।

गोष्ठी में विभाग प्रचारक एवं मुख्य वक्ता अखिलेश ने मेजर ध्यानचंद के जीवन और उनके हॉकी खेल में योगदान पर विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि मेजर ध्यानचंद का जीवन समर्पण, भाव, लगन और परिश्रम का प्रतीक रहा है। उन्होंने अपने खेल जीवन में 1000 से अधिक गोल दागकर विश्व पटल पर भारत का नाम रोशन किया।



अखिलेश ने अखंड भारत दिवस पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 15 अगस्त 1947 से पूर्व भारत के 24 टुकड़े कर दिए गए थे। अब समय है कि हम सब संगठित होकर भारत को पुनः अखंड बनाएँ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय विश्वविद्यालय भाला फेंक खिलाड़ी सुरेंद्र नौहवार उपस्थित रहे। इसके साथ ही कुटुंब प्रबोधन प्रांत टोली सदस्य राजेश तिवारी, विभाग संयोजक सुभाष मिश्रा, नगर संघ चालक वेद प्रकाश गुप्ता, जिला सह संयोजक डॉ. रविशंकर वर्मा, विवेक मुद्गल, नगर संयोजक मुकेश कौशिक, एवं अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

गोष्ठी की अध्यक्षता प्रधानाचार्य राजेश पैगोरिया ने की तथा संचालन रीतेश कुमार एडवोकेट ने किया। इस अवसर पर 155 खिलाड़ी छात्र एवं छात्राओं को पुरस्कार वितरित किए गए।

## संक्षिप्त समाचार

### रोजगार सेवक संघ ने किया क्रॉप सर्वे कार्य का विरोध, सौंपा ज्ञापन



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो । फिरोजाबाद। जिले के विकास खण्ड हाथवंत में रोजगार सेवकों ने फसल सर्वे कार्य का विरोध किया, रोजगार सेवक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष अंकित भारद्वाज के नेतृत्व में खण्ड विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। रोजगार सेवक संघ का कहना है कि 5 अक्टूबर 2012 के निर्देश के अनुसार नरेगा, मनरेगा के अलावा रोजगार सेवकों से कोई काम नहीं लिया जा सकता है। रोजगार सेवक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष अंकित भारद्वाज ने कहा कि एग्री स्टेट डिजिटल क्रॉप सर्वे का कार्य कृषि बिभाग का है ओर इस सर्वे कार्य को रोजगार सेवकों पर थोपा जा रहा, जबकि रोजगार सेवकों को मनरेगा मजदूरों कि ऑनलाइन हाजिरी सुबह 6 बजे से 12 बजे तक प्रथम पाली व द्वितीय पाली 3 बजे से शाम 7 बजे तक करना होता जो कि कार्य स्थल पर जा कर ही होता है, ऐसे में हम रोजगार सेवकों से डिजिटल क्रॉप सर्वे कार्य के लिये समय नहीं बचता है डिजिटल सर्वे कार्य रोजगार सेवकों से कराये जाना न्याय संगत नहीं है। ज्ञापन देने वालों में रोजगार सेवक संघ के हाथवंत ब्लॉक अध्यक्ष अंकित भारद्वाज, बलबीर, संतोष, प्रवीण, श्याम तथा मनोज आदि लोग उपस्थिति रहे।

### सरकारी भूमि से प्रशासन ने हटाया अवैध कब्जा



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो। टूंडला। भर्रा नाले स्थित गाटा संख्या 341 पर दबंगों द्वारा किया गया अवैध कब्जा प्रशासन ने खाली करा लिया। तहसील प्रशासन और नगर पालिका परिषद टूंडला की संयुक्त टीम ने पुलिस बल के साथ पहुंचकर यह कार्रवाई की। जानकारी के अनुसार, सुरेश चन्द्र पुत्र पन्ना लाल सहित अन्य लोगों ने नगर पालिका परिषद की सरकारी भूमि पर कब्जा जमा रखा था। शिकायत के बाद प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए कब्जा हटवाया। अतिक्रमण मुक्त कराने की कार्रवाई में राजस्व विभाग से प्रबल प्रताप सिंह शहरी लेखपाल, नगर पालिका के अतिक्रमण प्रभारी अशोक कुमार शर्मा, उपनिरीक्षक राखी सिंह, उपनिरीक्षक प्रशांत कुमार तथा कांस्टेबल पुष्पेंद्र कुमार मौजूद रहे।

### अवैध असलाह सहित युवक गिरफ्तार, जेल भेजा



नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर । सिरसागंज। थाना नगला खंगर पुलिस ने अवैध असलाह लेकर घूम रहे युवक को गिरफ्तार कर लिया और उसे जेल भेज दिया है । फिरोजाबाद पुलिस द्वारा अवैध शस्त्रों के विरुद्ध चला जा रहे अभियान के क्रम में थाना नगला खंगर पुलिस ने शुक्रवार को अभियुक्त रवि कुमार पुत्र सियाराम उम्र करीब 24 वर्ष निवासी ग्राम नगला धनपाल थाना नगला खंगर जनपद फिरोजाबाद को अवैध असलाह के साथ गिरफ्तार किया है । पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से एक अदद तमंचा 315 बोर मय 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किए हैं । विधिक कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को जेल भेजा गया है।

# बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार भी दें शिक्षक- आशीष कुमार पाण्डेय



**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो।**

फिरोजाबाद । शनिवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा विकास खण्ड खैरगढ़ के 04 विद्यालयों तथा बी0आर0सी0 खैरगढ़ पर संचालित एफ0एल0एन0 प्रशिक्षण का निरीक्षण किया गया। विकास खण्ड खैरगढ़ के प्राथमिक विद्यालय हाथवन्त-1, प्राथमिक विद्यालय रैपुरा, प्राथमिक विद्यालय साँथी एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय साँथी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में विद्यालयों में छात्र उपस्थिति बढ़ाये जाने, समुचित साफ-सफाई की व्यवस्था किये जाने के निर्देश के साथ-साथ शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार किये जाने के निर्देश दिये गये। निरीक्षण के समय उच्च प्राथमिक विद्यालय साँथी में बच्चे सुव्यवस्थित तरीके एम0डी0एम0 ग्रहण नहीं करते पाये गये। इस सम्बन्ध में शिक्षकों को निर्देशित किया गया कि बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार सिखाने का दायित्व भी शिक्षकों का है। शिक्षक बच्चों को सम्बन्धित कक्षा के विषयवस्तु के साथ उनको नैतिक मूल्यों, सामाजिक विकास तथा व्यक्तिगत विकास भी कराया जाये।

बी0आर0सी0 खैरगढ़ पर संचालित एफ0एल0एन0 प्रशिक्षण में शिक्षकों को शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार किये जाने हेतु नवाचार किये जाने, राज्य परियोजना कार्यालय द्वारा उपलब्ध करायी गयी शिक्षक संदर्शिकाओं का प्रयोग किये जाने के निर्देश दिये गये।

# उच्चतर शिक्षा आयोग के पूर्व अध्यक्ष के निधन पर शोक

**नेशनल एक्सप्रेस /तहसील रिपोर्टर।**

शिकोहाबाद । उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष रहे नारायण कॉलेज के रिटायर्ड शिक्षक प्रोफेसर रामवीर सिंह यादव का शुक्रवार रात्रि में निधन हो गया था । उनका पिछले कई दिनों से उनका स्वास्थ्य खराब चल रहा था। रामवीर सिंह के निधन की सूचना पर शिक्षकों तथा उनके जानने वाले उनके प्रोफेसर कॉलोनी स्थित आवास पर पहुंचे । इधर एक शोक सभा हुई। इस दौरान कहा गया कि प्रोफे. रामवीर सिंह सन 2016 में नारायण महाविद्यालय के भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष पद से सेवानिवृत हुए । इससे पहले वो 2005 में उत्तर प्रदेश उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग के सदस्य मनोनीत किए गए व सन 2012 में उत्तर प्रदेश उच्च शिक्षा सेवा आयोग के कार्यवाहक अध्यक्ष बने।

उनके दो पुत्र है, एक इंजीनियर तथा छोटा बेटा डा राहुल यादव एन.आर.ई.सी. महाविद्यालय खुर्जा में रसायन विज्ञान विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर हैं । शोक व्यक्त करने वालों में एनडी कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर विजय कुमार सिंह , उप प्राचार्य प्रोफे. मनोज कुमार, प्रोफे. अरविंद कुमार, प्रोफे. कविता यादव, डा दिलीप यादव, डॉक्टर स्वीटी सिंह, डॉ संतोष कुमार सिंह, डॉ मनोज यादव सहित सभी शिक्षक एवं गैर शिक्षको ने श्रद्धांजलि अर्पित की ।

# रिवोटेक प्लेन उड़ाकर लोगों में भय पैदा करने वाला पुलिस ने पकड़ा

**नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर ।**

शिकोहाबाद । थाना पुलिस ने नगर के मैनपुरी चौराहा के पास से एक किशोर को ऊँचाई पर उड़ने वाले रिवोटेक प्लेन के साथ दबोच लिया। पुलिस किशोर को पकड़कर थाने लाई, जहां पर पुलिस ने उसके परिजनों को बुलाकर कड़ी चेतावनी दी।

विगत कुछ दिनों से रुकनपुर, एटा चौराहा के आसपास सहित कई क्षेत्र में रात के समय ड्रोन उड़ने की जानकारी हो रही थी। जिससे लोग खौफजदा थे। वही ड्रोन उड़ने की सूचना से पुलिस भी हैरत में पड़ी हुई थी कि आखिर यह ड्रोन कौन उड़ा रहा है । रात में एक किशोर रिवोटेक प्लेन को उड़ा रहा था। वह काफी ऊंचाई पर जाने के बाद आवास विकास कॉलोनी सहित कई मोहल्ले तक जा रहा था । यह देखकर लोग भयभीत हो गए। इसी दौरान लोगों ने किशोर को रिवोटेक प्लेन के साथ दबोच लिया।

लोगों ने किशोर को पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने किशोर के परिजनों को बुलाकर उन्हें चेतावनी दी है। इस बारे में प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार राणा का कहना है कि पकड़े गए किशोर की गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज है । यह तीन दिन से गायब था ।

मामले में परिजनों को बुलाया गया है। बयान के आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

# बिना अनुमति के ड्रोन उड़ाने के मामले में छह आरोपी गिरफ्तार

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो।**

फिरोजाबाद । जनपद में बिना पुलिस की अनुमति के ड्रोन उड़ाने के मामले में पचोखरा पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने एक महिला समेत 6 लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपी सोशल मीडिया और यूट्यूब के लिए वीडियो बना रहे थे। जानकारी करने पर गिरफ्तार किए गए लोगों में आगरा के बमरौली कटारा से ब्रह्मजीत और राजेश, पचोखरा से प्रदीप, राहुल और भूरी सिंह तथा नगला अजब से ममता शामिल हैं। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ धारा 135/170 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई की है। साथ ही उनका ड्रोन भी जब्त कर लिया है।

जानकारी करा दें कि जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में रात के समय ड्रोन उड़ने की घटनाओं से ग्रामीण दहशत में हैं।



इस संबंध में लगातार शिकायतें मिल रही थीं। पुलिस ने इस मामले में फोटोग्राफरों के साथ बैठक की। उन्हें बिना पुलिस की इजाजत ड्रोन उड़ाने पर रोक लगाई गई थी। इसके बावजूद नियमों का उल्लंघन करने पर यह कार्रवाई की गई है।एसपी सिटी रवि शंकर प्रसाद का कहना है कि ड्रोन उड़ने की घटनाओं से ग्रामीण भयभीत न हो यदि इस तरह का कोई भी मामला प्रकाश में आता है तो तत्काल पुलिस को जानकारी दें और स्वयं भी जागरूक बने। सोशल मीडिया पर किसी भी तरह की अफवाह से बचें। गांव में ग्राम सुरक्षा समितियों को सक्रिय किया जा रहा है।

# थाना टूंडला पुलिस ने 10 मुकदमों का माल किया निस्तारित

- 44,890 रुपए मूल्य का माल विनष्टीकरण, न्यायालय के आदेश पर कार्रवाई

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो।**

फिरोजाबाद। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन पर थाना टूंडला पुलिस टीम द्वारा जुआ/सट्टा से संबंधित 10 अभियोगों के




माल मुकदमाती का नियमानुसार निस्तारण किया गया। थाना टूंडला पर पंजीकृत वर्ष 2018 से संबंधित इन 10 मुकदमों में जब्त माल की अनुमानित कीमत लगभग 44,890 रुपए थी। ग्रामीण न्यायालय टूंडला फिरोजाबाद से प्राप्त आदेश के अनुपालन में क्षेत्राधिकारी टूंडला की उपस्थिति में वीडियो व फोटोग्राफी कराकर विधिक प्रक्रिया के तहत माल का विनष्टीकरण किया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा चलाए जा रहे माल निस्तारण अभियान के अंतर्गत यह कार्रवाई की गई है। आगे भी इस तरह की कार्रवाई अभियान के तहत जारी रहेगी।

### पुलिस ने 78 लीटर अवैध देशी शराब का कराया विनिष्टीकरण

नेशनल एक्सप्रेस/सिरसागंज। थाना नगला खंगर पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर विभिन्न मुकदमों में रखी 78 लीटर अवैध देशी शराब का विनिष्टीकरण कराया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा मुकदमाती मालों के निस्तारण हेतु जनपद में चलाए जा रहे अभियान के तहत न्यायालय के आदेश पर शनिवार को 11 मुकदमों में रखी 78 लीटर अवैध देशी शराब का विनिष्टीकरण कराया गया है। इस दौरान उपजिलाधिकारी सिरसागंज , क्षेत्राधिकारी सिरसागंज , थाना प्रभारी थाना नगला खंगर , नोड़ल अधिकारी उपनिरीक्षक राजेन्द्र सिंह व हेड़मोहर्रिर यश कुमार मौजूद रहे।

# भाजपा की बूथ समिति को मजबूत करने को लेकर बैठक सम्पन्न

- जसराना व सिरसागंज विधानसभा क्षेत्र के मंडलों की संयुक्त बैठक में बनी रणनीति

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो।**

फिरोजाबाद। भारतीय जनता पार्टी की आगामी चुनावी तैयारियों को गति देने के लिए आज उदय प्रताप सिंह, जिलाध्यक्ष भाजपा फिरोजाबाद की अध्यक्षता में जसराना विधानसभा के खैरगढ़ मंडल के



ग्राम प्रतापपुरा तथा सिरसागंज विधानसभा के विभिन्न मंडलों की संयुक्त बैठक नरसिंह ग्लोबल अकादमी में आयोजित हुई। बैठक में सिरसागंज नगर मंडल, नौशेरा मंडल, अरांव मंडल, मदनपुर मंडल और नगला खंगर मंडल के कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस दौरान आगामी कार्ययोजना, बूथ समिति की संरचना और भूमिकाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने कहा कि ह्लमजबूत बूथ ही चुनावी जीत की नींव है, इसलिए हर बूथ समिति को सक्रिय और सशक्त बनाना जरूरी है।ह्व बैठक में बूथ मंत्री, मन की बात प्रमुख, लाभार्थी प्रमुख, व्हाट्सएप ग्रुप प्रमुख, बीएलए-2, महिला कार्यकताओं की भूमिका, एंड्रॉयड मोबाइल धारकों व मोटरसाइकिल धारकों की अहम जिम्मेदारियों पर विशेष बल दिया गया। बैठक में पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने बूथ स्तर पर बेहतर समन्वय और संगठन को मजबूती देने पर जोर दिया।बैठक में प्रमुख रूप से राजेश चौहान, डॉ. अमित गुप्ता, राघवेंद्र सिंह, गुरूदत्त सिंह, के.के. शर्मा, सुरेंद्र सावन झा, वीरेन्द्र प्रताप सिंह, केशव गुप्ता, ज्योति गुप्ता, शिवजीत सिंह, प्रबल प्रताप सिंह तोमर, मीनाक्षी मिश्रा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# साहित्य अकादेमी के सचिव डॉ. राव "बाबू गंगाशरण सिंह पुरस्कार" से सम्मानित



**पटना,** साहित्य अकादेमी, नई दिल्ली के सचिव डॉ. के श्रीनिवासराव को आज बिहार सरकार के मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग (राजभाषा) के बाबू गंगाशरण सिंह पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार वितरण माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कर कमलों द्वारा संवाद भवन,मुख्यमंत्री सचिवालय परिसर ,पटना में हुआ। डॉ. राव हिंदी सेवी सम्मान एवं पुरस्कार योजना 2023-24 के अधीन पुरस्कृत हुए हैं। विचारक, साहित्यिक विशेषज्ञ एवं प्रशासक, डॉ.के.श्रीनिवासराव अंग्रेजी साहित्य में स्नातकोत्तर तथा पी-एच.डी. हैं और शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय,छत्तीसगढ़ ने उन्हें मानद डी.लिट.की उपाधि से सम्मानित किया है।

कई अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अनेक लेखकीय दलों का प्रतिनिधित्व एवं 20 से अधिक देशों में आयोजित महोत्सवों में भागीदारी कर चुके डॉ.राव कई महत्वपूर्ण निकायों तथा संस्थानों के सदस्य हैं।

उनकी प्रकाशित पुस्तकों में मुख्य हैं:- मिथ्स, प्लेज़ एंड गिरीश कर्नाड, भारतीय साहित्य और संस्कृति, इंडियन स्टोरीज-भाग 1, मिथक, नाटक और गिरीश कर्नाड, वितस्ताः यूनाइटिंग कल्चर्स आदि।

आपको दिल्ली तेलुगु अकादमी पुरस्कार, किन्नरा उगादि पुरस्कार, भारतीय वांग्मय पीठ पुरस्कार, नांदी सेवा न्यास का सृजन शिखर सम्मान, दिल्ली हिंदी अकादमी का हिंदी सेवा सम्मान,ज़ी न्यूज़ के "एजुकेशन कॉन्क्लेव 2025" में दूरदर्शी नेतृत्व के लिए विशेष पुरस्कार, आंध्र प्रदेश सरकार का सर्वोच्च नागरिक सम्मान कला रत्न पुरस्कार आदि प्राप्त हैं।

साहित्य अकादेमी के 2024 के साहित्योत्सव के लिए आपको मार्च 2024 में आइंस्टीन वर्ल्ड रिकॉर्ड्स, दुबई द्वारा विश्व के सबसे बड़े साहित्योत्सव के आयोजन के लिए विश्व रिकॉर्ड का प्रमाण-पत्र भी प्राप्त है ।

**- डॉ. विवेक गौतम**

# साहित्य अकादेमी द्वारा 'स्वतंत्रता की अवधारणा और साहित्य' विषय पर परिसंवाद का आयोजन




**नई दिल्ली,** साहित्य अकादेमी, नई दिल्ली द्वारा रवींद्र भवन सभाकक्ष में भारतीय स्वतंत्रता की 79 वें वर्षगांठ की पूर्व संध्या पर 'स्वतंत्रता की अवधारणा और साहित्य' विषय पर परिसंवाद का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न क्षेत्रों और अलग-अलग भाषाओं के विद्वानों ने भाग लिया। कार्यक्रम के आरंभ में साहित्य अकादेमी के सचिव डॉ. के.श्रीनिवासराव ने अतिथियों का स्वागत करते हुए स्वतंत्रता के अवधारणा के भिन्न आयामों पर प्रकाश डाला। परिसंवाद की अध्यक्षता करते हुए श्रीभगवान सिंह ने बताया कि साहित्यकारों ने साहित्य का उपयोग कैसे अराजक सत्ता के विरुद्ध किया। उन्होंने रामचरितमानस का उल्लेख करते हुए राजा और प्रजा के कर्तव्य और अधिकारों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने तुलसीदास और गाँधी जी के आदर्शों से स्वतंत्रता की अवधारणा को और बेहतर तरीके से स्पष्ट किया। अशोक तिवारी ने अपने व्याख्यान में कहा कि रचनात्मकता समाजिक प्रगति की नींव है और स्वतंत्रता हमें रचनात्मक साहित्य की गारंटी देता है। प्रो. आईवी. इमोज़नि हांसदा ने आदिवासियों के बीच स्वतंत्रता का अर्थ क्या है, की ओर सबका ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने कई आदिवासी कवियों की कविताओं का अनुवाद भी प्रस्तुत किया। संपादक, प्रताप सोमवंशी ने अपने संबोधन में बताया कि 1857 के आंदोलन के बाद जब भारतीयों का मनोबल बिल्कुल टूट चुका था, उस समय कैसे वाचिक साहित्य ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाया और स्वतंत्रता की चेतना को जगाए रखा। उन्होंने कहा कि प्रकाशित साहित्य और वाचिक साहित्य दोनों ने मिलकर स्वतंत्रता की जोत को जगाए रखा।

प्रो. धनंजय सिंह ने कहा कि स्वतंत्रता की, इच्छा और महत्वाकांक्षा से तुलना नहीं कर सकते। उन्होंने स्वतंत्रता को सार्थक बनाने के लिए युवाओं को शिक्षित करने पर बल दिया। प्रसिद्ध गीतकार लक्ष्मीशंकर वाजपेयी ने आज़ादी के अलग-अलग आंदोलनों पर लिखी गई कविताओं का उल्लेख करते हुए बताया कि कैसे साहित्य स्वतंत्रता प्राप्ति की प्रेरणा देता रहा है। उन्होंने इस संबंध में लोकगीतों तथा वाचिक साहित्य का भी उल्लेख किया। प्रसिद्ध दलित चिंतक मोहनदास नैमिषराय ने कहा कि आज हम जिस आज़ादी की बात कर रहे हैं वह सौ दो सौ साल की गुलामी से आज़ादी की बात नहीं बल्कि हज़ारों साल की गुलामी की बात है। उन्होंने कहा कि सत्ता की अदला बदली तो हो गई लेकिन क्या दलितों, बहुजनों और महिलाओं को उस विचारधारा से आज़ादी मिली जिसमें वो सैंकड़ों वर्षों से रह रहे हैं। अंत में अकादेमी के उपसचिव डॉ. देवेंद्र कुमार देवेश ने अतिथियों एवं श्रोताओं का धन्यवाद ज्ञापन किया।

# "ऑपरेशन सिंदूर काव्य प्रतियोगिता" में डॉ. ओंकार त्रिपाठी रहे प्रथम



**नई दिल्ली।** भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम से सुसज्जित 'ऑपरेशन सिंदूर' की शानदार सफलता पर H B Poetry द्वारा आयोजित 'ऑपरेशन सिंदूर काव्य प्रतियोगिता' के परिणामों की घोषणा बड़े हर्ष और गर्व के साथ की गई।


इसमें प्रथम पुरस्कार दिल्ली के डॉ. ओंकार त्रिपाठी, दूसरा जयपुर के दिव्यांश पॉटर मासूम और तीसरा पुरस्कार दिल्ली की डॉ. अमृता अमृत को दिया। तीनों विजेताओं को नकद पुरस्कार के साथ प्रशस्ति पत्र देने की घोषणा की गई है।

यह प्रतियोगिता केवल एक साहित्यिक आयोजन ही नहीं, बल्कि हिंदी साहित्य की विविधता, जीवंतता और सामूहिक रचनाशीलता का उत्सव भी बना।

H B Poetry के मुख्य आयोजक डॉ. हरीश चंद्र बर्णवाल ने बताया कि ऐसी प्रतियोगिताएं भविष्य में भी होती रहेंगी।

# स्वतंत्रता काण्ड : गाथा आशा और विश्वास की

*पुस्तक : 'स्वतंत्रता काण्ड : गाथा आशा और विश्वास की'*
*लेखिका : डॉ. स्नेह प्रभा*
*मूल्य : रु 295/-*
*प्रकाशक : विक्रम प्रकाशन , दिल्ली*




डॉ स्नेह प्रभा को लगभग 35 वर्ष का अध्यापन शिक्षण का अनुभव है। भाषा अध्ययन एवं शिक्षण मनोविज्ञान पर उनका विशेषाधिकार उनकी अभिव्यक्ति को सटीक, सारगर्भित व प्रभावपूर्ण बनाता है।

लेखिका ने स्वतंत्रता को काण्ड का नाम दिया है। स्वतंत्रता का यह काण्ड चारों ओर ख़ून ख़राबा, हाहाकार लेकर आया था। इस 'आज़ादी' में मरना और बिछुड़ना था। 'स्वतंत्रता काण्ड' उतना ही भयंकर था जितना मानस का लंका काण्ड। सिर से छत और ओढ़नी दोनों छिन गए थे। लेखिका का प्रश्न है, इसे स्वतंत्रता क्यों कहा ? संयुक्त भारत की मानसिकता पर 'गोद' दिया गया था, यह 'पल' आज़ादी के नाम से। यह वह 'पल' था जिसका जीवन क्षणिक नहीं था, इस 'पल' का विस्तार तो धरा और समय के छोर तक था। यही 'पल' विकराल था : न भूतो न भविष्यति।

यही 'पल' 'स्वतंत्रता काण्ड' का रचयिता था। यह मानवता पर अमानवता के नियंत्रण, अधिकार, कब्ज़े का 'पल' था। इस 'पल' के दायरे में तड़प, टीस, हताशा, आंसू, रक्त, हत्या, ज़िंदगी की गुहार थे, ऐसा 'पल' आज़ादी का कैसे ?

समूह के समूह, इंसानी बवंडर चले जा रहे थे। बेसुध, बेघर, बेतहाशा भागते। 'नहीं पता जहां से जा रहे हैं वह अपना देश था या जहां जा रहे हैं वह अपना देश होगा।' राजा से रंक हो जाने के किस्से जो कहानी लगते थे, आज मुंह बाय खड़े थे। ये आजीवन निर्वासन था, स्थाई देश निकाला ! ब्रिटिश सरकार यूं ही चली जाती तो क्या हो जाता ! ये नरसंहार तो न होता !

आज़ादी के अभिशाप को वरदान में बदलने वाला है उर्वर काण्ड ! हालात से लड़ने की ताकत है ! ज़िद है भिड़ जाने की किस्मत से ! हठ है अब अपनी रेखाएं ख़ुद खींचने का ! जो धरती का सीना चीर कर जलधार न ले आए वह इंसान ही क्या ! जो पत्थरों से फूल न उगा ले वह मेहनतकश ही क्या !

विषमताओं से जूझते हुए नवसंचार है ये स्वतंत्रता काण्ड से उर्वर काण्ड की आशा और विश्वास से भरी गाथा ! अतीत को हृदय में दबाए विकास और प्रगति के पथ पर अग्रसर इस के पात्र नए भारत के वासी हैं ! भारतीय हैं !

लेखिका ने देश के टुकड़ों के घावों की तुलना एक हरे भरे वृक्ष के कटने से की है, जिस के घाव भरने में कुछ समय तो लगता है पर उस पर फिर से नई पत्तियां आने लगती हैं , यही उर्वर काण्ड है आशा और विश्वास से भरा !

# गरिमा के स्वर कवि सम्मेलन सम्पन्न



**नई दिल्ली,** स्थित हिन्दी भवन में दिल्ली हिंदी साहित्य सम्मेलन के तत्वावधान में 'अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस' के उपलक्ष्य में गरिमा के स्वर : कवि सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सम्मेलन की अध्यक्ष इंदिरा मोहन ने की। मुख्य अतिथि थीं नई दिल्ली से लोकसभा सांसद बांसुरी स्वराज।

हिंदी भवन की सह-मंत्री डॉ. रत्नावली कौशिक का सान्निध्य रहा। संचालन किया दिल्ली हिंदी साहित्य सम्मेलन की साहित्य मंत्री प्रो॰ रचना विमल ने।

इस अवसर पर आमंत्रित कवयित्रियों डॉ. सरिता शर्मा,अंजू जैन, अल्का सिन्हा,सुधा संजीवनी, कल्पना शुक्ला, उषा श्रीवास्तव, वीणा भाटिया तथा प्रो. रचना विमल ने काव्यपाठ किया। सांसद सुश्री बांसुरी स्वराज ने अपनी माताश्री स्व. सुषमा स्वराज को स्मरण करते हुए अपने जीवन और विचारों से जुड़ी किस्सागोई के माध्यम से सभागार को सारगर्भित उदबोधन से लाभान्वित किया।

कार्यक्रम में डॉ. रवि शर्मा 'मधुप', प्रो.हरीश अरोड़ा तथा सुबोध कुमार शर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# अभिनेत्री एवं लेखिका कुसुम चौहान का दूसरा काव्य संग्रह "सुनो प्रियतम" पाठकों के बीच



हिंदी, उत्तराखंडी फिल्मों और थिएटर की जानी-मानी अदाकारा एवं लेखिका कुसुम चौहान का पहला हिन्दी काव्य संग्रह 'दिल के कोने में' लोगो को खासा पसंद आया था, और अब अभिनेत्री एवं लेखिका कुसुम चौहान पाठको के लिए अपना दूसरा नया काव्य संग्रह सुनो प्रियतम भी लेकर हाज़िर हो गई हैं जो अब अमेज़न पर भी उपलब्ध है। इसे लेखक, साहित्यकार और पाठकगण ऑर्डर कर मंगवा रहे हैं और पढ़ भी रहे हैं।

लेखिका कुसुम चौहान को लोगों का बहुत अच्छा रेस्पॉन्स भी मिल रहा है। दूसरे नये काव्य संग्रह सुनो प्रियतम की उनकी सभी कविताओ को सभी तरह के पाठकों की सराहना भी मिल रही है। कुसुम चौहान के इस दूसरे काव्य संग्रह सुनो प्रियतम का लोकार्पण पिछले दिनों देहरादून के लेखक गांव में आयोजित स्पर्श हिमालय महोत्सवमें केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री गजेंद्र सिंह शेखावत, केंद्रीय सड़क एवं परिवहन राज्य मंत्री श्री अजय टमटा, भारत के पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल 'निशंक', परमार्थ निकेतन के परमध्यक्ष स्वामी चिदानंद सरस्वती महाराज, टैगोर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री संतोष चौबे एवं संकल्प फाउंडेशन की अध्यक्ष श्री संतोष तनेजा ने संयुक्त रूप से किया था। सुनो प्रियतम 'काव्य संग्रह' में छोटी बड़ी कुल मिलाकर 76 कविताएं संकलित हैं, जो प्यार, प्रेम, प्रकृति, संस्कृति एवं पर्यावरण आदि पर आधारित हैं।

कुसुम चौहान एक प्रसिद्ध फिल्म अभिनेत्री एवं नाटककर्मी हैं जो कई हिंदी फिल्मों और अनेक उत्तराखंडी भाषा की फिल्मों में दमदार अभिनय कर चुकी हैं। वह वर्ष 2012 में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का 'यंग उत्तराखंड सिने अवार्ड 2012 भी जीत चुकी हैं। गौरतलब है अभिनेत्री कुसुम चौहान की रूचि शुरू से ही अभिनय के साथ-साथ लेखन में भी अच्छी खासी रही है उसी का परिणाम है की उनके लगातार दो काव्य संग्रह 'दिल के कोने में' और सुनो प्रीतम पाठकों के बीच आ गए हैं।

## ग़ज़लें



**मनोज अबोध (ग्रेटर नोएडा)**

थी कभी मशहूर काफ़ी बदगुमानी आपकी
हमने भी अक्सर सुनी है ये कहानी आपकी

याद रखती हैं कई पीढ़ी बड़े सम्मान से
देश के यदि काम आए ज़िंदगानी आपकी

प्लेट में दिल को सजा कर रख दिया था सामने
भूलने से भी न भूले मेजबानी आपकी

आपसी सौहार्द को तरजीह देना सीखिए
ले न डूबे आपको शोलाबयानी आपकी

छेद कर देना उसी थाली में जिसमें खा रहे
ये रवायत तो रही है खानदानी आपकी

जिसने चुनकर आपको भेजा उन्हें बिसरा दिया
उम्र भर थोड़े रहेगी राजधानी आपकी

दूसरों की बेटियों को घूरना अब छोड़िए
क्या कभी होगी नहीं बिटिया सयानी आपकी

इस अदालत से बड़ी भी एक अदालत और है
सामने आएगी इक दिन बेईमानी आपकी

***

सदा यहाँ पे रही है हवा किसी की नहीं
समय की बात है इसमें ख़ता किसी की नहीं

अभी ये बात है संसार मानता है तुझे
हमेशा यूँ ही रही मान्यता किसी की नहीं

लुभावना ये महल था कभी, है खंडर अब
रही जहाँ में सदा भव्यता किसी की नहीं

दुआयें माँ की रहीं साथ हर कदम मेरे,
प्रभाव डाल सकी बद्दुआ किसी की नहीं

न जाने किस पे ये सैलाब बनके टूट पड़े
ये बारिशें कि ये बिजली, घटा किसी की नहीं

तरक्कियों पे भी इतना गुमान क्या करना
अजर अमर तो रही सभ्यता किसी की नहीं

कभी तो सोच में विस्तार भी ज़रूरी है
सदा किसी से रही मित्रता किसी की नहीं

चलो ये मान भी लें आप श्रेष्ठ हो हमसे
रही शिखर पे सदा श्रेष्ठता किसी की नहीं

नहीं, वो मूर्ख नहीं, बस 'अबोध' है थोड़ा
सभी की सुनता है पर मानता किसी की नहीं

## ऐसा मेरा वतन



**पंडित सुरेश नीरव**

ऐसा मेरा वतन, ऐसा मेरा वतन ,ऐसा मेरा वतन।
स्वर्ग धरा की बनी अयोध्या हर्षित नील गगन ,
सियाराम सुमिरन, सियाराम सुमिरन ।
ऐसा मेरा वतन, ऐसा मेरा वतन ।।
विश्व गुरु भारत को सारी दुनिया करे नमन ,
दोस्त या दुश्मन , दोस्त या दुश्मन ।
ऐसा मेरा वतन , ऐसा मेरा वतन ।।
शीश झुका सकता नहीं कोई कर ले लाख जतन ,
कृपा करें भगवन, कृपा करें भगवन ।
ऐसा मेरा वतन , ऐसा मेरा वतन ।।
मस्जिद-मस्जिद सुनो अजानें मंदिर गाएं भजन ,
होली-ईद मिलन , होली-ईद मिलन ।
ऐसा मेरा वतन , ऐसा मेरा वतन ।।
खुश्बू खुश्बू रोज हवाएं करती यहां हवन,
पुलकित है हर मन, पुलकित है हर मन ।
ऐसा मेरा वतन , ऐसा मेरा वतन ।।
ऐसा मेरा वतन, ऐसा मेरा वतन, ऐसा मेरा वतन ,ऐसा मेरा वतन।
हिंदू-मुस्लिम-सिक्ख-इ ईसाई, सबका एक कथन ,
मीठे बोलवचन, मीठे बोल वचन ।
ऐसा मेरा वतन , ऐसा मेरा वतन ।।
नानक-तुलसी और कबीरा ,रविदास ऋषिगण ,
युग के उच्च रतन , युग के उच्च रतन ।
ऐसा मेरा वतन , ऐसा मेरा वतन ।।
यही सेल्यूलर जेल रही है बलिदानी आंगन ,
क्रांतितीर्थ पावन, क्रान्तितीर्थ पावन ।
ऐसा मेरा वतन , ऐसा मेरा वतन ।।
काला सागर ,काली लहरें काला वातावरण,
बलिदानी धड़कन, बलिदानी धड़कन ।
ऐसा मेरा वतन, ऐसा मेरा वतन ।।
काला पानी, काली आंधी, काला था शासन ,
फिर भी तिरंगा मन, फिर भी तिरंगा मन ।
ऐसा मेरा वतन , ऐसा मेरा वतन ।।
ऐसा मेरा वतन, ऐसा मेरा वतन, ऐसा मेरा वतन ,ऐसा मेरा वतन।
मूंझ कूटते दीवानों का, केसरिया था मन ,
रोया नील गगन, रोया नील गगन ।
ऐसा मेरा वतन , ऐसा मेरा वतन ।।
देश प्रेम में हंटर-चाबुक जिस्म की थे तुरपन ,
मौत ही थी जीवन, मौत ही थी जीवन ।
ऐसा मेरा वतन , ऐसा मेरा वतन ।।
खूनी मौसम देश की खातिर लगता था सावन ,
रोया नील गगन, रोया नील गगन गगन ।
ऐसा मेरा वतन ,ऐसा मेरा वतन ।।
सावरकर के नगमें गाती, हवा रोज़ छनछन ,
आंसू थे मधुवन, आंसू थे मधुवन ।
ऐसा मेरा वतन , ऐसा मेरा वतन ।।
अंडमान में बोस ने आकर पावन किया हवन ,
झूम उठे तन-मन, झूम उठे तन मन।
ऐसा मेरा वतन , ऐसा मेरा वतन ।।
ऐसा मेरा वतन, ऐसा मेरा वतन, ऐसा मेरा वतन ,ऐसा मेरा वतन।
बिस्मिल, अशफाकुल्ला, लहिड़ी, सब की एक लगन,
आजादी का मन, आजादी का मन ।
ऐसा मेरा वतन , ऐसा मेरा वतन ।।
गांधी, शेखर, बोस-सा नेता, प्राण करे अर्पण ,
गाओ सब जन-मन, गाओ सब जन-मन ।
ऐसा मेरा वतन , ऐसा मेरा वतन ।।
तीन रंग का वीरों को मिलता है यहाँ कफन ,
झुककर करें नमन, झुककर करें नमन ।
ऐसा मेरा वतन , ऐसा मेरा वतन ।।

## कविता



**मंदिरा घोष**

### सूर्य की भाषा में

सूरज की भाषा में
सूर्य के भीतर
निरंतर चल रही है
ऊष्मा पैदा करने वाली
संलयन (फ़्यूज़न) की प्रक्रिया
जो चमकते हुए प्रकाशमंडल को
घेरे-फैलाए हुए है।

सूर्य ग्रहण के समय
जब चंद्रमा पृथ्वी और सूर्य के बीच आ गया
मेरी दादी ने उसे देखा—
मेरे दोस्त के बगीचे में
पानी से भरे एक बर्तन में
जिसे उन्होंने
दर्पण की तरह इस्तेमाल किया।

तुमने कहा था
तुम समय को मापते हो
सूर्य के ऊपर लगे काले दागों से धब्बों के आने-
जाने के चक्र से।

सूर्य की यह गर्मी
धरती को शुद्ध करे
जब हम वेदों से प्रार्थना करें—
हे सूर्य, हमें पवित्र करो
हमारे पाप को क्षमा करो।

### मैं

मैं परमाणुओं से बनी हूँ
ज़्यादातर कार्बन और ऑक्सीजन से बना
एक पदार्थ हूँ
मेरी चेतना
मेरे जीवन की ऊर्जा है।

पदार्थ बनने से पहले भी मैं थी
और पदार्थ के बाद भी रहूँगी।

मैं कोणार्क पर अंकित
सूर्य मंदिर के चक्र सी
चलती रहती हूँ
मैं इंतज़ार नहीं कर सकती।

मैं संख्याएँ बाँटती भी हूँ
और बनाती भी हूँ।
मैंने पाया है कि इस ब्रह्मांड की परिधि और व्यास
हमेशा एक ही अनुपात में होते हैं
उसे पाई कहते हैं।

मैं कोणार्क समय चक्र की धुरी हूँ
मेरी चेतना मेरे जीवन की धूप है
मैं इंतज़ार नहीं कर सकती।

मैं इंतज़ार नहीं कर सकती,
क्योंकि अनंत मुझे पुकार रहा है।
मैं आगे बढ़ती हूँ
भविष्य मेरा इंतज़ार कर रहा है।

मैं हर छोटे-से-छोटे कण पर
हर जीवित कोशिका पर
ठहर सकती हूँ और....
विश्राम भी कर सकती हूँ।

**(हिंदी अनुवाद: अनिता चंद)**



सुशासन का लक्ष्य तभी प्राप्त हो सकता है, जब न्यायिक व्यवस्था समयबद्ध, सस्ती और सुलभ हो।

योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री उ.प्र.



दयाशंकर सिंह लखनऊ स्थित आवास पर आए हुए आगंतुकों से भेंट कर उनकी समस्याएं सुना व उचित कार्रवाई सुनिश्चित किया।




# पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने उत्तर गुजरात परिक्षेत्र में डाक सेवाओं की की समीक्षा, लक्ष्यों की प्राप्ति पर दिया जोर

## डाकघरों के माध्यम से वित्तीय समावेशन, डिजिटलीकरण और नागरिक केंद्रित सेवाओं पर भी फोकस-पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो





डाक विभाग अब सिर्फ चिट्ठियाँ पहुँचाने वाला संगठन नहीं, बल्कि देश की प्रगति में सक्रिय योगदान देने वाला एक आधुनिक और गतिशील संगठन बनने की ओर अग्रसर है। डिजिटल युग में एक बहुआयामी सेवा प्रदाता के रूप में डाक विभाग उभर रहा है, जिसके माध्यम से तमाम योजनाओं को लागू किया जा रहा है। उक्त उद्गार उत्तर गुजरात परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव ने 20-22 अगस्त, 2025 के दौरान 'मेघदूतम' सभाकक्ष, क्षेत्रीय कार्यालय, अहमदाबाद में आयोजित मण्डलाध्यक्षों, उपमंडलाध्यक्षों, आइपीपीबी मैनेजर के वित्तीय वर्ष 2025-26 के अब तक के कार्यों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए व्यक्त किये।

डाक सेवाओं में नवाचार के साथ इसकी दक्षता व आउटरीच बढ़ाने, वित्तीय समावेशन, डिजिटलीकरण, पार्सल, स्पीड पोस्ट, अंतरराष्ट्रीय मेल, नागरिक केन्द्रित सेवाएँ को बढ़ावा, प्रौद्योगिकी को एकीकृत करने और मार्केटिंग की रणनीति को मजबूत करने पर उन्होंने जोर दिया। इनमें प्रवर डाक अधीक्षक के साथ-साथ डाक अधीक्षक, सहायक निदेशक, आईपीपीबी मैनेजर, सहायक डाक अधीक्षक, डाक निरीक्षक, सीनियर पोस्टमास्टर, मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव, मेल ओवरसीयर इत्यादि शामिल थे।

पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव द्वारा डाक विभाग के बिज़नेस की श्रेणीवार 8 भागों में समीक्षा की गई। इनमें डोमेस्टिक मेल्स, पार्सल, इंटरनेशनल मेल, बचत बैंक सेवाएँ, डाक जीवन बीमा और ग्रामीण डाक जीवन बीमा, इण्डिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक, नागरिक केन्द्रित सेवाएँ-आधार, पासपोर्ट इत्यादि पर भविष्य की प्राथमिकताओं के अनुरूप लक्ष्यों का निर्धारण करते हुए, एक परिणाम-आधारित कार्य योजना तैयार किए जाने पर सर्वसम्मति से सहमति व्यक्त की गई।

बैठक के दौरान पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव ने डाक सेवाओं की पारंपरिक विश्वसनीयता के साथ-साथ आधुनिक बैंकिंग व बीमा सेवाओं की दक्षता को भी समान रूप से बढ़ावा देने पर जोर दिया। उन्होंने सभी अधिकारियों को सेवा वितरण की गुणवत्ता में सुधार, डिजिटल सेवाओं को बढ़ावा देने, और ग्रामीण व शहरी दोनों क्षेत्रों में विभागीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष बल देने के निर्देश दिए।

श्री यादव ने कहा कि डाकघरों में एडवांस्ड पोस्टल टेक्नोलॉजी आरम्भ होने के बाद डिजिटल भुगतान में बढ़ोत्तरी हुई है, जो 'डिजिटल इंडिया' और 'कैशलेस इकोनॉमी' की सोच को आगे बढ़ाती है। इस बैठक के दौरान पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव के समक्ष विभिन्न मंडलों के अधिकारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में किए जा रहे कार्यों की प्रस्तुति दी गई, जिन पर विस्तार से चर्चा एवं विश्लेषण किया गया।

उत्तर गुजरात परिक्षेत्र के डाकघरों में वित्तीय समावेशन के तहत इस वित्तीय वर्ष में अब तक लगभग 3 लाख नए बचत खाते, 36 हजार इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक खाते व 9,500 सुकन्या समृद्धि खाते खोले गए है। डाक जीवन बीमा में 80 करोड़ रूपये व ग्रामीण डाक जीवन बीमा में 16 करोड़ रुपये की कुल प्रीमियम राशि जमा हुई। 1.10 लाख लोगों ने डाकघर के माध्यम से और 55 हजार से ज्यादा लोगों ने आईपीपीबी के माध्यम से आधार सेवाओं का लाभ उठाया।

आईपीपीबी के माध्यम से करीब 23 हजार लोगों को डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र जारी किया गया, 8 हजार से ज्यादा लोगों को घर बैठे आधार इनेबल्ड पेमेंट सिस्टम के माध्यम से भुगतान किया गया एवं 10 हजार से अधिक लोगों ने इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक द्वारा प्रदान की जा रही जनरल इंश्योरेंस पॉलिसी का लाभ उठाया। उत्तर गुजरात में अभी तक 830 गांवों को 'सम्पूर्ण सुकन्या समृद्धि ग्राम' और 650 गांवों को 'सम्पूर्ण बीमा ग्राम' बनाया जा चुका है।

पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को इस वित्तीय वर्ष के लिए निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु उत्साह, समर्पण और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

इस बैठक में अहमदाबाद सिटी मंडल के प्रवर डाक अधीक्षक श्री चिराग मेहता, गांधीनगर मंडल के प्रवर डाक अधीक्षक श्री पियूष रजक, आइपीपीबी अहमदाबाद क्षेत्र चीफ मेनेजर श्री अभिजीत जिभकाटे, अहमदाबाद जीपीओ सीनियर पोस्टमास्टर श्री अल्पेश आर. शाह, साबरकांठा मंडल के डाक अधीक्षक श्री कोमलसिंह, पाटन मंडल के डाक अधीक्षक श्री एच सी परमार, बनासकांठा मंडल के डाक अधीक्षक श्री आर ए गोस्वामी, महेसाणा मंडल के डाक अधीक्षक श्री एस यु मन्सुरी, सीनियर लेखाधिकारी सुश्री पूजा राठौर, सहायक लेखाधिकारी श्री चेतन सैन, श्री रामस्वरूप मँगवा, सहायक निदेशक श्री वारिस वहोरा, एम एम शेख, रितुल गाँधी, सहायक अधीक्षक श्री जीनेश पटेल, श्री रोनक शाह, श्री भाविन प्रजापति, डाक निरीक्षक सुश्री पायल पटेल, श्री योगेंद्र राठोड़ सहित तमाम अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# एक राष्ट्र, एक चुनाव के विधान से जातिवाद, परिवारवाद पुष्टिकरण एवं बाहुबलवाद समाप्त होगा : मंत्री नन्दी











नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो




- एक राष्ट्र, एक चुनाव अभियान के तहत आयोजित व्यापारी नेतृत्व शिखर सम्मेलन एवं सम्मिलित हुए नन्दी
- विजन 2047 को साकार करने की दिशा में वन नेशन, वन इलेक्शन एक महत्वपूर्ण एवं प्रभावी पहल है

उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी आज देश की राजधानी दिल्ली के डॉ. अम्बेडकर इंटरनेशनल सेंटर में भारतीय जनता पार्टी द्वारा एक राष्ट्र, एक चुनाव अभियान के अंतर्गत आयोजित अखिल भारतीय व्यापारी नेतृत्व शिखर सम्मेलन एवं ट्रेडर्स मीट कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

इस अवसर पर केंद्रीय कॉमर्स वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल, केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान, भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री आदरणीय सुनील बंसल, ओमप्रकाश धनखड़, अनिल एंटोनी आदि मौजूद रहे।व्यापारी शिखर सम्मेलन में देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए व्यापारियों, उद्यमियों एवं ट्रेडर्स समाज ने मेक इन इंडिया को प्रोत्साहित करने, वन डिस्ट्रिक वन प्रोडक्ट को बढ़ावा देने, स्थानीय कार्मिकों एवं हस्तकला को सशक्त बनाने, एक भारत-श्रेष्ठ भारत के संकल्प को मजबूती प्रदान करने, वोकल फॉर लोकल को अपनाने, डिजिटल इंडिया को प्रोत्साहित करने, स्वच्छ भारत अभियान को समर्थन देने, देश की नारियों का सम्मान करने, स्किल इंडिया के माध्यम से युवाओं को सशक्त बनाने, देश के वीर जवानों का सम्मान करने, भारतीय संविधान का पालन करने, स्वदेशी उत्पाद एवं स्थानीय व्यापार को बढ़ावा देने व घरेलू पर्यटन को विकसित करने का संकल्प लिया।मंत्री नन्दी ने कहा कि एक एक राष्ट्र, एक चुनाव आज के समय की आवश्यकता है। आज भारत असम्भव को सम्भव बनाते हुए दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित हुआ है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आने वाले समय में विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का लक्ष्य निर्धारित किया है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में देश पर पड़ने वाले चुनावी भार को कम करना महत्वपूर्ण कदम होगा। सभी प्रकार के चुनावी खर्च में 30 से 35 प्रतिशत की कमी आएगी। बार-बार चुनाव में आचार संहिता प्रभावी होने से विकास की परियोजनाओं के क्रियान्वयन में बाधा आती है। एक बार जनादेश मिलने के बाद सरकार को पूरे पांच साल विकास कार्यों एवं जन कल्याण हेतु समय मिलना चाहिए। सरकारी तंत्र एवं सुरक्षा बलों का अधिकांश समय और ऊर्जा शांतिपूर्ण व व्यवस्थित चुनाव के संचालन मे व्यय होता है।

एक राष्ट्र, एक चुनाव के लागू होने से यह शक्ति राष्ट्र के उत्थान में निवेशित होगी। सभी प्रकार के चुनाव एक साथ होने से क्षेत्रीय मुद्दों के साथ ही राष्ट्रीय मुद्दों पर भी लोगों का ध्यान केंद्रित होगा। देश हित और जन हित की बात करने वाले दलों को चिन्हित करने में मतदाताओं को सहूलियत होगी। जातिवाद, परिवारवाद, पुष्टिकरण एवं बाहुबलवाद का प्रभाव समाप्त होगा। मतदाताओं को पांच साल में एक ही बार में मताधिकार का अधिकार उपलब्ध होने से मताधिकार के प्रति उत्साह एवं रूझान बढ़ेगा। मत प्रतिशत में भी वृद्धि होगी।अपने नियत राजनीतिक एवं वोट बैंक के लिए विभाजन की राजनीति करने वाली ताकतें कमजोर होंगी। एक स्वस्थ एवं सकारात्मक पॉलिटिक्स इकोसिस्टम का निर्माण होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विजन 2047 विकसित भारत का संकल्प देश के सामने रखा है। प्रधानमंत्री ने पिछले 11 वर्षों के दौरान अपनी लगन, परिश्रम और इच्छा शक्ति से प्रत्येक संकल्प को सिद्धि तक पहुंचाने का कार्य किया है।पहले जहां कभी मुम्बई में सीरियल बम ब्लास्ट, कभी अयोध्या तो कभी दिल्ली में बम ब्लास्ट की घटनाएं होती थी। वहीं जब से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रधानसेवक के रूप में जिम्मेदारी सम्भाली है। आतंकी कांपते हैं।

मोदी जी की रूह में जज्बा है जब ईमान का, क्यों न फिर डंका बजे दुनिया में फिर हिन्दुस्तान का।500 वर्षों की प्रतीक्षा के बाद अयोध्या में प्रभु श्री राम का भव्य एवं दिव्य राम मंदिर का निर्माण, धारा 370 की समाप्ति के साथ ही तीन तलाक को प्रतिबंधित करने का निर्णय लिया गया।विजन 2047 को साकार करने की दिशा में वन नेशन, वन इलेक्शन एक महत्वपूर्ण एवं प्रभावी पहल है। देश की जनता ने इस उल्लेखनीय चुनाव सुधार के लिए मन बना लिया है। देश का व्यापारी वर्ग, उद्यमी एवं ट्रेडर्स समाज पूरी तरह से इस कदम से कदम मिलाकर समर्थन दे रहा है, साथ चल रहा है।

## श्री राम कॉलेज ऑफ़ कॉमर्स का 99वाँ वार्षिक दिवस समारोह एवं 'शताब्दी लोगो' का अनावरण

# "हमें दिल्ली को 'शिक्षा का गढ़' बनाना है" : रेखा गुप्ता






नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**नई दिल्ली।** "हमें दिल्ली को 'शिक्षा का गढ़' बनाना है, जहाँ देश-विदेश के विद्यार्थी पढ़ने के लिए लालायित हों और हम उन्हें बेहतरीन शिक्षा, शिक्षक, सुविधाएँ और अवसर उपलब्ध करवा सकें। हमें दिल्ली को इतना आकर्षक बनाना है कि विदेश से आने वाला प्रत्येक व्यक्ति दिल्ली देखने अवश्य आए। इसके लिए प्रत्येक दिल्लीवासी को अपना योगदान देना होगा।" ये शब्द आज दिल्ली की माननीया मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता ने देश-विदेश में वाणिज्य एवं अर्थशास्त्र की शिक्षा के लिए विख्यात श्री राम कॉलेज ऑफ़ कॉमर्स के 99 वें वार्षिक दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए कहे।

23 अगस्त, 2025 को अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ श्री राम कॉलेज ऑफ़ कॉमर्स के 99वें वार्षिक दिवस समारोह का गरिमापूर्ण शुभारंभ हुआ। इसमें कॉलेज की गौरवपूर्ण विरासत एवं उपलब्धियों का उल्लेख और इस संस्थान के शताब्दी वर्ष के 'लोगो' का डिजिटल अनावरण भी किया गया। कॉलेज के 'शताब्दी लोगो' का अनावरण कॉलेज की समृद्ध विरासत, शैक्षणिक उत्कृष्टता और दूरदर्शिता की एक शताब्दी का प्रतीक है।इस समारोह की मुख्य अतिथि दिल्ली की माननीया मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता ने कॉलेज द्वारा वाणिज्य की शिक्षा में किए गए अभूतपूर्व योगदान की मुक्त कंठ से सराहना की। उन्होंने इस कॉलेज को 'दिल्ली का मुकुट' कहा और इसके उत्कृष्ट विद्यार्थियों को इस मुकुट में जड़े नगीने कहा, जो अपनी चमक से विश्व में भारत का नाम जगमगा रहे हैं। उन्होंने डूसू अध्यक्ष के रूप में अपने कॉलेज के दिनों को याद किया और माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के स्वप्न को साकार करने के लिए सभी दिल्लीवासियों का आह्वान किया। कॉलेज की पूर्व विद्यार्थी एवं भारतीय रेल वित्त निगम की पूर्व निदेशक (वित्त) श्रीमती शैली वर्मा कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि थीं। उन्होंने कॉलेज में बिताए अपने दिनों को याद करते हुए, उन्हें अविस्मरणीय बताया। इस समारोह में श्रीमती शैली वर्मा सहित कॉलेज के प्रतिष्ठित पूर्व विद्यार्थियों को उद्योग और समाज में उनके महत्त्वपूर्ण योगदान के लिए सम्मानित किया गया। श्री राम कॉलेज के शासी निकाय (गवर्निंग बॉडी) के अध्यक्ष श्री अजय एस. श्रीराम एवं कॉलेज की प्राचार्या प्रो. सिमरित कौर ने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, बहु-विषयी शिक्षा और अंतरराष्ट्रीय सहयोग के प्रति कॉलेज की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। साथ ही, वाणिज्य और अर्थशास्त्र की शिक्षा में एक अग्रणी संस्थान के रूप में श्री राम कॉलेज ऑफ़ कॉमर्स की स्थिति की पुष्टि की।इस वार्षिक दिवस समारोह ने श्री राम कॉलेज की स्थायी विरासत, उत्कृष्टता के प्रति उसकी निष्ठा और नेताओं, नवाचारियों और परिवर्तनकारियों की पीढ़ियों को गढ़ने के निश्चय को दोहराया।समारोह के दौरान कॉलेज के विभिन्न प्रकाशनों का लोकार्पण किया गया और मेधावी विद्यार्थियों एवं खिलाड़ियों को पदक एवं पुरस्कार प्रदान किए गए। समारोह का अंत राष्ट्रगान से हुआ।

# एक वर्ष में 72 लाख मामलों का निस्तारण बड़ी उपलब्धि : मुख्यमंत्री

**लखनऊ,** (भाषा) उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को न्यायिक अधिकारियों के एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि एक वर्ष में 72 लाख मामलों का निस्तारण बड़ी उपलब्धि है।

योगी आदित्यनाथ ने यहां उत्तर प्रदेश न्यायिक सेवा संघ के 42वें अधिवेशन में कहा कि सुशासन का लक्ष्य तभी प्राप्त हो सकता है, जब न्यायिक व्यवस्था समयबद्ध, सस्ती और सुलभ हो। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वर्ष 2024 में जिला एवं सत्र न्यायालय में 72 लाख मामलों का निस्तारण हुआ, जो एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने हालांकि यह भी स्वीकार किया कि अब भी 1.15 करोड़ से अधिक मामले लंबित हैं, जो एक बड़ी चुनौती है। बयान के मुताबिक, योगी ने कहा, ''हमारी गति जितनी तेज होगी, आम जनमानस में विश्वास उतना ही मजबूत होगा। इसके लिए सरकार हर स्तर पर सहयोग करने को तैयार है।''

मुख्यमंत्री ने नए आपराधिक कानूनों, भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम का भी उल्लेख किया। ये कानून एक जुलाई 2024 से प्रभावी हुए। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक आशंकाओं के बावजूद, न्यायिक अधिकारियों ने इन्हें तत्परता से लागू किया, जिससे ये कानून दंड पर आधारित न होकर न्याय की सुदृढ़ व्यवस्था पर केंद्रित साबित हुए।

योगी ने विश्वास जताते हुए कहा कि ये कानून भारत की न्यायपालिका व लोकतंत्र को और मजबूत करने में मील का पत्थर साबित होंगे।

योगी ने महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराधों के प्रति सरकार की किसी प्रकार की कोई नरमी नहीं बरतने वाली नीति का जिक्र करते हुए कहा कि यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) और 'फास्ट-ट्रैक' जैसी 381 अदालत स्थापित की गयी हैं।

# पटना में वैन और ट्रक की भिड़ंत में आठ लोगों की मौत, चार घायल

**पटना,** (भाषा) पटना के बाहरी इलाके में शनिवार को एक मिनी वैन और ट्रक की आमने-सामने की टक्कर में आठ लोगों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना तड़के पटना-नालंदा बॉर्डर के पास शाहजहांपुर में हुई। उसने बताया कि मृतकों में सात महिलाएं शामिल हैं।

# झारखंड में भारी बारिश से पांच लोगों की मौत, एक लापता

**रांची/सरायकेला,** (भाषा) झारखंड के कई हिस्सों में भारी बारिश के कारण पांच लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए वहीं एक व्यक्ति लापता है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार रात सरायकेला-खरसावां जिले में एक मकान ढहने से एक महिला और उसके सात वर्षीय बेटे की मौत हो गई।




स्वामी वी.पी.एल. मीडिया प्रा. लि. के लिए प्रकाशक व मुद्रक वेंकटेश गुप्ता द्वारा आर.डी प्रिंटर्स एवं पब्लिशर्स प्रा. लि. ए-41, सेक्टर 8, नोयडा, गौतमबुद्ध नगर से मुद्रित व फ्लैट सं. 7, एस 561, ग्रेटर कैलाश पार्ट 2, नई दिल्ली 110048 से प्रकाशित। DELHIN/2015/65411, संपादक : विपिन कुमार गुप्ता।
संपादकीय कार्यालय- फ्लैट सं. 7, एस 561, ग्रेटर कैलाश पार्ट 2, नई दिल्ली 110048, ईमेल -news.vpl@gmail.com फोन नं.- 011 49066569। प्रसार व विज्ञापन विभाग -ईमेल vplmedia@yahoo.com, समस्त विवाद के लिए न्याय क्षेत्र नई दिल्ली ही मान्य होगा।